खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 07°C

नई दिल्ली, मंगलवार 3 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 303 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बजट 2026-27 से यूपी को सर्वाधिक लाभः योगी पेज 2



भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार पर आईसीसी ने पाकिस्तान को चेताया खेल टाइम्स



सस्ती तकनीक व नागरिक तक पहुंच, एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी सम्पादकीय



भारत-ईयू डील से पाकिस्तान में एक करोड़ नौकरियां खतरे में पेज 12

# सिंधु जल समझौते की सुनवाई में शामिल नहीं होगा भारत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत गठित कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन (सीओए) की कार्यवाही को खारिज कर दिया है। भारत ने कहा है कि वह इस अदालत की वैधता को नहीं मानता और इसकी किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं होगा। जब सिंधु जल संधि को ही भारत ने स्थगित कर रखा है, तो उस संधि के तहत बनी किसी संस्था को जवाब देने की बाध्यता नहीं है।

कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ने फरवरी 2-3 को नीदरलैंड्स के पीस पैलेस में सुनवाई तय की है। साथ ही भारत के बगलिहार और किशनगंगा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स से जुड़े 'पोंडेज लागबुक' दस्तावेज पेश करने का आदेश दिया है। भारत ने इन आदेशों का जवाब देने से इन्कार कर दिया है। कोर्ट ने 24 जनवरी 2026 के आदेश में कहा था कि अगर भारत मौजूद नहीं रहता, तो पाकिस्तान अकेले ही सुनवाई में दलीलें देगा। इसके बाद 29 जनवरी को कोर्ट ने भारत से बगलिहार और किशनगंगा प्रोजेक्ट्स के ऑपरेशनल रिकॉर्ड मांगे। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि दस्तावेज नहीं मिलने पर वह 'एडवर्स इनफेरेंस' यानी प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकता है। साथ ही यह भी कहा गया कि भारत द्वारा संधि को स्थगित करने का फैसला कोर्ट की अधिकार-सीमा को प्रभावित नहीं करता। भारत का कहना है कि मौजूदा विवाद तकनीकी है और इसे न्यूट्रल एक्सपर्ट के जरिये सुलझाया जाना चाहिए। सिंधु नदी के पानी को लेकर जब भी कोई तकनीकी विवाद होता है, तो उसे सुलझाने के लिए न्यूट्रल (निष्पक्ष) एक्सपर्ट की व्यवस्था की गई है। यह प्रावधान सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) में पहले से तय है। न्यूट्रल एक्सपर्ट कोई अदालत नहीं होता। वह एक स्वतंत्र और तटस्थ तकनीकी विशेषज्ञ होता है, जो पानी से जुड़े तकनीकी सवालों पर राय देता है। भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल समझौता हुआ था। 22 अप्रैल को जम्मू-कशमीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने इस संधि को स्थगित कर दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 फीसदी जमीन पाकिस्तान, 39 फीसदी जमीन भारत, 8 फीसदी जमीन चीन और 6 फीसदी जमीन अफगानिस्तान में है।



**कहा: इस अदालत की वैधता को नहीं मानते और इसकी किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं होंगे**

**दस्तावेज नहीं मिलने पर वह एडवर्स इनफेरेंस यानी प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकता है: कोर्ट**

## संक्षिप्त समाचार

### निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री

**प्रयागराज।** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री अपने निलंबन के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि विधिक सलाह लेने के बाद वह अपने निलंबन आदेश को न्यायालय में चुनौती देंगे। मीडिया से बातचीत में श्री अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति नरम रुख दिखाते हुए कहा कि उनकी मुख्य आपत्ति केंद्र सरकार की कार्यशैली को लेकर है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक कंपनी की तरह संचालित हो रही है, जहां निर्णय सीमित लोगों के हाथ में केंद्रित हैं।।

### तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को मिला ग्रैमी अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु, दलाई लामा को यहां रविवार देर रात संपन्न हुए 68वें ग्रैमी अवाड्र्स में 'बेस्ट ऑडियोबुक, नरेशन एंड स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग' श्रेणी में विजेता चुना गया। इस श्रेणी के लिए चार अन्य लेखक भी दौड़ में थे, लेकिन दलाई लामा को पुरस्कार के लिए चुना गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके ऑडियोबुक प्रोजेक्ट 'मेडिटेशंस : द रिफलेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए मिला है। उनके अलावा इस श्रेणी में मशहूर कॉमेडियन और लेखक ट्रेवर नोआ (इंटू द अनकट ग्रास), केतनजी ब्राउन जैक्सन (लवली वन) और कैथी गार्वर (एल्विस रॉकी एंड मी) जैसे नाम शामिल थे।

### जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके महसूस हुए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के अनुसार भूकंप का केन्द्र बड़गाम जिले में था, जिससे घाटी के कुछ हिस्सों में थोड़ी देर के लिए दहशत फैल गई। भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार सोमवार सुबह 5:35 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 मापी गई। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का केन्द्र 33.9 उत्तरी अक्षांश और 74.76 पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई पर था। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके श्रीनगर, बारामूला, पुलवामा, शोपियां और आसपास के इलाकों में भी महसूस किए गए, जिससे लोग घरों से बाहर निकल आए।

### CBI ने 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 'अमेरिका (एफबीआई), ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर चलाए गए एक बहुद्देशीय अभियान ऑपरेशन साइस्ट्राइक' की शुरुआत की यह अभियान भारत और दूसरे देशों से काम करने वाले उन लोगों और समूह को लक्ष्य करता है, जो सीमा पार (अंतर्राष्ट्रीय), साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क में शामिल हैं।

### इंडिगो विमान के टॉयलेट में पेपर पर लिखा मिला 'ब्लास्ट'

**वाराणसी।** हैदराबाद से वाराणसी आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई-6719 में रविवार शाम को बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस की टीमें तत्काल सक्रिय हो गईं। विमान के लैंड करने के बाद तुरंत गहन जांच शुरू कर दी गई। जांच के बाद हालांकि कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। इंडिगो की यह फ्लाइट वाराणसी पहुंच रही थी, तभी क्रू सदस्य को टॉयलेट में एक कागज का टुकड़ा मिला, जिस पर कुछ लिखा हुआ था। एयरपोर्ट प्रशासन तुरंत सतर्क हो गया।

# जाति जनगणना 2027 पर पीआईएल खारिज

## सुप्रीम कोर्ट का जनहित याचिका पर सुनवाई से इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2027 में होने वाली जनगणना के दौरान नागरिकों की जाति दर्ज करने, वर्गीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया है।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय से याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि जाति आंकड़ों की पहचान के लिए कोई पूर्व- निर्धारित डेटा मौजूद नहीं है। पीठ ने कहा कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1958 और उसके तहत बने 1990 के नियमों के अनुसार संचालित होती है, जो संबंधित अधिकारियों को यह तय करने का अधिकार देते हैं कि जनगणना किस तरीके और किन बिंदुओं पर की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे इस बात पर कोई -शेष पृष्ठ दो पर

**शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से कहा: सुझावों पर करें विचार**



### वांगचुक लद्दाख को नेपाल-बांग्लादेश बनाना चाहते थे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति को और जहर उगलने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बैंच लद्दाख हिंसा मामले में एक्टिविस्ट वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वांगचुक के भाषण में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा सीधा खतरा दिखता है। जिला मजिस्ट्रेट ने हालात को देखते हुए गिरफ्तारी का सही फैसला लिया। मेहता ने कहा कि नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे उदाहरण देना, युवाओं को भड़काने और देश की एकता के खिलाफ माहौल बनाने के बराबर है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पर्याप्त आधार है।

**सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा: वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा, जहर उगलने नहीं दे सकते**

# जामिया के पूर्व कुलपति इकबाल हुसैन का निलंबन रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के पूर्व कुलपति प्रोफेसर इक़बाल हुसैन के निलंबन को निरस्त करते हुए कहा है कि उनके खिलाफ चलाई गई अनुशासनात्मक कार्रवाई न तो उनके पक्ष में थी और न ही संस्थान के पक्ष में। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की खंडपीठ ने प्रोफेसर हुसैन की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया, जिसमें उनके निलंबन को चुनौती दी गई थी।

जेएमआई विश्वविद्यालय ने सुनवाई के दौरान न्यायालय को बताया कि उसने छह सितम्बर 2024 के निलंबन आदेश को पहले ही वापस ले लिया है और इसके लिए 20 जनवरी 2026 को एक नया आदेश जारी किया गया था। न्यायालय ने इसी बात को रिकॉर्ड पर लेते हुए प्रोफेसर हुसैन को उनकी अकादमिक और शैक्षिक जिम्मेदारियां फिर से शुरू करने की इजाजत दे दी। साथ ही न्यायालय ने यह निर्देश दिया कि जब तक अनुशासनात्मक कार्यवाही पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे एस्टेट ऑफिसर के तौर पर काम नहीं करेंगे। न्यायालय ने कहा कि विभागीय जांच डेढ़ साल से ज्यादा समय से लंबित थी और माना कि इतनी लंबी जांच से बेवजह परेशानी होती है। इसलिए, पीठ ने विश्वविद्यालय को छह हफ्ते के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया। यह मामला जेएमआई की कार्यकारी परिषद के एक फैसले से जुड़ा है, जिसमें विधि संकाय के पूर्व डीन और सेवा न्यायशास्त्र के जाने-माने विशेषज्ञ प्रोफेसर हुसैन से विश्वविद्यालय के जमीन खरीदने के पहले अधिकार के बारे में राय देने को कहा गया था। प्रोफेसर हुसैन ने जमीन खरीदने के खिलाफ सलाह देते हुए सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय को अपनी मौजूदा जमीन का सही इस्तेमाल करना चाहिए और मेडिकल कॉलेज एवं दूसरे अकादमिक विकास जैसी जरूरी परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन बचाने चाहिए। उनके विचार का कार्यकारी परिषद के ज्यादातर सदस्यों ने समर्थन किया, जिसके बाद यह तय हुआ कि विश्वविद्यालय जमीन नहीं खरीदेगा। प्रोफेसर हुसैन ने परिषद के निर्देश पर काम करते हुए औपचारिक रूप से जमीन मालिक को फैसले की जानकारी दी और कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। प्रोफेसर हुसैन की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अद्वैत घोष ने अधिवक्ता अंकुर चिब्बर के साथ मिलकर कहा कि कार्यकारी -शेष पृष्ठ दो पर



**अनुशासनात्मक कार्रवाई न तो उनके पक्ष में थी और न ही संस्थान के पक्ष में: दिल्ली हाईकोर्ट**

# सोना 891 महंगा व चांदी 10,856 रुपये सस्ती

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत में सोमवार को करीब 900 रुपये चढ़कर 1,48,644 रुपये दस ग्राम पर पहुंच गई, जबकि चांदी में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शाम पांच बजे सोना 891 रुपये (0.60 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 1,48,644 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। पीली धातु के विपरीत चांदी 10,856 रुपये यानी 4.09 प्रतिशत टूटकर 2,54,796 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर रही। पिछले महीने सोना 1,75,000 रुपये प्रति दस ग्राम को पार कर गया था। चांदी भी चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई थी। लेकिन उसके बाद दोनों कीमती धातुओं के दाम घटे हैं, विशेषकर चांदी में बड़ी गिरावट देखी गई है। विदेशों में दोनों कीमती धातुओं के दाम बढ़ गए।

# ममता काली शॉल ओढ़कर सीईसी से मिलीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ काली शॉल ओढ़कर दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) से मुलाकात की। उनके साथ एसआईआर प्रभावित 13 परिवार और टीएमसी के नेता भी थे।

मुलाकात के बाद ममता ने कहा कि मैं बहुत दुखी हूं। मैं दिल्ली की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हूं। मैं चार बार केंद्रीय मंत्री और सात बार सांसद रह चुकी हूं। मैंने आज तक ऐसा अहंकारी और झूठा चुनाव आयुक्त नहीं देखा। ममता बोलीं, मैंने चुनाव आयुक्त से कहा कि उनकी कुर्सी का सम्मान करती हूं, क्योंकि कोई भी कुर्सी हमेशा के लिए नहीं रहती। एक दिन उनको जाना ही होगा। बंगाल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? चुनाव लोकतंत्र का त्योहार होते हैं, लेकिन उन्होंने 58 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए और अपना बचाव करने का मौका तक नहीं दिया।



**बोलीं: चुनाव आयोग भाजपा का आईटी सेल है, ऐसा झूठा चुनाव आयुक्त कभी नहीं देखा**

# राहुल बोले: चीनी टैंक लद्दाख पहुंचे, शाह -राजनाथ ने टोका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को राहुल गांधी के भाषण के दौरान जोरदार हंगामा हुआ। राहुल ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब का हवाला देते हुए कहा कि 4 चीनी टैंक लद्दाख सीमा में पहुंच गए थे।

राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृह मंत्री शाह ने उन्हें टोका। इसके बाद स्पीकर ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें रोका। राहुल करीब 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर 3 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही राहुल ने बोलना शुरू किया, लेकिन हंगामे के चलते महज 9 मिनट बाद ही कार्यवाही शाम 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दी -शेष पृष्ठ दो पर



**स्पीकर ने माइक बंद कराया, जनरल नरवणे की किताब के 9 प्वाइंट पर लोकसभा में हुआ हंगामा**

### सरकार डरती है, मुझे जनरल नरवणे के शब्द बोलने से रोकती है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की लिखी कुछ बातें लोकसभा में बोलना चाहते थे, लेकिन इससे सरकार डर रही है और उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। श्री गांधी ने यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। मुझे सिर्फ 2-3 लाइनें बोलनी हैं। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। ये पूर्व सेना प्रमुख के शब्द हैं। ये उनके रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई बातचीत के अंश हैं।

# यूपी के 30 जिलों में कोहरा राजस्थान व मप्र में ओले गिरे

नई दिल्ली, वार्ता

**उत्तर भारत** का मौसम फिर बदल गया है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में रविवार शाम से देर रात तक बर्फबारी और बारिश हुई है।

मौसम विभाग के मुताबिक लगातार दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 3 फरवरी तक हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी होगी। मैदानी राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना है। सोमवार सुबह 7 बजे तक आगरा, सरसवा, बरेली, हिंडन और बठिंडा में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी जीरो रही। आईएमडी ने यूपी, दिल्ली और आंध्र प्रदेश के समुद्र किनारे बसे जिलों में अगले 3 घंटे घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 5 से 7 फरवरी के दौरान तीसरा वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालयी राज्यों में फिर से मौसम बदलेगा। पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस भूमध्यसागर से आने वाली हवाओं का सिस्टम है, जो सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी कराता है। सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में पारा माइनस 8.0, लद्दाख के द्रास में माइनस 15.1 और हिमाचल के काल्पा में माइनस 3.8 डिग्री रहा।

**हिमाचल के मनाली में बर्फबारी**

**अगले 5 दिन में 3 वेस्टर्न डिस्टरबेंस मौसम बदलेंगे**

### दिल्ली पर कोहरे व प्रदूषण की चादर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई हिस्सों में सोमवार सुबह हल्की धुंध देखी गई और वायु प्रदूषण सामान्य से खराब स्थिति में दर्ज किया गया। सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, सुबह करीब सात बजे के आंकड़ों में द्वारका के सेक्टर तीन, छह और 10 'खराब' श्रेणी में थे, जिनका एक्यूआई 243 था। जबकि महिपालपुर (एक्यूआई 134) और मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग (एक्यूआई 118) जैसे अन्य स्थान 'सामान्य' श्रेणी में रहे। गाजियाबाद में भी 259 एक्यूआई के साथ हवा 'खराब' श्रेणी में रही।

## संक्षिप्त समाचार

### 4 तक सम्पन्न करा लें 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं: सचिव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षाओं को लेकर मंगलवार को संशोधित आदेश जारी किया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी कर 4 फरवरी तक इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक प्रथम चरण की प्रायोगिक परीक्षाएं पहले 24 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक निर्धारित थीं, लेकिन 1 फरवरी को कुछ विद्यालयों में परीक्षाएं शेष रहने के कारण अब इसकी अंतिम तिथि बढ़ाकर 4 फरवरी 2026 कर दी गई है।

### उप्र में 384 मुख्य पुलिसकर्मी बने उप निरीक्षक, आदेश जारी

**लखनऊ।** शासन स्तर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के 384 मुख्य आरक्षियों (नागरिक पुलिस) को उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। यह पदोन्नति उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक एवं निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली-2015 (संशोधित) के अंतर्गत वरिष्ठता के आधार पर की गई है। सोमवार को उत्तरप्रदेश पुलिस मुख्यालय के पुलिस उपमहानि. रीक्षक स्थापना अखिलेश कुमार चौरसिया के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ की प्राधिकृत विभागीय चयन समिति द्वारा चयनित कार्मिकों को पुलिस महानिद. शक, उत्तर प्रदेश के अनुमोदन के बाद उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत किया गया है।

आदेश में यह भी स्पष्ट

# भाजपाई अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वोटर लिस्ट से नाम कटवाने वाले फार्म-7 के कथित दुरुपयोग को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर भाजपाई घपलेबाज खुद फ़ार्म-7 छापकर और नक़ली हस्ताक्षर कराकर पीडीए समाज के मतदाताओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे हैं।

सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने इसे लो. कतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह बात लगभग सभी को पता है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है।



■ लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह बात सभी को पता है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही

उनका आरोप है कि बार-बार अपील के बावजूद एसआईआर प्रक्रिया में फ़ार्म-7 से जुड़ी कथित धांधली रुक नहीं रही है। उन्होंने कहा कि फ़ार्म-7 का ग़ैरक़ानूनी इस्तेमाल एक बड़ा अपराध है और चुनाव आयोग को चाहिए कि वह सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर इसके दुरुपयोग पर होने वाली सज़ाओं की जानकारी दे, ताकि दोषियों और उनके सहयोगियों को स्पष्ट चेतावनी मिल सके। सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि पार्टी के पीडीए-प्रहरी और जागरूक मतदाता अपने स्तर पर इस कथित फ़ज़ीवाड़े का पर्दाफोड़ कर रहे हैं, लेकिन आयोग को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए। अखिलेश यादव ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि चाहे वह गांव-मोहल्ले का स्थानीय मंच हो या ज़िला-मंडल-राज्य स्तर का मीडिया, जो भी इस मुद्दे को उठाकर लोकतंत्र के 'चौथे स्तंभ' की भूमिका निभा रहा है, समाजवादी पार्टी उसके साथ खड़ी है। उन्होंने इस 'महा-घोटाले' का भंडाफोड़ करने और तथ्यों को सामने लाने का आग्रह किया है।

## पाकिस्तान के टी-20 वर्ल्ड कप बहिष्कार को लेकर अखिलेश ने उठाए विदेश नीति पर सवाल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पाकिस्तान द्वारा आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार की घोषणा के बाद केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं।

संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए यादव ने कहा कि भारत सरकार को अपनी विदेश नीति की दिशा पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार के घटनाक्रम देश की वैश्विक छवि और कूटनीतिक प्रभाव को प्रभावित करते हैं, इसलिए सरकार को गंभीरता से इस विषय पर ध्यान देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान सरकार ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ निर्धारित मुकाबले का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। यदि पाकिस्तान अपने रुख पर कायम रहता है और मैच नहीं खेलता है, तो उसके खिलाफ आईसीसी द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# 69000 शिक्षक भर्ती पर फिर भड़का आरक्षित वर्ग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 69000 शिक्षक भर्ती को लेकर आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों का सब्र एक बार फिर टूटता नजर आया। सोमवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर जुट गए और न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।

उच्चतम न्यायालय में सुनवाई न हो पाने से नाराज अभ्यर्थियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उपमुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थी 'केशव चाचा न्याय करो' जैसे नारे लगा रहे थे।

■ बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर जुटे

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2018 में शुरू हुई थी, लेकिन परिणाम घोषित होने के बाद आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थियों को नियुक्ति से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 13 अगस्त 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के पक्ष में फैसला सुनाते हुए नियमों के अनुसार नियुक्ति के आदेश दिए थे।

# डोकलाम के सच से डरी सरकार राहुल को संसद में नहीं बोलने देती

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार डोकलाम में जुड़े सत्य के खुलासे से बहुत डरी हुई है और अब वह लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नियम और प्रक्रियाओं का हवाला देकर रोक रही है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह सरकार अपनी अक्षमता के सत्य के सामने आने से इतनी डरी हुई है कि इसने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लोकसभा में बोलने से रोकने के लिए अपने सबसे वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का समूह बनाकर तैनात कर दिया है। वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे की पुस्तक का प्रकाशन रोकने के लिए जमीन-आसमान एक कर दिया है और अब जो अंश सामने आ रहे हैं वे उनकी तथाकथित राष्ट्रवादी प्रतिबद्धताओं को उजागर करते हैं।



■ नियम व प्रक्रियाओं का हवाला देकर रोका

अब वे विपक्ष के नेता को घेर रहे हैं और चुप करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद में नियम और प्रक्रियाओं का हवाला देकर उनकी गलत व्याख्या की जा रही है। सदन तथा देश की जनता को चीन के खिलाफ संघर्ष में सरकार की हिमालई भूलों के बारे में जानने से वंचित किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने आगे लिखा कि यह 21वीं सदी के फासीवाद का मामला है, जहां पहले जनता में असहमति को दबाया जाता है और फिर विरोधियों को चुप कराने के लिए नियमों का दुरुपयोग किया जाता है।

## उत्तर प्रदेश के लिए व्यापक और दूरगामी प्रावधान किए गए

# बजट 2026-27 से यूपी को सर्वाधिक लाभ: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट में उत्तर प्रदेश के लिए व्यापक और दूरगामी प्रावधान किए हैं। उन्होंने बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने विकास की जो यात्रा तय की है, उसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश देश की प्रगति में निर्णायक योगदान दे रहा है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जो सुदृढ़ नीतियों और सुशासन का



■ भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है: मुख्यमंत्री

प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा 'नेशन फर्स्ट' की भावना को प्राथमिकता दी है। अधिकारों के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों की बात करना भी उतना ही आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौलिक अधिकारों की चर्चा तो होती है, लेकिन कर्तव्यों की उपेक्षा कर दी जाती है, जबकि हर भारतीय को अपने कर्तव्यों का बोध कराना जरूरी है। वर्तमान बजट इसी सोच को मजबूती देता है। योगी ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। किसान, युवा, महिलाएं और गरीब वर्ग इस बजट के केंद्र में हैं। एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे उत्तर प्रदेश के छोटे और मध्यम उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और उत्तर प्रदेश इससे सर्वाधिक लाभ उठाने वाला राज्य होगा। बजट में प्रस्तावित सात रेलवे कॉरिडोर में से दो कॉरिडोर उत्तर प्रदेश को मिले हैं। आने वाले समय में इससे राज्य को बेहतर कनेक्टिविटी, तेज रेल सेवाओं और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि का लाभ मिलेगा। साथ ही, अंतर्देशीय जलमार्गों (वॉटरवेज) के उपयोग से भी प्रदेश को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि ललितपुर में 1200 एकड़ भूमि पर बायोफार्मा सेक्टर को विकसित किया जा रहा है। ग्लोबल बायोफार्मा के लिए केंद्र सरकार ने बड़े बजट का प्रावधान किया है। इसके अलावा भारत को डाटा सेंटर हब बनाने के लिए 22 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसका सीधा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में सबसे अधिक ग्राम पंचायतें उत्तर प्रदेश में हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में मदद मिलेगी।

### जिलाधिकारी और पुलिस राजस्व अधिकारी मामलों को गंभीरता से लें: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारियों, राजस्व अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी मामलों को गंभीरता से लें, लोगों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनें और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष अवैध अतिक्रमण से जुड़े कई मामले भी रखे गए। मुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों की बात धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित प्रार्थना पत्र स्वीकार किए और आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



रु. 150430
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 291770
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लौटी तेजी, प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े

मुंबई, वार्ता

बजट के दिन रही भारी गिरावट के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 943.52 अंक (1.17 प्रतिशत) चढ़कर 81,666.46 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक 262.95 अंक यानी 1. 06 फीसदी की तेजी के साथ 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। बजट के दिन रविवार को विशेष सत्र में दोनों सूचकांक करीब दो प्रतिशत लुढ़क गए थे। शेयर बाजारों की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई, लेकिन बाद में अच्छी लिवाली देखी गई। रुपये में तेजी से बाजार में निवेश धारणा को



समर्थन मिला। रुपया फिलहाल 41.50 पैसे की वृद्धि के साथ 91. 52 रुपये प्रति डॉलर पर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। वाहनों की बिक्री के मजबूत आंकड़े आने से सेक्टर में तेजी रही। तेल एवं गैस, धातु, एफएमसीजी, रियलटी, रसायन, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के समूहों में भी लिवाली हावी रही। आईटी और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक टूट गए। सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड का शेयर साढ़े सात प्रतिशत से अधिक मजबूत हुआ। अडानी पोर्ट्स में पौने चार प्रतिशत और बीईएल तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में सवा तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, इंडिगो और अल्ट्राटेक सीमेंट में दो से तीन प्रतिशत तक की बढ़त देखी गई। एशियन पेंट्स, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एनटीपीसी, इटरनल, मारुति सुजुकी, आईसीआईसीआई बैंक, सनफार्मा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत तक मजबूत हुए। भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

# जनवरी में फिर बढ़ी विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार

**मुंबई।** उत्पादन और नए ऑर्डरों में मजबूत वृद्धि के दम पर देश के विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार माह-दर-माह आधार पर जनवरी में एक बार फिर बढ़ गई। एचएसबीसी द्वारा जारी भारतीय विनिर्माण क्षेत्र का खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई), जो दिसम्बर 2025 में 22 महीने के निचले स्तर 55.0 पर रहा था, जनवरी में 55.4 दर्ज किया गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना क्षेत्र की गति. विधियों में बढ़ोतरी को दिखाता है, जबकि इसका 50 से नीचे रहने गिरावट बताता है। वहीं 50 का स्तर स्थिरता दर्शाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश की विनिर्माण कंपनियों ने जनवरी में गतिविधियों में दोबार सुधार देखा। इसके पीछे मुख्य कारक थे - नए ऑर्डरों, उत्पादन और रोजगार में वृद्धि। लागत हल्की बढ़ी है जबकि विक्रय मूल्य में कमी आई है। इससे उत्पादकों का लाभ अनुपात थोड़ा प्रभावित हुआ है। नए ऑर्डरों पहले के मुकाबले तेज वृद्धि के बाद भी कारोबारी भरोसा सुस्त बना हुआ है और भविष्य में उत्पादन को लेकर उम्मीद जुलाई 2022 के बाद के निचले स्तर पर है। एचएसबीसी द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में उपभोक्ता उत्पाद का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। वहीं, पूंजीगत वस्तुओं में सबसे धीमा सुधार देखा गया।

# चावल, चीनी, दालें महंगी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालें और चीनी भी महंगी हुई जबकि गेहूं नरमी देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 97 रुपये बढ़कर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 13 रुपये फिसलकर 2,861 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 228 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 182 रुपये और मसूर दाल 166 रुपये मजबूत हुई। मूंग दाल का भाव 133 रुपये और उड़द दाल का 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। विदेशों में अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.



78 प्रतिशत टूटकर 53.09 सेंट प्रति पौंड बोला गया। मलेशिया में बाजार बंद रहे। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 167 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। सोया तेल 112 रुपये और सूरजमुखी तेल 82 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल भी 63 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति की कीमत 155 रुपये और सरसों तेल की 114 रुपये प्रति क्विंटल क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 112 रुपये प्रति क्विंटल चढ़े हुए। चीनी की कीमत भी 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**जाति जनगणना....**

संदेह नहीं है कि संबंधित प्राधिकरण विषय विशेषज्ञों की मदद से ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की आशंका न रहे। अदालत ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दे प्रासंगिक हैं और पहले ही रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष रखे जा चुके हैं। इन टिप्पणियों के साथ सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया और केंद्र सरकार से कहा कि वह कानूनी नोटिस और याचिका में दिए गए सुझावों पर उचित विचार कर सकती है। 2027 की जनगणना देश की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी। यह 1931 के बाद पहली बार होगी जब व्यापक स्तर पर जाति आधारित गणना की जाएगी। साथ ही, यह भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना भी होगी, जिससे आंकड़ों के संग्रह और विश्लेषण में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। यह याचिका शिक्षाविद आकाश गोयल द्वारा दायर की गई थी, जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने पक्ष रखा। याचिका में मांग की गई थी कि जाति संबंधी जानकारी दर्ज करने, उसे वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रश्नावली को सार्वजनिक किया जाए, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। याचिकाकर्ता का आरोप था कि जनगणना संचालन निदेशालय ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि नागरिकों की जाति पहचान दर्ज करने के लिए कौन-से मानदंड अपनाए जाएंगे, जबकि इस बार जाति गणना का दायरा अनुसूचित जाति और जनजाति से आगे बढ़ाया जा रहा है।

**जामिया के...**

परिषद के फैसले के मुताबिक काम करने के बावजूद, विश्वविद्यालय प्रशासन ने कथित तौर पर द्वेष की वजह से प्रोफेसर को निलंबित कर दिया। अधिवक्ता ने दलील दी कि प्रोफेसर हुसैन पर कोई गलत काम करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। उच्च न्यायालय ने अपील का निपटारा करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही को समय पर पूरा करने की जरूरत पर जोर दिया और संबंधित विश्वविद्यालय अधिकारियों को तुरंत आदेश की जानकारी देने का निर्देश दिया।

**राहुल बोले:...** गई। शाम 4 बजे भी कार्यवाही शुरू होते ही फिर हंगामा हुआ और 11 मिनट बाद कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। राहुल गांधी को राजनाथ ने 11 बार, शाह ने 7 बार टोका। इसके अलावा किरेन रिजिजू ने 2 बार और अनुराग ठाकुर ने 6 बार रोका। राहुल गांधी ने सदन में कहा कि डोकलाम में चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए थे। मैं यह बात एक मैगजीन के आर्टिकल के हवाले से कह रहा हूं। जिसमें पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की किताब (मेमायर) को कोट किया गया है। राजनाथ सिंह खड़े हुए और बोले कि अगर ये बातें प्रकाशित हुई हैं तो इसका जिक्र करें नहीं तो छोड़ दें। राहुल बोले 'आप सब ध्यान से सुनें कि मैं क्या पढ़ रहा हूं इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। 4 चीनी टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे। वे कुछ 100 मीटर ही दूर थे। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि राहुल जी आप सदन में नेता विपक्ष हैं। सांसद प्रियंका ने एक बात कही थी, तो उन्होंने आर्थेटिक स्तर पर प्रस्तुत किया था। आपसे भी यही अपील है। राहुल ने कहा कि ये सौ प्रतिशत आर्थेटिक है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल बताएं कि क्या यह प्रकाशित हुआ है या नहीं केवल इतना बताएं। लोकसभा में एनडीए और विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। ओम बिरला ने कहा कि रक्षा मंत्री सही कह रहे हैं। आप सदन में इसका जवाब दें। आप सदन में है, विपक्ष के नेता हैं सही नियम से चलें।

# शंकराचार्य से मिले अलंकार अग्निहोत्री

## एससी-एसटी एक्ट को लेकर सात फरवरी को दिल्ली कूच करने की घोषणा

**वाराणसी।**

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में सिटी मजिस्ट्रेट पद से इस्तीफा देकर सुर्खियों में आए अलंकार अग्निहोत्री ने रविवार शाम को केदार घाट स्थित विद्या मठ में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की।

शंकराचार्य के मौन व्रत पर होने के कारण उनकी बातचीत इशारों में ही हो पाई। अलंकार अग्निहोत्री ने एससी-एसटी एक्ट को लेकर सात फरवरी को दिल्ली कूच करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जनाधार लगातार कम हो रहा है। निलंबन के प्रकरण पर वे संवैधानिक तरीके से कोर्ट के माध्यम से जवाब देंगे। आंदोलन एससी-एसटी एक्ट के खिलाफ होगा, जो दिल्ली में बड़ा रूप लेगा। फर्जी मुकदमों में लोगों को फंसाया जा रहा है। सात फरवरी को देश के विभिन्न संगठनों और संस्थाओं के लोग दिल्ली कूच करेंगे। 6 फरवरी तक एससी-एसटी एक्ट को काला कानून मानकर वापस नहीं लिया गया, तो देश की राजधानी दिल्ली के लिए हम सभी



7 फरवरी को कूच करेंगे। शंकराचार्य जी मौन होने के कारण उनसे इस मुद्दे पर अभी विस्तार से बात नहीं हो पाई। अग्निहोत्री ने कहा कि महाराज जी मौन व्रत पर थे, इसलिए बहुत अधिक बात नहीं हो पाई। सनातन धर्म में किसी भी अच्छे कार्य से पहले बड़ों का आशीर्वाद लेना आवश्यक बताया गया है। एससी-एसटी एक्ट की विभीषिका पूरे देश को झेलनी पड़ रही है। 85 प्रतिशत लोग इस एक्ट को नहीं चाहते। सामान्य वर्ग केंद्र सरकार से काफी नाराज है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कूच को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है। इस संदर्भ में महाराज जी से बातचीत नहीं हो पाई। मेरी कोई राजनीतिक आकांक्षा नहीं है, देश कल्याण की भावना मेरे अंदर है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की जो नियमावली आई थी, अगर वह लागू हो जाती तो सिविल वॉर जैसी स्थिति बन सकती थी। इन सबके मूल में एससी-एसटी एक्ट है।

### देश संविधान से चलता है, किसी शंकराचार्य के बयान से नहीं: ओमप्रकाश राजभर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर मंगलवार को वाराणसी स्थित सर्किट हाउस पहुंचे। शंकराचार्य के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, ष्देश संविधान से चलता है, किसी शंकराचार्य के बयान से नहीं। संविधान किसी के कहने से नहीं बदल सकता। किसी व्यक्ति के बयान से कुछ नहीं होता। गौ माता को 'राज्य माता' का दर्जा देने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह विषय जब मंत्रिमंडल के समक्ष आएगा, तब उस पर विचार किया जाएगा।

# केंद्रीय योजनाओं का लाभ सीधे दिल्ली को मिलेगा : मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में जो योजनाएं घोषित की गई हैं, उनका लाभ सीधे रूप से दिल्ली को मिलेगा। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आया यह बजट आर्थिक मजबूती के साथ सामाजिक संतुलन का भी बेहतरीन उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और दिल्ली सरकार के बीच लगातार संवाद एवं फंड और परियोजनाओं को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है। यही कारण है कि इस बजट में दिल्ली के हितों को खास तौर पर ध्यान में रखा गया है।

पिछले वर्ष जहां पूंजीगत खर्च 11.2 लाख करोड़ रुपये था, वहीं इस वर्ष इसे बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया गया है। इससे अधिक सड़कें बनेंगी, नई परियोजनाएं शुरू होंगी और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जिसका सीधा लाभ दिल्ली जैसे बड़े शहरों को भी मिलेगा।

पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना (एसएएस सीआई) का आकार 1.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। महिलाओं और युवाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में छात्राओं के लिए हॉस्टल निर्माण जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं ताकि वे बिना किसी बाधा के अपनी शिक्षा पूरी कर सकें।

युवाओं के लिए नए कौशल, आधुनिक तकनीक और रोजगार के नए रास्ते खोले गए हैं। स्वास्थ्य, खेल और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार बढ़ाने पर खास ध्यान दिया गया है। दिल्ली को सीधे मिलने वाली केंद्रीय सहायता के रूप में 1,348 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह राशि इंफ्रास्ट्रक्चर, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त मंत्री ने अपने बजटीय भाषण में ऑरेंज इकॉनमी का उल्लेख किया है, जो अत्यंत सराहनीय कदम है।

उन्होंने बताया कि एवीजीसी (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) जैसे उभरते क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 15,000 सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में 'कंटेंट क्रिएशन लैब्स' स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है।

दिल्ली सरकार इस पहल के तहत दिल्ली के सेकेंडरी स्कूलों और कॉलेजों को भी जोड़ेगी। सुरक्षा मजबूत करने के लिए मिला अतिरिक्त बजट मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली पुलिस का पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाती है, जो राजधानी के लिए बड़ी राहत है। वर्ष 2026-27 के बजट में इसके लिए 12,503 करोड़ रुपये रखे गए हैं। इसमें पुलिसकर्मियों का वेतन, थानों का संचालन, वाहन, तकनीक और सुरक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं शामिल हैं। इससे दिल्ली सरकार अपने संसाधनों का उपयोग स्कूलों, अस्पतालों, सड़कों, पानी और गरीबों की कल्याणकारी योजनाओं में कर पाती है। छोटे कारोबारियों को मिलेगा सीधा लाभ मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट एमएसएमई और सर्विस सेक्टर पर खास तौर पर केंद्रित है, जो दिल्ली की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। छोटे कारोबारियों के लिए 10,000 करोड़ रुपये का फंड रखा गया है, जिससे उन्हें आसानी से पूंजी मिलेगी, कर्ज की प्रक्रिया सरल होगी और कारोबार का विस्तार हो सकेगा। दिल्ली में लाखों छोटे कारोबारी और सर्विस प्रोफेशनल्स हैं, इसलिए इसका सीधा लाभ राजधानी को मिलेगा।

## प्रदर्शनी में कला-शिल्प व संगीत का संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) में एहसास- ए-कलम और पश्म नामक सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। आईआईसी के कमला देवी कॉम्प्लेक्स स्थित मेन आर्ट गैलरी में शुरू हुई यह प्रदर्शनी 8 फरवरी तक चलेगी। प्रदर्शनी में कैलिग्रॉफी, पश्मीना शॉल और हिंदुस्तानी शास्त्रीय ध्रुपद संगीत को एक मंच पर प्रस्तुत किया गया है।

उद्घाटन अवसर पर पद्मश्री उस्ताद वासिफुद्दीन डागर ने ध्रुपद गायन से समां बांधा। प्रदर्शनी में कलाक. ार कमर डागर की कैलिग्रॉफी कृतियां और एहसास की ओर से तैयार पश्मीना शॉल्स प्रदर्शित हैं।

## मनरेगा की बहाली के लिए जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** मनरेगा की बहाली को लेकर मनरेगा मजदूर मोर्चा के बैनर तले सोमवार को जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने पूरे साल रोजगार और नए वीबी-जीराम-जी योजना को वापस लेने की मांग की। साथ ही चार लेबर कोड को रद्द करने की आवाज उठाई। प्रदर्शन में अलग-अलग मजदूर संगठनों ने भाग लिया। प्रदर्शन में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों से मजदूर अपने बच्चों को भी साथ लाए थे।

# कोहरे ने फिर मचाया कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के कई इलाके आज एक बार फिर घने कोहरे की चादर में लिपटे नजर आए। एम्स, अक्षरधाम, इंडिया गेट, द्वारका, आईजीआई एयरपोर्ट, महिपालपुर, नोएडा और गाजियाबाद समेत अधिकतर हिस्सों में आज सुबह दिल्ली के कुछ हिस्सों में घने को. हरे की चादर छाई रही। इस दौरान कुछ जगहों पर हवा की गुणवत्ता भी खराब बनी रही। घने कोहरे के चलते विजिबिलिटी घटने से ट्रेनों से लेकर फ्लाइटों पर असर पड़ सकता है।

दिल्ली के मौसम पर रविवार को एक पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिला। दिल्ली में रविवार तड़के हुए हल्की बूंदाबांदी के बाद दिनभर धूप खिली रही। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार की सुबह दिल्ली में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहने के आसार हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 20 से 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 से 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने रहने का अनुमान है। सीपीसीबी के अनुसार, आईजीआई एयरपोर्ट और महिपालपुर के पास वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 134 रिकॉर्ड किया गया। वहीं मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग पर एक्यूआई 118, द्वारका में 243 दर्ज किया गया। हवा की गति बढ़ने से दिल्ली के प्रदूषण में मामूली सुधार हुआ है। इससे एक दिन पहले की तुलना में प्रदूषण के स्तर में कमी आई है। हालांकि, अब भी दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में बनी हुई है।

मौसम के अलग-अलग कारकों की वजह से दिल्ली के लोगों को इस बार पहले से ज्यादा प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। हवा की गति कमजोर पड़ने के कारण शनिवार को दिल्ली की हवा बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई थी। रविवार को प्रदूषण के स्तर में हल्का सुधार हुआ। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 265 अंक रहा।

इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले यह सूचकांक 315 अंक था। यानी बीते चौबीस घंटे में इसमें 50 अंकों का सुधार हुआ है। हालांकि, अब भी दिल्ली के छह इलाकों का सूचकांक 300 से ऊपर यानी बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक अगले दो दिनों के बीच प्रदूषण के स्तर में सुधार हो सकता है।

## इग्नू में ओडीएल व ऑनलाइन कार्यक्रमों में दाखिले की तारीख बढ़ी

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व. विद्यालय (इग्नू) ने जनवरी सत्र 2026 के लिए ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और ऑनलाइन कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब इच्छुक छात्र 15 फरवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। ओडीएल कार्यक्रमों के लिए प्रवेश पोर्टल पहदवनंकउपेपवद.ॅंतजी.मकन.पद जबकि ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए पहदवनपवच.ॅंतजी. मकन.पद पर आवेदन किया जा सकता है।

## नवा सिटी स्टेशन पर रुकेगी जोधपुर एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली जंक्शन से जोधपुर के बीच चलने वाली जोधपुर एक्सप्रेस को नवा सिटी स्टेशन पर दो मिनट का प्रयोगात्मक ठहराव दिया गया है। गाड़ी संख्या 22995 दिल्ली जंक्शन से जोधपुर जाते समय तड़के 4.06 बजे नवा सिटी स्टेशन पर रुकेगी और 4.08 बजे चलेगी। गाड़ी संख्या 22996 जोधपुर से दिल्ली आते समय नवा सिटी स्टेशन पर रात 11.30 बजे पहुंचेगी और वहां से 11.32 बजे चलेगी।

# इंसान की नियत साफ हो तो सफलता कदम चूमती है : चौ. मतीन

**गुरु रविदास जयंती पर फिक्की द्वारा दिया गया सामाजिक सद्भाव का संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संत शिरोमणि गुरु रविद. ास जी की जयंती के अवसर पर फेस इस्लामिक कल्चरल कम्युनिटी इंटीग्रेशन (फिक्की) द्वारा जफराबाद क्षेत्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु रविदास जी के विचारों के माध्यम से समाज में आपसी सद्भाव, समानता और एकता के संदेश को आगे बढ़ाना रहा।



कार्यक्रम में पूर्व विधायक चौधरी मतीन अहमद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास का संपूर्ण जीवन आपसी सौहार्द, एकता और सम्मान की सीख देता है। उन्होंने गुरु रविदास के प्रसिद्ध दोहे "मन चंगा तो कठौती में गंगा" का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि व्यक्ति की नीयत साफ हो, तो सफलता स्वयं उसके कदम चूमती है। यह विचार आज के समाज के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है। फिक्की के संस्थापक चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी मकसूद जमाल ने की। डॉ. मुश्ताक अंसारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि संत रविदास जी ने अपने जीवन में आडंबर और फिजूल की रस्मों से दूर रहकर समाज और देश की प्रगति तथा जरूरतमंदों की सेवा को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास के विचार आज भी सामाजिक समरसता को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन जाकिर खान, रा. जंदर प्रधान, कैलाश निमेष, नदीम रहीम, असीम हुसैन, अर्पणा घेरवाल, डॉ. इकबाल अहमद सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मंच का संचालन सैयद नासिर जावेद ने किया।

इस अवसर पर रघुवीर सिंह, सादिक शेरवानी, मयंक चौधरी, शकील अहमद, अमृत लाल प्रधान, कार्तिक जावेद अंसारी, फुरकान अहमद, सचिन गौतम, साजिद अली चौधरी, यशपाल शर्मा, सोनी खान, अफसर खान, फुरकान अंसारी, महबूब इदरीसी, जर्रार अहमद, विश्वनाथ शुक्ला और अल्ताफ इदरीसी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दिव्यांग बच्चों को जीवनोपयोगी सामग्री वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** सामाजिक संस्था आप का प्रयास ने अपने अकल्पनीय प्रयास से विभिन्न जिलों के स्कूलों से आए करीब 512 दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से संबंधित सहित जीवनोपयोगी सामग्री वितरित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई। महाराजा अग्रसेन पार्क, कश्मीरी गेट, दिल्ली स्थित प्रांगण में चांदनी चौक के निगम पार्षद सुमन गुप्ता ने इस अभूतपूर्व कार्य के लिए नाकेवल संस्था की सराहना की, बल्कि उनके लिए यथायोग्य सहयोग का भी आश्वासन दिया।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कमल किशोर गोयल ने कहा,कि नर सेवा नारायण सेवा भले ही एक अमूल्य आचरण हो सकता है। लेकिन करीब 512 बेसहारा एवं दिव्यांग बच्चों को एकत्रित कर जन उपयोगी वस्तुओं को उन्हें श्रद्धाभाव से समर्पित करना, समाज के लिए सेवाभाव का उदाहरण है। संस्था के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा,कि कार्यक्रम में सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित कर उनके स्कूलों को व्हील चेयर, ग्रुप हेयरिगं एड, कम्प्यूटर, लेपटॉप, प्रिंटर,दौना मेकिंग मशीन, स्वेटर, खाद्य व खेल सामग्री इत्यादि वितरित की गई।। इस अवसर पर प्रवीण कसेरा, संजय मित्तल, कैलाश चंद्र,अशोक गोयल, मुरारी लाल गोयल, देवेन्द्र सर्राफ, राजीव अग्रवाल,विजय शर्मा, रामकिशन अग्रवाल,प्रदीप शर्मा,राजकुमार गुप्ता,राकेश शर्मा,संजीव गुप्ता,कमलकांत बंसल,जितेन्द्र शर्मा,दीपक जैन, विक्रम यादव,मुकुल रस्तोगी, मयंक अग्रवाल,अतुल गुप्ता, रजनीश गुप्ता,सुरेश गुप्ता, विनोद गुप्ता,चन्द्रशेखर गर्ग, चरनजीत सिंह,संदीप जैन,हर्ष गुप्ता भूमि गुप्ता,पूजा शर्मा, अर्चना शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सुरक्षित बैंकिंग की ओर बढ़ रहा ग्राहकों का भरोसा: वी. वैद्यनाथन

**नई दिल्ली।** हर ग्राहक चाहता है कि बैंक में उसका पैसा सुरक्षित रहे, जरुरत के समय उसे आसानी से किफायती लोन मिलें और रोजमर्रा के बैंकिंग काम आराम से हो सकें। साथ ही, वह अपने निवेश से अच्छा रिटर्न भी पा सके। ऐसे में, एक भरोसेमंद बैंक का साथ ग्राहकों के लिए बड़ा फायदा बन जाता है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में यह दिखाया कि ग्राहक सिर्फ सेवाओं के लिए ही नहीं, बल्कि फायदे के लिए भी इसे चुन सकते हैं। एमडी और सीईओ वी वैद्यनाथन ने कहा, ष्हम अपने सभी प्रमुख व्यवसाय क्षेत्रों, ऋण, जमा, वेल्थ मैनेजमेंट, ट्रांजैक्शन बैंकिंग आदि में मजबूत कारोबारी गति देख रहे हैं। हमारी परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है, जहाँ 31 दिसंबर, 2025 तक ग्रॉस एनपीए 1.69% और नेट एनपीए 0.53% रहा। फंड की लागत के मामले में, हाल ही में बचत दरों में किए गए संशोधन के कारण हमें उम्मीद है कि यह आगे और कम होगी, जिससे हमें अपने ऋण व्यवसाय का विस्तार करने में मदद मिलेगी। क्रेडिट कार्ड धारकों की संख्या बढ़कर 43 लाख हुई है, जिससे हर ग्राहक अपनी रोजमर्रा की खरीदारी और पेमेंट्स आसानी से कर सकता है।

### भारत में महिलाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ कंपनियां अध्ययन का शुभारंभ



**नई दिल्ली।** अवतार ग्रुप ने गुरुग्राम स्थित लीला एम्बिएंस में आयोजित एक नेतृत्व शिखर सम्मेलन में अवतार एवं सेरामाउंट के 'भारत में महिलाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ कंपनियाँ'2026 अध्ययन का शुभारंभ किया। बीसीडब्ल आई, अवतार और सेरामाउंट द्वारा आयोजित एक वार्षिक बेंचमार्किंग अध्ययन है, जो समावेशन पर केंद्रित भारत के सबसे बड़े और सबसे कठोर अध्ययनों में से एक है। इसमें 400 से अधिक संगठन भाग लेते हैं और इसकी सहभागिता हर वर्ष बढ़ रही है। 2016 में शुरू हुआ बीसीडब्लूआई पिछले वर्ष अपनी दसवीं वर्षगांठ पर पहुँचा और भारत में समावेशी कार्यस्थलों को आकार देने के एक दशक को पूरा किया। नेतृत्व शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए अवतार की प्रबंध निदेशक डॉ. सौंदर्या राजेश ने कहा "कार्यस्थल लगातार विकसित होते रहेंगे और संगठन हमेशा इस बात पर बहस करते रहेंगे कि किसे प्राथमिकता दी जाए। लेकिन एक सच्चाई अटल है की मजबूत प्रदर्शन और स्थिरता तभी संभव है जब कर्मचारी जुड़ाव महसूस करें और ग्राहक संगठन पर विश्वास करें।

## स्वास्थ्य सेवाओं पर केंद्रित बजट को बताया सराहनीय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए,डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी, फाउंडर और चेयरमैन, नारायणा हेल्थ ने कहा बजट में स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है,जो सरकार की इस पहचान को दर्शाता है कि एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली भारत की आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था के लिए अहम है। हम वित्त मंत्री के स्वास्थ्य सेवा को एक दीर्घकालिक राष्ट्रीय प्राथमिकता पर केंद्रित बजट की सराहना करते हैं। और 10,000 करोड़ का बायो फार्मा शक्ति पहल बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर्स में घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे कैंसर और दुर्लभ बीमारियों के लिए उन्नत उपचार तक पहुंच में सुधार हो सकता है।

# सतर्क पेट्रोलिंग से तीन मोबाइल जब्त, शातिर धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सतर्क पेट्रोलिंग से एक स्नैचर को छीने हुए मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया है। हालांकि, दो आरोपी मौके से भागने में कामयाब हो गए, लेकिन पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि सुरक्षा बढ़ाने के लिए हर पुलिस स्टेशन के तहत कई पेट्रोलिंग टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों को अच्छे से ब्रीफ किया गया और उन्हें पूरी सतर्कता के साथ पेट्रोलिंग करने के लिए कहा गया, खासकर सुबह-सुबह, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। पेट्रोलिंग का मकसद सिर्फ अपराध रोकना नहीं है, बल्कि इलाके में सक्रिय अपराधियों पर लगातार नजर रखना भी है। ऐसी ही एक पेट्रोलिंग के दौरान, 27 जनवरी को पीपी सिधिपुरा के कांस्टेबल प्रताप इलाके में रूटीन पेट्रोलिंग कर रहे थे। रानी झांसी रोड, मॉडल बस्ती रेड लाइट के पास, उन्होंने देखा कि एक मोटरसाइकिल कार से टकरा गई। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंचने लगी, तीनों बाइक सवार घबरा गए और भागने की कोशिश करने लगे।

कांस्टेबल प्रताप ने तुरंत उनका पीछा किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों में से एक को पकड़ लिया, जबकि बाकी दो मोटरसाइकिल लेकर भागने में सफल रहे। पकड़े गए युवक की पहचान रितिक उर्फ कलवा, उम्र 22 साल, निवासी नबी करीम, पहाड़गंज, दिल्ली के रूप में हुई। रितिक की तलाशी लेने पर उसके पास से तीन मोबाइल फोन बरामद हुए, जिससे उसके मोबाइल छीनने के मामलों में शामिल होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में रितिक ने बताया कि वह अपने साथियों वसीम और सलीम के साथ मिलकर लगभग 10ख्12 दिन पहले आनंद पर्वत इलाके से एक ग्रे रंग की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल चुराई थी।

चोरी की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल करके उन्होंने थाना मोती नगर और लाहौरी गेट के इलाकों में मोबाइल फोन छीनने की वारदातें की थीं। रितिक को गिरफ्तार कर लिया गया। बाकी फरार साथियों वसीम और सलीम को पकड़ने के लिए जांच जारी है। बरामद मोबाइल फोन इस प्रकार हैं: पहला, ओप्पो मोबाइल फोन, जो थाना मोती नगर के चोरी मामले से संबंधित है। दूसरा, आईटेल मोबाइल फोन, जो थाना लाहौरी गेट के छीनने के मामले से जुड़ा है। तीसरा, लावा मोबाइल फोन, जिसके संबंध में आरोपी कोई मालिक. ाना दस्तावेज पेश करने या संतोषजनक जवाब देने में असफल रहा।

# बजट में ज्ञान आधारित भारत की झलक : सिद्धार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** "बजट 2026-27 को केवल वित्तीय प्रावधानों की सूची के रूप में नहीं, बल्कि भारत की ज्ञान-आधारित नीति दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जाना चाहिए। सिद्धार्थ एस. कुमार फाउंडर न्यूमरोवानी के अनुसार यह बजट स्पष्ट संकेत देता है कि इंडिक नॉलेज साइंसेज जैसे आयुर्वेद, खगोल विज्ञान और आध्यात्मिक भूगोल अब सांस्कृतिक प्रतीकों से आगे बढ़कर औपचारिक, संस्थागत और वैश्विक रूप से मान्य प्रणालियों के रूप में स्थापित की जा रही हैं। नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, आयुष प्रमाणन ढांचे और जामनगर स्थित ॅभ्व् पारंपरिक चिकित्सा केंद्र का सुदृढ़ीकरण इस दिशा को मजबूत करता है।

राष्ट्रीय टेलीस्कोप अवसं. रचना में निवेश भारत की प्राचीन खगोलीय जिज्ञासा को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टि से जोड़ता है, जबकि नेशनल डेस्टिनेशन डिजिटल नॉलेज ग्रिड और बौद्ध सर्किट जैसी पहलें आध्यात्मिक स्थलों को संगठित ज्ञान और आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में प्रस्तुत करती हैं।

# आयुष मंत्रालय को बजट में 4408 करोड़ मिलना प्रशंसनीय: डॉ. सैयद अहमद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट में रविवार को हर साल की तरह राजधानी दिल्ली में स्थित केंद्र सरकार के अस्पतालों के लिए अलग से बजट का ऐलान किया.इस वर्ष खास बात ये रही कि दिल्ली के कई अस्पतालों का बजट पिछले साल की तुलना में बढ़ाया गया है जिससे साबित होता है कि भारत सरकार जनता के स्वास्थ्य को लेकर काफी संजीदा है जिसकी तारीफ की जानी चाहिए.ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के सेक्रेटरी जनरल डॉ. सैयद अहमद खान ने केंद्रीय बजट 2026-27 में आयुष के लिए 4408 करोड़ रुपये मिलने पर खुशी जताते हुए उम्मीद जताई है कि 2004 से लंबित एम्स यूनानी भी बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार ने आयुष उपचार को बढ़ावा देने के लिए 2014 में आयुष मंत्रालय बनाया था इसकी वजह से आयुष का ग्लोबलाइजेशन हो रहा है। उम्मीद है कि यूनानी को भी बढ़ावा और तरक्की व विकास के मौके मिलेंगे। डॉ. सैयद अहमद खान ने आगे कहा कि जब 2004 में पहले एम्स आयुर्वेद की नींव रखी गई थी, तो यह ऐलान किया गया था कि एम्स यूनानी भी जल्द ही बन जाएगा, लेकिन यह अभी तक मुमकिन नहीं हो पाया है। इसके बावजूद हमें उम्मीद है कि इस साल तीन एम्स बनाने के जो मौजूदा प्लान है उसमें तिब यूनानी के लिए भी एक एम्स मिल सकता है।

## दिल्ली ट्रैफिक पुलिस व सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने समझौता किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सड़क सुरक्षा जागरूकता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने दिल्ली पुलिस मुख्यालय में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर हस्ताक्षर समारोह दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और विशेष पुलिस आयुक्त, यातायात, नीरज ठाकुर की उपस्थिति में हुआ, जिन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सार्वजनिक कल्याण के लिए पुलिस और कॉर्पोरेट क्षेत्र के बीच प्रभावी सहयोग का एक ऐतिहासिक उदाहरणबताया।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेविल तुली द्वारा तुली रिसर्च सेंटर फॉर इंडिया स्टडीज (टी.आर.आई.एस.) के लिए आयोजित प्रदर्शनी 6वें आत्म-खोज (सेल्फ-डिस्कवरी) के माध्यम से भारत की पुन: खोज महोत्सव का हिस्सा है।



नेविल तुली की कला एवं सांस्कृतिक इंफ्रास्ट्रक्चर (ढांचे) तथा उसके शोध पारितंत्र के निर्माण की तीन दशकों से अधिक की विशिष्ट यात्रा पर आधारित इस अग्रणी शोध संस्थान ने 'इंडियाज विजुअल पॉलिटिकल आइकोनिसिटी (भाग-2) ख्र नेताजी सुभाष चंद्र बोस' प्रदर्शनी के उद्घाटन की घोषणा की। यह प्रदर्शनी 26 जनवरी 2026 को द ओपन पाम कोर्ट गैलरी, इंडिया हैबिटैट सेंटर, नई दिल्ली में उद्घाटित की गई। प्रदर्शनी में प्राचीन राजनी. तिक प्रचार लिथोग्राफ, कैलेंडर, पोस्टर, फिल्म लॉबी कार्ड, पोस्टकार्ड, फोटोग्राफ, और सांस्कृतिक कलाकृतियां शामिल हैं, जो दर्शकों को भारत के सबसे करिश्माई और प्रभावशाली नेताओं में से एक के दृश्य विकास का पता लगाने में सक्षम बनाती हैं। तुली रिसर्च सेंटर फॉर इंडिया स्टडीज (टी.आर. आई.एस) एक अभूतपूर्व पहल है जिसका उद्देश्य समकालीन भारत की विशाल सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और कलात्मक विरासतों का अध्ययन करने के तरीके को नए सिरे से सोचने और परिभाषित करने का है।

# बजट से विकसित भारत की नींव मजबूत : देवतवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मदनगीर मंडल कार्यालय डीडीए फ्लैट मदनगीर में केंद्रीय बजट 2026 को लेकर एक प्रभावशाली एवं राजनीतिक रूप से अहम प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष दिलीप देवतवाल ने किया। आयोजन में विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर सरकार की दूरदर्शी सोच और जनकल्याणकारी नीतियों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरा. ेमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए की गई। इस दौरान सामाजिक समरसता, समानता और श्रम सम्मान के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में निगम प्रत्याशी मनीषा बैरवा जी की विशेष उपस्थिति रही, जबकि मुख्य वक्ता नवीन गुप्ता ने बजट के प्रावधानों को तथ्यों और आंकड़ों के साथ विस्तार से रखते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत/2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत और निर्णायक कदम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष दिलीप देवतवाल ने कहा"बजट 2026 केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को जमीन पर उतारने का रोडमैप है।

निगम प्रत्याशी मनीषा बैरवा ने कहा कि बजट में शहरी विकास, स्वच्छता, महिला सुरक्षा और रोजगार सृजन से जुड़े प्रावधान नगर निगम स्तर पर भी विकसित भारत की सोच को मजबूती देंगे

## अन्नपूर्णा ने रीजनल फुटप्रिंट बढ़ाया

**नई दिल्ली।** अन्नपूर्णा ग्रुप ने अपने फ्लैगशिप प्रोडक्ट अन्नपूर्णा काउ घी को नार्थ और ईस्ट इंडिया के प्रमुख बाजारों में लॉन्च किया है। इनमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, बिहार, झारखंड और ओडिशा शामिल हैं। लॉन्च के अवसर पर अन्नपूर्णा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुबीर घोष ने कहा, शुद्धता हमेशा से अन्नपूर्णा की नींव रही है। अन्नपूर्णा काउ घी हमारी उस सोच का प्रतीक है, जिसके तहत हम भारतीय घरों तक असली और पौष्टिक भोजन पहुँचाना चाहते हैं। इन रीजनल मार्केट्स में हमारा प्रवेश उच्च विकास क्षमता वाले क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी को मजबूत करने की एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है। हमें पूरा भरोसा है कि इन राज्यों के उपभोक्ता इसकी गुणवत्ता, स्वाद और भरोसे के कारण अन्नपूर्णा काउ घी को अपनाएंगे।

# निवेश विस्तार की रणनीति पेश की

**शाह टाइम्स संवाददातात**



**नई दिल्ली।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड खुद को इस बदलाव को संभव बनाने में एक लॉन्ग-टर्म प्राइवेट सेक्टर पार्टनर के रूप में स्थापित कर रही है।

लॉर्ड्स मार्क ने महाराष्ट्र सरकार के साथ दो प्रोजेक्ट्स के लिए एक एमओयू साइन किया है, जिसमें कुल रू.225 करोड़ का प्रस्तावित निवेश है। पहला प्रोजेक्ट किफायती मेडिकल और हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित है, जिसमें रू.150 करोड़ का निवेश शामिल है। इस पहल से सालाना लगभग रू.500 करोड़ का रेवेन्यू मिलने की उम्मीद है। दूसरा प्रोजेक्ट मैन्युफैक्चरिंग और मेडिकल डिवाइस से संबंधित है, जिसे महापे और नागपुर में स्थापित किया जाएगा, जिसमें रू. 75 करोड़ का प्रस्तावित निवेश है। इस प्रोजेक्ट से सालाना लगभग रू. 300 करोड़ का रेवेन्यू मिलने का अनुमान है।

इन डेवलपमेंट्स पर कमेंट करते हुए, सच्चिदानंद उपाध्याय ने कहा, दावोस में हमारी बातचीत क्लीन एनर्जी और हेल्थकेयर में स्केलेबल प्लेटफॉर्म बनाने के लिए एक फोकस्ड अप्रोच को दर्शाती है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी जन शिकायतें

# लोनी में अवैध कब्जों की शिकायतों में बढ़ोतरी, पुलिस कमिश्नर और डीएम ने बनाई कमेटी

**■ इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु अधिकारी सदैव तत्पर रहें**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए।

जनसुनवाई सहित आईजीआरएस पर अवैध तरीके से भूमि कब्जाने के मामले निरंतर संज्ञान में आ रहे थे, जिसके चलते जिलाधिकारी ने पुलिस कमिश्नर महोदय से दूरभाष से सम्पर्क कर पुलिस और प्रशासन की एक कमेटी गठित करने हेतु अनुरोध किया, जिस पर पुलिस घ्कमिश्नर महोदय ने सहमति जताई। इस कमेटी में एडीएम एल/ए, एसडीएम लोनी, एसीपी लोनी, एसीपी अंकुर विहार व एसीपी वेवसिटी रहेंगे।



जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में लोनी क्षेत्र में भूमाफियाओं और अवैध कब्जाधारियों को पनपने नहीं दिया जायेगा। जो भी भूमि कब्जाने के मामले में दोषी पाया जाता है या इनका सहयोगी पाया जाता है उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी और उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई भी की जायेगी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु अधिकारी सदैव तत्पर रहें।

जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जा रहा है।

अब तक विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवे. दनों जिनमें पुलिस एवं तहसील की जाँच आख्यायें प्राप्त होकर समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण हो चुकी थी, को जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों के सम्बन्ध में आवेदक किसी भी कार्यदिवस में शस्त्र अनुभाग, कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में सम्पर्क कर सकते है तथा शस्त्र लाइसेंस सम्बन्धी प्रकरणों में किसी भी प्रकार की शिकायत/असुविधा होने पर अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क किया जा सकता है। जनसुनवाई के दौरान एडीएम सिटी, एडीएम एफ/आर, एडीएम ई, एडीएम जे, जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

## थाने में खड़े पेड़ों की नीलामी सात फरवरी को होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** पुलिस कमिश्रेट थाना मोदीनगर पर खडे 05 पेडों की नीलामी 7 फरवरी को होगी।

यह जानकारी देते हुए सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना ने बताया कि थाना मोदीनगर पर खड़े पांच पेड़ों की नीलमी 7 फरवरी को प्रात: 11 बजे थाना मोदीनगर परिसर पर की जायेगी।

इच्छुक बोली दाता नियमानुसार समय पर पंहुच कर टोकन मनी धनराशी जमाकर बोली मे भाग ले सकते है।

## आल इंडिया जाट संगठन की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** आल इंडिया जाट संगठन की एक बैठक उमेश पार्क स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई जिसमें जाट समाज के युवाओं को शराब व अन्य प्रकार के नशों से दूर करने,छोटे बच्चों को मोबाइल की लत छुड़वाने आदि निर्णय लिए गये। मुख्य संरक्षक रविन्द्र नेहरा ने कहा कि जाट समाज का युवा नशे की चपेट में आता जा रहा है हमें अपने युवाओं को इससे बचाना होगा अन्यथा समाज को बहुत हानि उठानी पड़ेगी। संरक्षक उदयवीर तेवतिया ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराने होंगे ताकि काम धंधे में लगकर युवा नशे से दूर हो सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रूपेश पुनिया ने कहा कि समाज के लोगों को अपने छोटे बच्चों को मोबाइल से दूर करना चाहिए क्योंकि बच्चे के कोमल मन पर मोबाइल का बहुत अनुचित प्रभाव होता है। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक रविन्द्र नेहरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रूपेश पुनिया के साथ साथ महासचिव दीपक चौधरी, कोषाध्यक्ष परविंदर बालियान, युवा अध्यक्ष दीपक चौधरी, वीपी बालियान, देवराज मलिक, संजय भदौला, नरेंद्र सिंह गून सहित दर्जनों पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## दिव्य धाम आश्रम में गुरु प्रेम से ओतप्रोत आध्यात्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सच्चे गुरु की शाश्वत आध्यात्मिक उपस्थिति और उपदेशों का सम्मान करने तथा पूर्ण गुरु के प्रति नि:स्वार्थ प्रेम और समर्पण की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) द्वारा दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिव्य गुरु आशुतोष महाराज (संस्थापक एवं संच. ालक, डीजेजेएस) की समाधि के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य इस शाश्वत संदेश को पुन: सुदृढ़ करना था कि गुरु केवल भौतिक शरीर तक सीमित नहीं होते, बल्कि सच्चे




साधकों के लिए एक जीवंत एवं मार्गदर्शक चेतना के रूप में सदैव उपस्थित रहते हैं। इस अवसर पर दिल्ली-एनसीआर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु, शिष्य और साधक उपस्थित हुए। सत्संग का शुभारंभ सामूहिक प्रार्थना एवं भावपूर्ण भजनों से हुआ, जिन्होंने दिव्य कृपा का आह्वान किया और श्रद्धालुओं के हृदयों को गहन आध्यात्मिक अनुभूति हेतु तैयार किया।

डीजेजेएस के प्रवक्ताओं ने 'गुरु प्रेम' के गूढ़ विषय पर आध्यात्मिक प्रवचन प्रस्तुत किए। डीजेजेएस प्रतिनिधि ने स्पष्ट किया कि 'गुरु प्रेम' केवल भावनात्मक आसक्ति नहीं है, बल्कि यह एक परिवर्तनकारी शक्ति है, जो अहंकार को विलीन करती है, चेतना को शुद्ध करती है और शिष्य की इच्छा को दिव्य उद्देश्य के साथ संरेखित करती है। शास्त्रों एवं प्रत्यक्ष आध्यात्मिक अनुभवों के आधार पर यह बताया गया कि गुरु के प्रति समर्पण आत्म-साक्षात्कार का द्वार खोल देता है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की बारह वर्षों की 'समाधि' का गंभीर स्मरण रहा। डीजेजेएस के प्रतिनिधि ने इस बात पर बल दिया कि 'समाधि' कोई अंत नहीं बल्कि सर्वोच्च आध्यात्मिक उत्कर्ष की अवस्था है, जो गुरु की शाश्वत उपस्थिति और अनवरत मार्गदर्शन का प्रतीक है। श्रद्धालुओं को याद दिलाया गया कि सच्चा गुरु समय और रूप से परे है, जो विश्वास, अनुशासन और प्रेम के साथ आने वाले साधकों की आंतरिक यात्रा को लगातार प्रका. शित करता है।

#### डीएम कृषि भूमि सर्किल रेट ना बढ़ाए जाने को लेकर

## किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** हरनंदिपुरम किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में भारी संख्या में किसानों ने कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मांदड को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने एकस्वर में कहा कि किसानों के साथ सौतेला व्यवहार और शोषण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो किसान आंदोलन के लिए भी तैयार हैं। बता दें कि पूर्व में भी किसानों ने डीएम को और अपर आयुक्त मेरठ मंडल को भी ज्ञापन दिया था लेकिन उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। किसानों का आरोप हैं हरनंदिपुरम आवासीय योजना की वजह से जीडीए के कहने पर जिला प्रशासन ने पूरे गाजियाबाद के कृषि भूमि सर्किल रेट पर रोक लगा दी है जिससे प्रशासन की मनमानी के कारण शासन को राजस्व की भारी हानि हो रही हैं जबकि किसानों ने अपने ज्ञापन में जिलाधिकारी को अवगत कराया है कि उनके यहां काफी उच्च रेट में बैनामे हुए हैं, जिससे शासन को भारी मात्रा की हानि हो रही हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में मुख्यमंत्री के आदेश पर सभी जिलों में सर्किल रेट में वृद्धि की गई हैं। युवा किसान नेता दक्ष नागर मथुरापुर ने कहा कि हमारे द्वारा इस क्षेत्र में सर्किल रेट से ऊंचे दाम पर बैनामा के साक्ष्य उपलब्ध कराए जाने के बाद भी प्रशासन मनमाना रवैया अपना रहा है जिससे न केवल शासन को राजस्व की हानि हो रही है साथ ही क्षेत्र में काफी ऊंचे मार्केट रेट होने से किसानों को भी काफी आर्थिक हानि हो रही है।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में गेस्ट लेक्चर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के पीडिएट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा एक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसका विषय ''एआई ड्रिवेन पीडियाट्रिक डेन्टिस्ट्री'' था। इस लेक्चर में देश के विभिन्न डेंटल कॉलेजों के 100 से अधिक एमडीएस के विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी दंत विभागों के दंत चिकित्सक शामिल थे।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता डॉ नीरज गुगनानी, प्रख्यात बाल दंत चिकित्सक के विशेषज्ञ थे, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न व्याख्यान प्रस्तुत किये है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वक्ता डॉ नीरज गुगनानी और आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा द्वारा माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया।

उद्घाटन समारोह के दौरान संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी के साथ-साथ संस्थान के सभी दंत विभागों के एचओडी एवं दंत चिकित्सक भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दंत चिकित्सकों के ज्ञान एवं कौशल को बढ़ाना था। अपने व्याख्यान में डॉ नीरज गुगनानी ने दंत चिकित्सा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता की अवधारणा का परिचय देते हुए बाल दंत चिकित्सा में इसकी



बढ़ती महत्ता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने एआई इकोसिस्टम की विस्तृत जानकारी दी तथा बताया कि दंत चिकित्सक किस प्रकार इंजीनियर, एनोटेटर, वैलिडेटर या सूचित उपभोक्ता के रूप में अपनी भूमिका निभा सकते है। साथ ही उन्होंने दंत चिकित्सा में एआई के विभिन्न अनुप्रयोगों पर भी चर्चा की।

व्याख्यान के पश्चात प्रतिभागियों को हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसमें आधुनिक दंत चिकित्सा अभ्यास एवं अनुसंधान में एआई के एकीकरण की प्रक्रिया को समझाया गया। यह भी प्रदर्शित किया गया कि किस प्रकार एआई का उपयोग बाल दंत चिकित्सा, रेडियोलॉजी, प्रोस्थोडोंटिक्स, ऑर्थोडॉन्टिक्स, पीरियडॉन्टिक्स एवं पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री जैसे प्रमुख विषयों में किया जा सकता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ क्लीनिकल ज्ञानवर्धक मंच प्रदान करने के लिये सभी ने आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

## तेज रफ्तार कार ने मासूम बच्चे को मारी टक्कर

**साहिबाबाद।** साहिबाबाद में लिंक रोड थाना क्षेत्र में 31 जनवरी की सुबह कार की टक्कर लगने से पांच साल के मासूम की जान चली गई। बच्चे के पिता ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज मुकदमे में गोपाल न बताया कि वह मूलरूप से आशाबाद फाटक फिरोजाबाद के रहने वाले हैं। यहां वसुंधरा फ्लाईओवर के नीचे परिवार के साथ रहते हैं। 31 जनवरी की सुबह करीब 10 बजे उनका बेटा चांद (5) वसुंधरा चौराहे पर साहिबाबाद गांव की ओर सड़क पर खड़ा था। इस दौरान आई तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया।

## नाहल गांव में बीएलओ बनकर फर्जीवाड़ा, मतदाता सूची से छेड़छाड़ का गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनपद के धौलाना विधानसभा क्षेत्र-58 अंतर्गत गांव नाहल में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान एक बड़ा और गंभीर मामला सामने आया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने व संशोधन को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की आड़ में कुछ संदिग्ध लोगों द्वारा फर्जीवाड़ा किए जाने का आरोप लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह के समय दो पुरुष और एक महिला गांव में पहुंचकर स्वयं को BLO से जुड़ा बताते हुए ग्रामीणों से फॉर्म संख्या-7 लेकर हस्ताक्षर कराने का प्रयास कर रहे थे। कुछ BLO



समाजवादी पार्टी ने जताई कड़ी आपत्ति, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को कराया अवगत

ने भ्रमवश हस्ताक्षर भी कर दिए, लेकिन नाहल गांव की BLO सुनीता ने उनकी गतिविधियों पर संदेह जताते हुए उन्हें पहचान लिया और फर्जी होने की आशंका व्यक्त की।

मामले की जानकारी मिलते ही गांव के जिम्मेदार लोग मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। तलाशी के दौरान संदिग्धों के पास से फर्जी काग. जात बरामद हुए। पूछताछ में उन्होंने खुद को भाजपा पार्टी से मंत्रिमंडल से जुड़ा बताया, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, एडवोकेट, महानगर महासचिव राजन कश्यप सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। पार्टी नेताओं ने पुलिस प्रशासन से वार्ता कर निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की। मौके पर नायब तहसीलदार, लेखपाल और क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। BLO की ओर से पूरे प्रकरण को लेकर शिकायती पत्र भी सौंप दिया गया है। इस संबंध में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट ने बताया कि पूरे मामले से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की नींव मतदाता सूची होती है और उसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाजवादी पार्टी इस पूरे मामले पर कड़ी नजर बनाए हुए है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती है।

## श्री हंस इंटर कॉलेज में उम्मीद फाउंडेशन ने स्मार्ट शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लास रूम का प्रोग्राम किया!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में आज उम्मीद फाउंडेशन होप फॉर ह्यूमन ने राक्वेल ऑटोमेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर छात्रों के ड्रॉप आउट रेट को कम करने और उन्हें स्मार्ट शिक्षा देने के मकसद से एक स्मार्ट क्लास रूम प्रोग्राम शुरू किया। फाउंडेशन ने स्कूल के बच्चों के लिए आर ओ सिस्टम और वाटर कूलर लगाकर साफ और सुरक्षित पीने के पानी की सुविधा प्रदान की ।छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड वेडिंग मशीन और सेनेटरी पैड भी दिए गए। इसके अलावा स्कूल को साफ और सुरक्षित बनाने के लिए



स्कूल के टॉयलेट और बाउंड्री वॉल का भी रिनोवेशन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने उम्मीद फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं फाउंडर ललित कुमार बिष्ट जी का पुष्प माला शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उनके स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन एनसीसी ऑफिसर व कला अध्यापक डॉ अमित कुमार ने किया। तत्पश्चात ललित कुमार बिष्ट ने सभी सामान विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार को सौंप दिया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने उम्मीद फाउंडेशन के फाउंडर ललित कुमार बिष्ट का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार, रविंद्र कुमार राजकुमार, अखिलेश कुमार, रिंकेश कुमार वर्मा, सुनील चौधरी एवं हेमलता शर्मा आदि समस्त अध्यापक गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।



**गाजियाबाद। वरिष्ठ समाजसेवी आरिफ अंसारी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान करते हुए उनके छोटे भाई सारिक अंसारी। आपको बता दें कि हर वर्ष सारिक अंसारी अपने बड़ी भाई आरिफ अंसारी के जन्मदिन पर रक्तदान करते हैं।**

**(छाया: शाह टाइम्स)**

# एसडीजीआई में बौद्धिक संपदा अधिकार पर दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन

**■ कार्यक्रम के समापन पर विश्व. विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन (निपाम), भारत सरकार के अंतर्गत बौद्धिक संपदा कार्यालय (आईपीओ) के सहयोग से बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता में इसकी भूमिका को सुदृढ़ करना था।

कार्यशाला में नित्या त्यागी, एग्जामिनर ऑफ पेटेंट्स एंड डिजाइंस, आईपीओ दिल्ली, कार्यालय नियंत्रक सामान्य पेटेंट, डिजाइन एवं ट्रेडमार्क (सीजीपीडीटीएम), डीपीआईआईटी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने पेटेंट, डिजाइन, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, पेटेंट फाइलिंग प्रक्रिया, संरक्षण एवं वाणिज्यीकरण पर विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा अकाद. मिक संस्थानों, स्टार्टअप्स और उद्योगों में आईपीआर की




व्यावहारिक उपयोगिता को रेखांकित किया।

इस अवसर पर वाइस चां. सलर प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम नवाचार एवं सृजनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं।

रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने इसे भारत सरकार की नवाचार पहलों के अनुरूप बताया। डीन एकेडमिक प्रो. डॉ. ए. शन्मुगानाथन ने कहा कि आईपीआर की समझ गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए अनिवार्य है। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के सभी निद. ेशकगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं सभी संकाय सदस्यों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए पेटेंट पंजीकरण एवं अधिकार संरक्षण से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के समापन पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अंत में संसाधन व्यक्ति, सभी प्रतिभागियों एवं प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

# दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं को वर्ल्ड क्लास बनाने की मिली सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2026-27 में दिल्ली के स्वास्थ्य सेवाओं को वर्ल्ड क्लास बनाने की सौगात मिली है।

दिल्ली के पांच बड़े केंद्रीय अस्पताल (एम्स, सफदरजंग, राम मनोहर लोहिया, लेडी हार्डिंग और कलावती सरन चिल्ड्रन अस्पताल) को पिछले साल की तुलना में 3 से 14 प्रतिशत तक अधिक बजट मिला है। इससे नए उपकरण, ज्यादा डॉक्टरों की भर्ती और अस्पताल आधुनिकीकरण से लैस होंगे अस्पतालों का पूंजी व्यय नई बिल्डिंग और मशीनरी में उपयोग होगा। इसमें 8 से 77% तक विकास खर्च बढ़ा है जिससे पुराने अस्पताल अपग्रेड होंगे और सुविधाएं बढ़ेंगी। मरीजों को जल्द और बेहतर इलाज मिलेगा। केंद्रीय बजट 2026-27 में दिल्ली के अस्पतालों को 10,100.58 करोड़ रुपये का बजट आवंटन हुआ। एम्स को 5500.92, सफदरजंग को 2170.75 करोड़ मिले है। आरएमएल को 1210.47, लेडी हार्डिंग को 703.40 और कलावती सरन चिल्ड्रेन अस्पताल को 156.62 करोड़ रुपये राजस्व पर खर्च किए जाएंगे। पूंजी व्यय पर बड़ा बजट दिया है। सबसे ज्यादा पूंजी खर्च के लिए आरएमएल को 240.32 करोड़ रुपये मिले है। पिछले साल 338.10 मिले थे, जिसमें से 147.72 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इस साल सफदरजंग अस्पताल को 133 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पिछले साल 238.50 में से 88.79 खर्च किए गए। लेडी हार्डिंग अस्पताल को 92.50 करोड़ रुपये मिले है, जहां पिछले साल 101 में से 85 करोड़ रुपये खर्च हुए थे।

कलावती सरन चिल्ड्रन अस्पताल को 25.60 करोड़ रुपये दिए गए पिछले साल 8.50 करोड़ रुपये मिले, हालांकि 14.40 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। बायोफार्मा शक्ति योजना के तहत देश को अगले पांच साल में ग्लोबल बायो-फार्मा हब बनाने की तैयारी है, जिसमें 10,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसमें बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर्स (कैंसर, डायबिटीज, ऑटोइम्यून बीमारियों की महंगी दवाओं) का घरेलू उत्पादन बढ़ेगा। इसके चलते दिल्ली में भी दवाएं और सस्ती उपलब्ध होंगी।

## सवारी बनकर लुटते थे ई-रिक्शा, नौ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का फंडाफोड़ किया है, जो सवारी बनकर पहले ई-रिक्शा में बैठते थे उसके बाद कोई सुनसान जगह देखकर ई-रिक्शा लूटकर फरार हो जाते है, यह गिरोह ई-रिक्शा की पहचान छिपाने के लिए उसके सभी पार्ट्स खोलकर नए तरीके से ई-रिक्शा तैयार करते थे और आगे बेच देते थे स फिलहाल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनके पास से चोरी के ई-रिक्शा और ई-रिक्शा के स्पेयर पार्ट्स बरामद किए है स

पुलिस ने अनुसार पकडे गए आरोपियों की पहचान शाहबाज (19), परवेज आलम (34), समीर (19), अमन (19), फरमान मालिक (19), उबैद (19), सोनू (19), मोहसिन (24) और आमिर को गिरफ्तार किया है इनके पास से चार ई-रिक्शा, अलग-अलग हिस्सों में विभाजित छह ई-रिक्शा और ई-रिक्शो के पार्ट्स बरामद किए गए हैं। बीती 29 जनवरी को खजुरी खास थाने में उमेश नाम के व्यक्ति ने शिकायत की थी कि वह ई-रिक्शा चालक है 28 जनवरी की रात उसके रिक्शा में चार सवारी बैठी हुई थी जब वह 11.30 बजे रात को खजूरी चौक से सीआरपीएफ कैम्प के पास पहुंचा तब ई-रिक्शा में बैठे इन चारों लोगो ने उसका ई-रिक्शा छीन लिया और मौके से फरार हो गए थे स शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## जेल से रची गई टारगेट किलिंग की साजिश नाकाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर इरफान उर्फ छेनू पहलवान द्वारा मंडोली जेल से रची गई टारगेट किलिंग की साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया। पुलिस ने छेनू पहलवान समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बड़े अपराध को अंजाम दिए जाने से पहले ही रोक दिया। आरोपी एक अहम गवाह की हत्या की योजना बना रहे थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। स्पेशल सेल के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर शास्त्री पार्क इलाके में जेपीसी अस्पताल के पास छापेमारी कर चौहान बांगर निवासी 22 वर्षीय अदीब को गिरफ्तार किया गया।

तलाशी के दौरान उसके पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस मिले। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में अदीब ने खुलासा किया कि यह हथियार मंडोली जेल में बंद गैंगस्टर इरफान उर्फ छेनू पहलवान के निर्देश पर एक मामले के गवाह की हत्या के लिए खरीदा गया था।

अदीब की निशानदेही पर पुलिस ने उसके साथियों फरमान और आमिर की पहचान की। जांच में सामने आया कि साजिश को अंजाम देने के लिए टोकन मनी का कैश भुगतान सीलमपुर की एक स्थानीय चाय की दुकान के जरिए किया गया था। गैंगस्टर के करीबी उस्मान ने शूटरों को रकम बांटने के लिए चाय दुकानदार को रुपये सौंपे थे।

इसके बाद पुलिस ने फरमान और उस्मान को भी गिरफ्तार कर लिया। तीनों की पूछताछ के आधार पर अंततः जेल में बंद छेनू पहलवान को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब मुख्य गवाह की पहचान और हथियार की सप्लाई चौन की जांच कर रही है।

## हत्या मामले में फरार आरोपी 8 साल बाद धरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आठ साल पुराने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वर्ष 2018 में न्यू सीमा पुरी इलाके में चोरी के दौरान घर मालिक की गला घोंटकर हत्या कर दी थी और तभी से पुलिस की पकड़ से बाहर था। क्राइम ब्रांच के अनुसार 30 अक्तूबर 2018 की रात आरोपी अपने साथियों के साथ चोरी के इरादे से जबरन एक मकान में घुसा था। चोरी के दौरान घर का मालिक संजय जाग गया, जिसके बाद आरोपी और उसके साथियों ने पकड़े जाने के डर से संजय का गला घोंट दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मुख्य आरोपी लगातार ठिकाने बदलता रहा। हाल ही में क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि आरोपी हरियाणा के फरीदाबाद इलाके में छिपा हुआ है।

## जल स्रोतों का संरक्षण पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारीः सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व वेटलैंड्स दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वेटलैंड्स को जीवन, संस्कृति और पर्यावरण सुरक्षा की आधारशिला बताते हुए कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी होने के साथ साथ हमारी परंपराओं और भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्रीय मिशन का रूप दिया है और दिल्ली सरकार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व भी उसी दिशा में ठोस और परिणामकारी कदम उठा रही है। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, पर्यावरण मंत्रालय के सचिव, डीजी फॉरेस्ट सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सिरसा ने बताया कि दिल्ली में कभी 1000 से अधिक जल स्रोत मौजूद थे, जो समय के साथ अतिक्रमण और उपेक्षा का शिकार हुए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने सभी जल स्रा. ेतों के पुनरुद्धार का संकल्प लिया है और लक्ष्य रखा गया है कि वर्ष 2027 के अंत तक अधिकतम जल निकायों को पूरी तरह बहाल किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली की असोला भाटी स्थित ऐतिहासिक "नीली झील" को रामसर साइट घोषित कराने के लिए केंद्र सरकार के साथ समन्वय में कार्य किया जा रहा है।



**विश्व वेटलैंड्स दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा साथ में हैं केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह।**

## यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क में दिखे अधिक पक्षी, अरावली उद्यान में आई कमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हाल ही में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के सात जैव-विविधता पार्क में दो घंटे की बर्ड काउंट 2026 की गई। ऐसे में इस हालिया बिग बर्ड काउंट में कुछ पार्कों में पक्षियों की संख्या बढ़ी है, जबकि कुछ में कमी देखने को मिली है। यह आंकड़े दिल्ली के पारिस्थितिकी तंत्र और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाते हैं। रिपोर्ट में 2020 से 2026 तक के रिकॉर्ड दिए गए हैं। साथ ही, इसमें हर पार्क में देखे गए पक्षी प्रजातियों की संख्या सामने आई। इस साल बिग बर्ड काउंट में यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। यहां इस वर्ष कुल 90 प्रजातियों के पक्षी देखे गए। हालांकि, पिछले कुछ साल में संख्या थोड़ी कम हुई थी, फिर भी यह सबसे अधिक रही। सबसे खास बात तो यह रही कि फेरुगिनस पोचार्ड देखने को मिला। प्रकृति संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ (आईयूसीएन) की रेड लिस्ट में नियर थ्रेटेंड की सूची में आता है।

इसके अलावा, पाइड एवोसेट, बूटेड ईगल और ऑरेंज हेडेड थ्रश भी वैज्ञानिकों को देखने को मिले। इसके अलावा, कालिंदी बायोडायवर्सिटी पार्क ने भी अच्छी बढ़त दिखाई। यहां 2026 में 81 प्रजातियां दर्ज की गईं, जो पिछले साल की तुलना में 2025 को छोड़कर बढ़ी हैं। इस बार मार्श हरियर और फेरुगिनस पोचार्ड जैसे प्रमुख पक्षी देखने को मिले। डीडीए की तरफ से स्थापित ये पार्क यमुना बेसिन और अरावली पहाड़ियों जैसे महत्वपूर्ण भूदृश्यों को बचाने और पुनर्स्थापित करने में मदद करते हैं। ऐसे में हर साल आयोजित की जाने वाली बर्ड काउंट गतिविधियों से यह पता चलता है कि शहर में पक्षियों की विविधता कैसी है। रिपोर्ट के अनुसार, तुगलकाबाद बायोडायवर्सिटी पार्क में भी सुधार हुआ, जहां 61 प्रजातियां देखी गईं। यहां ब्लैक रेडस्टार्ट विशेष रूप से नजर आया। हालांकि, कुछ पार्कों में पक्षियों की संख्या घटी है। अरावली बायोडायवर्सिटी पार्क में 2026 में केवल 49 प्रजातियां रिकॉर्ड हुईं, जो पहले की तुलना में कम हैं। तीलपथ वैली में 36 और नीला हौज में 25 प्रजातियां ही देखी गईं।

## महिपालपुर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलने की याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सरकार या दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) को मेट्रो स्टेशनों का नाम बदलने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने ठुकरा दिया। अदालत ने कहा कि मेट्रो स्टेशन का नाम रखना सरकार के प्रशासनिक और पॉलिसी के दायरे में आता है और इसमें अदालत तब तक दखल नहीं दे सकती जब तक कि यह मनमाना न हो या संविधान का उल्लंघन न करता हो। रंगपुरी गांव की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने याचिका दायर कर महिपालपुर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर रंगपुरी मेट्रो स्टेशन करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। अदालत ने उक्त टिप्पणी के साथ याचिका खारिज कर दी।

## प्राइवेट स्कूल फीस कानून सुप्रीम कोर्ट को सरकार का स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की फीस नियंत्रित करने वाले नए कानून पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। दिल्ली सरकार ने कोर्ट को बताया कि दिल्ली स्कूल एजुकेशन (ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेग. ुलेशन ऑफ फीस) एक्ट, 2025 को वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में लागू नहीं किया जाएगा। यह कानून अब अगले शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होगा।

शिक्षा निदेशालय की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू ने यह जानकारी दी। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कानून को शैक्षणिक सत्र के बीच में जल्दबाजी से लागू करने पर सवाल उठाए थे। कोर्ट ने कहा था कि ऐसा करने से स्कूलों और अभिभावकों को परेशानी हो सकती है और यह व्यावहारिक नहीं होगा। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने माना कि कानून का उद्देश्य अच्छा है। लेकिन, इसे सही समय पर लागू करना जरूरी है। सरकार के इस फैसले के बाद कोर्ट ने कहा कि अब इस पर दखल देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि सरकार ने समझदारी दिखाई है।

यह कानून प्राइवेट स्कूलों में फीस की मनमानी बढ़ोतरी रोकने के लिए बनाया गया है। इसके तहत हर स्कूल को फीस तय करने के लिए एक स्कूल लेवल कमेटी बनानी होगी। इस कमेटी में स्कूल प्रबंधन का प्रतिनिधि, प्रधानाचार्य, तीन शिक्षक, पांच अभिभावक और शिक्षा निद. ेशालय का एक प्रतिनिधि शामिल होगा। कमेटी फीस के प्रस्ताव पर विचार करेगी और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा जिला स्तर पर अपील कमेटी भी होगी। कानून कैपिटेशन फीस वसूलने पर रोक लगाता है और अतिरिक्त शुल्क पर भी नियंत्रण रखता है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कानून की वैधता से जुड़ा मामला दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। अब आगे की सुनवाई और फैसला हाई कोर्ट ही करेगा। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशंस ने इस कानून को चुनौती दी है। लेकिन, कोर्ट ने फिलहाल इसे लागू करने के तरीके पर ही ध्यान दिया।

अभिभावक संगठनों ने इस फैसले का स्वागत किया है, क्योंकि इससे फीस में अचानक बढ़ोतरी पर लगाम लगेगी। अगले साल से लागू होने पर स्कूलों को भी तैयारी का समय मिलेगा। यह कदम दिल्ली में शिक्षा की पहुंच और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## कुलवंत सिंह गुरुद्वारा रकाबगंज के सह-अध्यक्ष बने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कुलवंत सिंह को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब का सह-अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह फैसला कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों के नेतृत्व में लिया गया। कुलवंत सिंह पहले गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, रानी गार्डन के मुख्य सेवादार के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। वरिष्ठ सदस्य सुखविंदर सिंह बब्बर की मौजूदगी में कुलवंत सिंह ने पदभार संभाला।

## जनसेवा तभी संभव जब जन प्रतिनिधि हों स्वस्थः विजेन्द्र गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि स्वस्थ जनप्रतिनिधि ही सशक्त संस्थानों की नींव होते हैं और बेहतर जनसेवा सुनिश्चित करते हैं। गुप्ता ने संत परमानंद अस्पताल में दिल्ली विधानसभा के वर्तमान विधायकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। यह स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम सोमवार (02 फरवरी) से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगा और इसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की वर्तमान स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह पहल दिल्ली विधानसभा के सभी सदस्यों के साथ संवाद और सहमति के माध्यम से एक नई शुरुआत के रूप में आरंभ की गई है। उन्होंने कहा कि आज से औपचारिक रूप से वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन पांच विधायक अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएंगे।

उन्होंने इस पहल को एक सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को निरंतर जनता के बीच सक्रिय रहना पड़ता है, ऐसे में उनके लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रभावी जनसेवा तभी संभव है जब जनप्रतिनिधि शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सक्षम और भावनात्मक रूप से सकारात्मक हों।

## एमसीडी ने एक माह के लिए बढ़ाई प्रॉपर्टी टैक्स माफी योजना

**नई दिल्ली।** एमसीडी यानी दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने संपत्ति कर निपटान योजना सुनियो को एक महीने के लिए बढ़ाई दिया है। अब 28 फरवरी तक करदाता संपत्ति कर को। निगम के जोन कार्यालयों में जाकर व निगम वेबसाइट mcdonline.nic.in पर ऑनलाइन माध्यम से लोग संपत्ति कर को जमा कर सकेंगे।

संपत्ति कर निपटान योजना (सुनियो) 2025- 26 के तहत संपत्ति कर को लोग मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 और पूर्ववर्ती पांच वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक के संपत्ति कर का बिना ब्याज और जुर्माने के भुगतान कर सकते हैं। इसमें करदाता पांच फीसदी विलंब शुल्क के साथ संपत्ति कर को जमा करा सकते हैं।

## जाम ने लोगों को किया परेशान, कार्यालय पहुंचने में हुई देरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोमवार को कई मार्गों पर भीषण जाम लगा। सुबह के वक्त जाम में फंसने से लोग अपने कार्यालयों में देरी से पहुंचे। ज्यादातर मार्गों पर अव्यवस्था की वजह से यह स्थिति बनी। एमबी रोड और वजीराबाद रोड पर निर्माण व विकास कार्यों की वजह से यातायात व्यवस्था बिगड़ी रही। पश्चिम दिल्ली में लोहा मंडी फ्लाईओवर पर लोग जाम से जूझे। इस रोड पर लोगों ने अवैध पार्किंग की हुई थी, जिसकी वजह से यह स्थिति बनी।

राहगीर विकास के मुताबिक इस फ्लाईओवर पर रोज अवैध पार्किंग से यातायात बाधित होता है, लेकिन इस पर लगाम नहीं कसी जा रही। सुबह के वक्त जनकपुरी सिग्नल और विकास पुरी फ्लाईओवर पर भी लोगों का जाम से सामना हुआ। बुराड़ी मुख्य 100 फुट रोड और बुराड़ी चौक पर भी भयंकर जाम लगा रहा।

कालिंदी कुंज रोड पर रोजाना की तरह जाम में फंसने पर लोगों ने सोशल मीडिया पर गुस्सा जाहिर किया। लोगों ने यातायात पुलिस के लिए लिखे पोस्ट में गुहार लगाई कि यहां पर यातायात प्रबंधन के लिए नियमित रूप से पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए।

खानपुर टी-पॉइंट से हमदर्द टी-पॉइंट के बीच दोनों तरफ यातायात की स्थिति बिगड़ी रही। पहले से इस कार्य की सूचना लोगों को नहीं थी। हालात बिगड़ने पर दोपहर में यातायात पुलिस ने अपने एक्स हैंडल पर लोगों को वैकल्पिक मार्ग से जाने की सलाह दी। इसी तरह भजनपुरा से गोकल. पुरी के बीच वजीराबाद रोड पर दिल्ली जल बोर्ड की पाइपलाइन के कार्य की वजह से यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। हाल यह रहा कि भजनपुरा से यमुना विहार जाने में लोगों को आधे घंटे का समय लगा।

पितमपुरा के विशाल भारती पब्लिक स्कूल के बाहर से लेकर रोहिणी, जनकपुरी और नोएडा तक यात्रियों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। रोहिणी क्षेत्र में बुध विहार से बेगमपुर चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर लंबा लगा। इसी तरह सत्यवती कॉलेज के सामने मार्ग पर गलत पार्किंग के कारण जाम की समस्या बनी। यहां जाम में फंसे लोगों ने दिल्ली यातायात पुलिस को उसे एक्स हैंडल पर समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि यह स्थिति रोज रहती है। खानपुर देवली मोड़ और स्वर्ण पार्क रेड लाइट पर भी जाम की सूचना मिली।

पुरानी दिल्ली में बारा टूटी चौक, सदर बाजार से मेहरबान पैलेस, रुई मंडी तक अनियंत्रित ई-रिक्शा के कारण लोग जाम से परेशान हुए। लोगों से ई-रिक्शा की शिकायत मिलने पर यातायात पुलिस ने संबंधित अधिकारी को उसका निराकरण करने का निर्देश दिया।

दिल्ली यातायात पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि जहां रोज जाम लग रहा है, उन स्थानों को चिह्नित कर समस्या का निदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## एआई सम्मेलन को लेकर निगम ने सफाई के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वैश्विक शिखर सम्मेलन को लेकर सोमवार को दिल्ली नगर निगम की टीमों ने विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। नजफगढ़ जोन के उपायुक्त सुमित कुमार ने निगम अधिकारियों के साथ आईजीआई एयरपोर्ट, महिपालपुर वार्ड का निरीक्षण किया। इसमें निगम की स्थायी समिति के सदस्य व महिपालपुर के पार्षद इंद्रजीत सेहरावत, एनएचएआई की टीम व क्षेत्रीय विभागों के अधिकारी शामिल हुए। उपायुक्त सुमित कुमार ने बताया कि एआई वैश्विक शिखर सम्मेलन को लेकर कई प्रमुख स्थानों की सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों के 24 घंटे रखरखाव, सुविधाओं की मरम्मत और रंगाई, सड़क सौंदर्यीकरण कार्यों के निर्देश दिए। साथ ही, इन प्रमुख स्थानें पर हर दिन अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने के लिए भी टीमें को निर्देश दिया गया।

## पटियाला हाउस कोर्ट ने गगनप्रीत को चार्जशीट की कॉपी सौंपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** धौलाकुआं बीएमडब्ल्यू दुर्घटना मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी गगनप्रीत कौर को चार्जशीट की कॉपी उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

आरोपी गगनप्रीत कौर सोमवार को कोर्ट में पेश हुई, जहां उन्होंने यह आदेश प्राप्त किया। कोर्ट ने यह निर्देश देते हुए अगली सुनवाई की तारीख 20 फरवरी तय की है। इस तारीख को चार्जशीट की विस्तृत जांच यानी स्क्रूटनी की जाएगी। यह मामला पिछले साल 14 सितंबर 2025 को दिल्ली के धौला कुआं इलाके में हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना से जुड़ा है। उस दिन वित्त मंत्रालय में उप सचिव पद पर तैनात 52 वर्षीय नवजोत सिंह अपनी पत्नी संदीप कौर के साथ मोटरसाइकिल पर सवार थे। धौलाकुआं मेट्रो स्टेशन के पास गगनप्रीत कौर द्वारा चलाई जा रही बीएमडब्ल्यू कार ने तेज रफ्तार में उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में नवजोत सिंह को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सहित अन्य लोग भी घायल हुए थे।

दिल्ली पुलिस ने इस मामले में गगनप्रीत कौर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (जो हत्या के समकक्ष गैर-इरादतन हत्या से संबंधित है) के अलावा धारा 281, 125बी और 238ए के तहत आरोप लगाए गए हैं। पुलिस का आरोप है कि आरोपी ने दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति को समय पर उचित चिकित्सा सहायता नहीं पहुंचाई, जिसके कारण 'गोल्डन आवर' का समय व्यर्थ गया और नवजोत सिंह की जान बचाई जा सकती थी।

चार्जशीट करीब 400 पन्नों की है, जिसमें सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और अन्य सबूत शामिल हैं। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की चार्जशीट पर संज्ञान लिया था और आरोपी को समन जारी किया था। अब कोर्ट ने चार्जशीट की कॉपी देने का आदेश देकर मामले को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ किया है।

## जेएनयू में हॉस्टल वार्डन को 48 घंटे के अंदर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन ने सभी हॉस्टल वार्डन को 48 घंटे के अंदर अवैध निर्माण हटाने के संबंध में निर्देश दिए हैं। विश्व. विद्यालय के नियमों का उल्लंघन करने पर वार्डन के पद से भी हटाया जाएगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय के डीन छात्र कार्यालय ने सोमवार को सर्कुलर जारी कर दिया।

सर्कुलर के अनुसार ऐसे देखने को मिला है कि कुछ हॉस्टल वार्डन विश्वविद्यालय के हॉस्टल परिसर के अंदर और आसपास अवैध निर्माण गतिविधियां अस्थायी और स्थायी तौर पर कर रहे है। विश्वविद्यालय ने समय-समय पर सभी कर्मचारियों को ऐसे कार्यों से बचने के निर्देश भी जारी किए। इस संबंध में पिछले वर्ष तीन दिसंबर को सर्कुलर भी जारी किया था उसके बावजूद अवैध निर्माण की सूचनाएं सामने आ रही है। सभी वार्डन को निर्देश है कि वार्डन फ्लैट के अंदर और बाहर से कोई भी अवैध निर्माण 48 घंटे के भीतर हटाएं। विश्वविद्यालय के आवास आवंटन नियमों के अनुसार अवैध निर्माण पर पूरी तरह से रोक है। विश्वविद्यालय के नियमों का उल्लंघन करने पर वार्डन पद से हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी।

## कोहरे की वजह से घंटों लेट चल रही दर्जनों ट्रेनें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में आज घना कोहरा होने की वजह से आम जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ, दृश्यता बहुत कम होने की वजह से सड़क, रेल और वायु यातायात पर इसका असर देखने को मिल रहा है। दृश्यता कम होने के कारण देश के तमाम राज्यों से राजधानी दिल्ली आने वाली दर्जनों ट्रेनें अपने निर्धारित समय की देरी से चल रही हैं। इससे हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों पर आने वाली ट्रेनों की स्थिति पर नजर डालें तो आज 2 फरवरी 2026 को 1 घंटे से अधिक की देरी से चलने वाली ट्रेनों में ट्रेन नंबर 11841 गीता जयंती और ट्रेन नंबर 12627 कर्नाटक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 घंटे 18 मिनट लेट चल रही है। वही, ट्रेन नंबर 12581 बनारस नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 घंटे 17 मिनट लेट, ट्रेन नंबर 14086 सिरसा एक्सप्रेस 2 घंटे 9 मिनट लेट, ट्रेन नंबर 12453 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस 2 घंटे 5 मिनट लेट, ट्रेन नंबर 22478 वंदे भारत एक्सप्रेस 1 घंटे 4 मिनट लेट चल रही है।

वहीं दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों की स्थिति देखें तो ट्रेन नंबर 12617 मंगल लक्ष्यदीप सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 घंटे 56 मिनट लेट है।

दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों की स्थिति देखें तो ट्रेन नंबर 15273 सत्याग्रह एक्सप्रेस 2 घंटे 6 मिनट लेट, ट्रेन नंबर 22541 बनारस आनंद विहार टर्मिनल गरीब रथ एक्सप्रेस 2 घंटे 50 मिनट लेट, ट्रेन नंबर 22411 अरुणाचल एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 घंटे लेट, ट्रेन नंबर 12817 झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 1 घंटे लेट चल रही है। ट्रेन नंबर 13257 जनसाधारण एक्सप्रेस अनरिजर्व्ड ट्रेन सबसे अधिक 3 घंटे 50 मिनट की देरी से आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर पहुंची। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आने वाली ट्रेन नंबर 13697 गया दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस 1 घंटे 5 मिनट लेट ट्रेन नंबर 14732 किसान एक्सप्रेस 1 घंटे लेट ट्रेन नंबर 14304 हरिद्वार पुरानी दिल्ली एक्सप्रेस 1 घंटे 15 मिनट ट्रेन नंबर 14680 अमृतसर दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस 1 घंटे 46 मिनट लेट रही।

ट्रेनों की लेट रंनिंग को लेकर उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय का कहना है कि कोहरे में दृश्यता बहुत कम होती है, जिसकी वजह से सिग्नल नहीं दिखाई देते हैं। ऐसे में लोको पायलट को ट्रेन की रफ्तार धीमी रखनी पड़ती है, जिसकी वजह से ट्रेन लेट हो जाती है। यात्रियों से अपील की गई है कि वह संयम बघ्रतें और रेलवे की वेबसाइट पर ट्रेन की स्थिति देखकर ही घर से ट्रेन पकड़ने के लिए निकले जिससे की देरी से असुविधा से बच सकें।

## धरोहरों के आसपास अवैध निर्माण का सर्वे करे: हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अधिसूचित धरोहरों के आसपास अवैध निर्माण होने का पता लगाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम को सर्वे कराने का आदेश दिया है।

धरोहरों के पास होने वाले अनधिकृत निर्माण से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि एमसीडी को निर्देश दिया कि सर्वे में यह ठीक से पता लगाया जाएगा कि धरोहरों के आसपास की इमारतों में किए गए निर्माण नियमों और बिल्डिंग प्लान के अनुसार हैं या नहीं। अदालत ने समयसीमा तय करते हुए कहा कि सर्वे तीन महीने के अंदर पूरा किया जाएगा।

## नामी ब्रांड के नकली जूते बनाने वाला गिरोह पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नामी कंपनियों के नकली जूते बनाने और बेचने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने यमुनापार के सोनिया विहार, नांगलोई और मंडोली एक्सटेंशन में चल रही तीन अवैध यूनिटों पर कार्रवाई कर मालिक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के अनुसार सोनिया विहार के अम्बे एन्क्लेव, चौहान पट्टी में चल रही मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के मालिक संदीप सिंह को पहले गिरफ्तार किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि वह ब्रांडेड कंपनियों के नकली जूते तैयार कर बाजार में सप्लाई करता था। उसके खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। संदीप की निशानदेही पर नांगलोई से इदु अंसारी उर्फ राजू को पकड़ा गया, जो नकली ब्रांड लोगो की डाई डिजाइन कर तैयार करता था।

पूछताछ में मंडोली एक्सटेंशन में चल रही असेंबलिंग यूनिट का खुलासा हुआ, जहां से सुंदर नगरी निवासी पिंटू को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और सप्लाई नेटवर्क की जांच कर रही है। आरोपियों के कब्जे से नाइकी, एडिडास, न्यू बैलेंस और स्केचर्स जैसे ब्रांडों के सैकड़ों नकली जूते, बड़ी मात्रा में सोल, अपर, इनसोल, स्टिकर और जूते बनाने की मशीनें बरामद की गई हैं।

# एफसीआई से जुड़े आरोपों पर बढ़ी हलचल

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ रोड स्थित एफसीआई गोदाम से गेहूं की कथित अवैध निकासी और कालाबाजारी को लेकर विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। हाल ही में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा राहुल शर्मा सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद अब राहुल शर्मा और मोहित पाल ने दूसरे पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि एफसीआई गोदाम से निकलने वाले गेहूं से लदे ट्रकों से कथित तौर पर बोरी बदलकर अनाज को दोपहिया और छोटे मालवाहक वाहनों के माध्यम से पक्के बाग क्षेत्र में पहुंचाया जाता है, जहां उसका भंडारण किया जाता है। उनका दावा है कि इस संबंध में उनके पास वीडियो साक्ष्य भी मौजूद हैं, जिनमें गेहूं की बोरियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करते हुए देखा जा सकता है। राहुल शर्मा और मोहित पाल ने आरोप लगाया कि उन्होंने करीब एक वर्ष पूर्व भी इस विषय में संबंधित अधिकारियों को जानकारी देकर कार्रवाई की मांग की थी। उनका कहना है कि इसके बाद से उन्हें लगातार दबाव और धमकियों का सामना करना पड़ा। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि 18 जनवरी 2026 की रात को उनके साथ मारपीट की घटना हुई, जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकरण में दोनों पक्षों के बयान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि वास्तविक तथ्यों का खुलासा हो सके। साथ ही उन्होंने एफसीआई गोदाम से पक्के बाग क्षेत्र तक लगे कैमरों की फुटेज की जांच कर कथित अवैध गतिविधियों की पड़ताल कराने की मांग की है। इसके अलावा आरोपित पक्ष की आय और संपत्ति की जांच कराने का भी अनुरोध किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्राप्त शिकायत और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## मोहल्ला शान्तिनगर में हुई चोरी का सफल खुलासा, 2 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने मोहल्ला शान्तिनगर में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 2 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई में चोरी का शत-प्रतिशत माल बरामद किया है, जिसमें नकदी 17,200 रुपये, पीली और सफेद धातु के आभूषण, 4 मोबाइल फोन और चोरी में प्रयुक्त आई-10 कार शामिल हैं। थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त कनिष पुत्र अजय कुमार और निहाल पुत्र राकेश ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से अपने ही रिश्तेदार (मौसी) के घर में चोरी को अंजाम दिया था। हापुड़ नगर पुलिस ने इस मामले में बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को ग्राम दस्तोई की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से बरामद सामान में पीली धातु के गहनों में 2 गले के सेट, एक चौन, एक मंगलसूत्र, 2 चूड़ियां, जोड़ी कान के कुंडल और एक अंगूठी शामिल हैं। सफेद धातु के गहनों में 3 जोड़ी पाजेब और 5 जोड़ी बिछुए हैं। इसके अलावा, 17,200 रुपये नकद, 4 मोबाइल फोन और चोरी में प्रयुक्त आई-10 कार भी बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है और चोरी के सभी साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## दुल्हन बनी ठग, चार दूल्हों को शादी कर लूटने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम दयानतपुर निवासी सूरज पुत्र धर्मपाल सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में एक महिला और उसके परिवार पर सुनियोजित तरीके से शादी के नाम पर ठगी करने, सोने-चांदी के जेवरात हड़पने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार उसकी शादी 01 नवंबर 2025 को नेहा से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार कराई गई थी।

सूरज का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद नेहा और उसकी मां ने षड्यंत्र के तहत उसके घर से सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान समेटकर अपने मायके भिजवा दिए। जब पीड़ित पक्ष ने इस बारे में आपत्ति जताई और सामान वापस मांगने की बात कही तो नेहा की मां, भाई, बहन और अन्य ने मिलकर दहेज के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और पैसों की मांग शुरू कर दी। पीड़ित का दावा है कि दबाव बनाकर उससे करीब तीन लाख 25 हजार रुपये वसूल लिए गए। सूरज ने यह भी आरोप लगाया कि नेहा पहले ही सौरभ नमक युवक से शादी कर चुकी थी और उससे एक वर्षीय पुत्र भी है। इसके बावजूद बिना तलाक लिए उससे दूसरी शादी कराई गई और इस तथ्य को उससे छिपाया गया। पीड़ित के अनुसार नेहा के परिवार वाले बच्चे को उसके असली पिता को सौंपने से भी इनकार कर रहे हैं, जिससे बच्चे के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। सूरज ने आरोप लगाया कि नेहा और उसका परिवार इसी तरह कई युवकों से शादी कर ठगी कर चुका है। सूरज ने अन्य मामलों का भी उल्लेख किया है, जिनमें मेरठ क्षेत्र निवासी सोनू से कथित तौर पर सात लाख रुपये, बुलंदशहर क्षेत्र निवासी प्रवीन से साढ़े सात लाख रुपये नकद की ठगी शादी के नाम पर की गई। पीड़ित का कहना है कि यह पूरा नेटवर्क योजनाबद्ध तरीके से शादी कर मोटी रकम ऐंठने और घरों से जेवरात लेकर फरार होने का काम करता है। सूरज ने यह भी आरोप लगाया कि जब कोई व्यक्ति इनके खिलाफ कार्रवाई की बात करता है तो उसे झूठे मुकदमों में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी जाती है। सूरज ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि उसके पास नेहा की कई शादियों से जुड़े फोटो और अन्य सबूत मौजूद हैं। युवक ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।



## 64 लाख की लूट को लेकर एडीजी ने एसपी के साथ किया लूट स्थल का निरीक्षण

पिलखुवा में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** दो दिन पहले पिलखुवा क्षेत्र में हुई 64 लाख रुपए की लूट मामले में पुलिस पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई कर रही है। लूट की घटना के बाद कई जनपदों की टीम सक्रिय कर दी गई है और अधिकारी दावा कर रहे हैं कि जल्द ही इस लूट का खुलासा किया जाएगा।

सोमवार को एडीजी भानु भास्कर पिलखुवा पहुंचे और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एएसपी विनीत भटनागर के साथ इस लूट की गंभीरता पर मीटिंग की। बैठक में लूट के मामले में पुलिस की जांच की रणनीति, तकनीकी पहलुओं और सक्रिय अभियान की समीक्षा की गई। एडीजी ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए और मामले को जल्द सुलझाने के लिए जोर दिया। इसके बाद एडीजी ने लूट के स्थल का निरीक्षण किया और घटनास्थल की स्थिति, सुरक्षात्मक व्यवस्था और साक्ष्यों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते हुए आवश्यक कदम उठाने के लिए सतर्क रहने को कहा। एडीजी ने बताया कि लूट की घटना खुलने के लिए कई जनपदों की पुलिस टीमें लगी हुई है। पहले चार टीम गठित की गई थी मगर जल्दी लूट की गुत्थी सुलझाने के लिए अब बढ़ाकर 10 पुलिस टीम लगाई गई है जल्द ही लूट का खुलासा किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच में तकनीकी सहायता, सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों की पहचान के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। लूट की राशि की अहमियत को देखते हुए जांच टीम पूरे इलाके में व्यापक स्तर पर सक्रिय है और अधिकारियों का मानना है कि अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।



## एसएसवी इंटर कॉलेज के छात्रों को पुलिस कार्यप्रणाली से कराया परिचय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरिएंस लर्निंग कार्यक्रम के अंतर्गत थाना हापुड़ नगर में एक विशेष शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्रा ने एसएसवी इंटर कॉलेज के छात्रों को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

भ्रमण के दौरान छात्रें को पुलिस की संरचना, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, जनपदीय कंट्रोल रूम और 112 कंट्रोल रूम के संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों ने पुलिस कार्यप्रणाली के बारे में लाइव अनुभव प्राप्त किया और विभिन्न विभागों में होने वाले कार्यों को नजदीक से देखा। छात्रों को कानून का महत्व, नागरिकों की सुरक्षा, अपराध निवारण और पुलिस सेवा के प्रति जिम्मेदारी के बारे में भी जागरूक किया गया। क्षेत्रधिकारी ने छात्रें को अपराध के प्रति सतर्क रहने और साइबर तथा अन्य कानूनी मामलों में पुलिस से सहयोग लेने के तरीके समझाए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्रों को पुलिस व्यवस्था से परिचित कराना है, बल्कि उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी, कानून का सम्मान और सुरक्षा जागरूकता के प्रति सजग बनाना भी है। छात्रों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अनुभव से उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली और कानून की बारीकियों को समझने का अवसर मिला।



## हाईवे पर रफ्तार का तांडव, डिवाइडर फांदकर दूसरी लेन में गिरी कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर पिलखुआ कोतवाली क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार से दौड़ रहे एक अज्ञात वाहन ने बैगनार कार को पीछे से भीषण टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार हवा में उछलती हुई डिवाइडर से जा टकराई और पलटते-पलटते दूसरी लेन में जा गिरी। कुछ ही सेकेंड में हाईवे पर चीख-पुकार मच गई और वाहनों की लंबी कतार लग गई।

हादसे के बाद कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आगे का हिस्सा बुरी तरह चकनाचूर हो गया, शीशे टूटकर सड़क पर बिखर गए और लोहे के टुकड़े कई मीटर तक फैल गए। टक्कर के बाद कार सड़क पर कई फीट तक घिसटती चली गई, जिससे सड़क पर धुआं और रबर जलने की तेज गंध फैल गई। यह दृश्य देख वहां से गुजर रहे वाहन चालक सहम गए और आनन-फानन में अपने वाहन रोक दिए। कार में सवार लोगों के लिए यह हादसा किसी डरावने सपने से कम नहीं था।

टक्कर के झटके से सभी सीटों पर उछल पड़े, लेकिन सौभाग्य से कोई बड़ा जानलेवा नुकसान नहीं हुआ और सभी कार सवार बाल-बाल बच गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पिलखुआ पुलिस मौके पर पहुंची और हाईवे पर बिखरे मलबे को हटवाकर यातायात को नियंत्रित कराया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और फरार वाहन की तलाश में जुट गई है।



### एक नजर

## तीन जिलों में दहशत फैलाने वाले कुंडल लुटेरे दबोचे गए, हथियार और बाइक बरामद

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने कुंडल लूट की बड़ी घटना का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पीली धातु के पांच कुंडल, अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और वारदात में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों ने 15 जनवरी 2026 को धौलाना क्षेत्र के बंबावड़ मार्ग पर एक महिला से कुंडल लूट की घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस के अनुसार थाना धौलाना पुलिस ने बीएनएस से संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए गालंद नहर पुल के पास से दोनों अभियुक्तों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने धौलाना के अलावा थाना हाफिजपुर क्षेत्र और जनपद बिजनौर के थाना चांदपुर क्षेत्र में भी कुंडल लूट और छिनैती की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान इकराम उर्फ पप्पू पुत्र कमरुद्दीन निवासी ग्राम बागड़पुर, थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ (हाल निवासी चांद कॉलोनी, थाना मसूरी, गाजियाबाद) तथा सुहैल पुत्र शोएब निवासी ग्राम लुहारी, थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं और लंबे समय से लूट की घटनाओं में सक्रिय थे। बरामदगी के दौरान पुलिस को धौलाना थाने के मुकदमे से संबंधित एक कुंडल, थाना हाफिजपुर क्षेत्र से जुड़े दो कुंडल और थाना चांदपुर जनपद बिजनौर से जुड़े दो कुंडल मिले हैं। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (संख्या यूपी 37 वी 5326) भी जब्त की गई है। आरोपियों के पास से एक अवैध तमंचा और 315 बोर का एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है और अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर भी जानकारी जुटाई जा रही है। लुटेरे बदमाशों का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास बताया जा रहा है।

## दूसरी क्लास के लापता छात्र का नहीं लग रहा सुराग, परिजनों को सता रहा अनहोनी का डर

**गढ़मुक्तेश्वर।** संदिग्ध दशा में लापता हुए दूसरी क्लास के छात्र का छठे दिन भी कोई सुराग न लगने से परिजनों में बेचौनी बढने् के साथ ही अनहोनी का डर भी सता रहा है। गढ़ क्षेत्र के गांव बदरखा निवासी साकिब का आठ वर्षीय बेटा हुसैन गांव के ही सरकारी स्कूल में दूसरी क्लास की पढ़ाई कर रहा था, जो स्कूल जाने के दौरान 28 जनवरी को रास्ते से संदिग्ध दशा में लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी कोई अता पता न लगने से परिजन बुरी तरह बेचौन हो रहे हैं, जिन्हें अपने बेटे के साथ कोई अनहोनी घटना होने का डर भी सता रहा है। खोजबीन के दौरान कोई सुराग न लगने पर अनहोनी की आशंका से भयभीत परिजन कोतवाली पहुंचे। जिन्होंने अपना दुखड़ा सुनाते हुए गुमशुदगी की तहरीर देकर लापता बेटे को सकुशल बरामद कराने की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह बिष्ट का कहना है कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता छात्र की सुरागरसी कराई जा रही है, जिसे बहुत जल्द सकुशल ढंग में बरामद कर लिया जाएगा।

## आरपीएफ ने फिश प्लेट चोरी करने वाले चोर और कबाड़ी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र में रेलवे लाइन से फिश प्लेट चोरी के मामले का रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरपीएफ के अनुसार यह घटना लाखन रेलवे फाटक के पास हुई थी। पहली बार 30 दिसंबर को रेलवे लाइन को जोड़ने वाली फिश प्लेट चोरी की गई थी। इसके बाद 26 जनवरी को उसी स्थान पर दोबारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। दूसरी घटना के दौरान आरोपी मौके पर स्कूटी छोड़कर फरार हो गए थे। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के चलते ट्रेनों का संचालन एहतियातन धीमी गति से कराया गया था। दोनों मामलों में आरपीएफ थाने में मुकदमे दर्ज किए गए थे। आरपीएफ थाना प्रभारी राकेश कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच उप निरीक्षक अनिल कुमार तेवतिया के नेतृत्व में की गई। जांच के दौरान लाखन निवासी दीपू तोमर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि चोरी की गई फिश प्लेट उसने सर्विस रोड रिलायंस मार्ग के मोड़ पर स्थित कबाड़ की दुकान पर जान मोहम्मद को बेची थी। इसके बाद आरपीएफ टीम ने कबाड़ी जान मोहम्मद को भी गिरफ्तार कर लिया और चोरी का माल बरामद कर लिया। आरपीएफ अधिकारियों का कहना है कि रेलवे संपत्ति की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## पीड़िता ने लगाया पति द्वारा देह व्यापार में धकेलने की धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धोखाधड़ी और मानसिक व शारीरिक शोषण के गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। पीड़िता शीतल ने बताया कि उसकी शादी 03 मार्च 2025 को ग्राम ददायरा, थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में हिंदू रीति-रिवाज से ग्राम फफूड़ा, थाना खरखौदा मेरठ निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी में शीतल के पिता ने अपनी सामर्थ्य से अधिक खर्च कर घरेलू सामान, मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के आभूषण सहित अन्य उपहार दिए थे। विवाह पर करीब 15 से 16 लाख रुपये खर्च किए जाने का दावा किया गया है।

शीतल का आरोप है कि शादी से पहले ससुराल पक्ष ने उसके पिता को बताया था कि दामाद मोबाइल टावर कंपनी में इंजीनियर है। इस जानकारी पर भरोसा कर विवाह कराया गया, लेकिन शादी के बाद सामने आया कि पति बेरोजगार है और किसी भी कंपनी में कार्यरत नहीं है। जब शीतल ने इस बारे में सवाल किया तो पति ने गाली-गलौच और मारपीट शुरू कर दी। कुछ समय बाद ससुराल पक्ष ने कम दहेज का ताना देते हुए अतिरिक्त दहेज में कार और पांच लाख रुपये नकद की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर पति शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब पति घर पर ही रहने लगा और उसने खर्च चलाने को लेकर काम करने की बात कही, तो पति ने हिंसक रवैया अपनाया और धमकी दी कि उसका काम लड़कियों की सप्लाई करना है और जरूरत पड़ी तो उसे भी बेच देगा। शीतल का कहना है कि कुछ दिनों बाद उसका पति उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने दोस्तों के पास ले गया और वहां उसे सामने बैठा दिया। आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने उसके बारे में आपत्तिजनक बातें कहीं और पैसों की चर्चा की। इस घटना के बाद शीतल को साजिश का अंदेशा हुआ और उसने पूरी आपबीती अपने भाई को बताई। शीतल के भाई ने बहन की ससुराल पहुंचकर मामले की जानकारी ली तो उसके साथ भी मारपीट और अभद्रता की गई। इसके बाद भाई शीतल को अपने साथ मायके ले आया और पूरे मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेते हुए निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर तथ्यों की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।



## असौड़ा गांव में कछुआ तस्करी का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के असौड़ा गांव में वन विभाग की टीम ने बड़ी छापेमारी करते हुए वन्यजीव तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी शाहरुख के घर से 13 जीवित कछुए बरामद किए गए, जिन्हें अवैध रूप से रखा गया था। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

वन विभाग को लंबे समय से क्षेत्र में कछुओं के अवैध शिकार और तस्करी की सूचना मिल रही थी। सूचना के आधार पर विभागीय अधिकारियों ने टीम गठित कर असौड़ा गांव में दबिश दी। छापेमारी के दौरान आरोपी के घर में छिपाकर रखे गए 13 कछुए बरामद किए गए। टीम ने मौके पर ही आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बरामद किए गए कछुए संरक्षित प्रजाति के अंतर्गत आते हैं। इन्हें अवैध रूप से रखना और इनका व्यापार करना कानूनन अपराध है। सभी कछुओं को सुरक्षित रूप से कब्जे में लेकर विभागीय संरक्षण में भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीव तस्करी और अवैध शिकार पर सख्ती से रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।



## दीपक कुमार को राष्ट्रीय भाईचारा अवार्ड से सम्मानित करेगी वीआईपी पाटी: डा. शेख बिना

**मथुरा।** वंचितसमाज इंसाफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शेख ने कहा कि उत्तराखंड के जांबाज दीपक कुमार को वी आई पी पार्टी राष्ट्रीय भाई चारा अवॉर्ड से सम्मानित करेगी। डॉ शेख ने कहा कि कोटद्वार के अंदर एक वर्षों पुरानी दुकान है बाबा के नाम से ,कुछ उपद्रवी तत्व आते है,बाबा कलेक्शन के मालिक के साथ मारपीट करते है ओर कहते है, कि बाबा नाम हटा लो ,इस घटना को देख कर पड़ोस के जिम संचालक दीपक कुमार आ गए और उपद्रवी तत्वों से बोले बाबा को क्यों परेशान कर रहे हो,उपद्रवी लोगों ने पूछा तुम्हारा नाम किया है, इस नौजवान ने तपाक से कहा मेरा नाम मुहम्मद दीपक है यह सुनकर लोग वहां से चले जाते हैं, इस घटना से करोड़ों दिलों में अपनी जगह बना लेते है दीपक ,देश में बढ़ रही नफरत भरे माहौल में मुहब्बतं का चिराग जलाते हैं,दीपक कुमार आज देश को हजारों दीपकों की जरूरत है ,जो इस नफरत को मिटा सके, डॉ शेख ने कहा कि कुछ प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों में होड़ लगी हुई है कि कौन सब से ज्यादा एक समुदाय को टारगेट करता है,उन सब में पहले नंबर पर आने वाले भी उत्तराखंड के धामी ही है,धामी को चाहिए था कि कोटद्वार में उपद्रवी लोगों के खिलाफ कड़ी कारवाही करनी चाहिए थी उन को जेल में डाला जाना चाहिए था,जब की धामी के प्रशासन ने उल्टे दीपक के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया ,लगता है देश में कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है सुप्रीम कोर्ट को इस तरह के नफरती लोगों पर संज्ञान लेना चाहिए,उधर डॉ शेख ने विपक्ष पर भी हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष को सिर्फ मुसलमानों का वोट चाहिए ,कहा चले जाते हैं कांग्रेस, सपा बसपा के हजारों कार्यकर्ता जब कुछ उपद्रवी लोग आते है ओर मुसलमानों को रहड़ी वालों को, बिरयानी बेचने वालों को ,फैरी करने वालों को परेशान कर ने आते हैं,अगर उस वक्त सपा बसपा कांग्रेस ओर सेकुलर हिन्दू भाई कोटद्वार के दीपक बनकर आने लगेंगे तौ नफरती गैंग खुद बा खुद भाग जाएंगे

## बांकेबिहारी मंदिर में मुस्लिम को रेलिंग ठेका देने पर विवाद

**वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में प्रवेश द्वार से निकास द्वार तक रेलिंग लगाने का ठेका मुस्लिम को देने का विरोध शुरू हो गया है। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित होने से लोगों ने आपत्ति जताई है। फेसबुक पर संदीप पहल नामक व्यक्ति ने एक वीडियो अपलोड किया है। ये वीडियो कुछ दिन पुराना है, लेकिन रविवार को ये चर्चा में रहा। इस वीडियो में संदीप पहल कहते दिख रहे हैं कि हरिद्वार में हरि की पौड़ी पर मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित है तो बांकेबिहारी मंदिर में रेलिंग लगाने का ठेका एक मुस्लिम को कैसे दिया जा सकता है। संदीप का कहना है कि बांकेबिहारी मंदिर में स्टील की रेलिंग बनाने का टेंडर मेरठ की कनिका कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है। इस कंपनी के मुख्य पार्टनर कांग्रेस नेता सलीम खान हैं। इस टेंडर को दिलाने में मथुरा के एक एडीएम का हाथ भी बताया गया है। सलीम खान को कोविड काल में भी भोजन के पैकेट वितरित करने का भी टेंडर दिया गया था। इस वीडियो को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस संबंध में उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति के सदस्य शैलेंद्र गोस्वामी का कहना है कि मंदिर में रेलिंग लगाने का काम जिस कंपनी को दिया है, उसका स्वामी मुस्लिम है, ये जानकारी नहीं है। लेकिन, हमारे यहां तो स्वामी हरिदास के दर्शन एवं संगीत सुनने को अकबर भी आया था, जो मुगल शासक था।

# इंटीरियर के नाम पर करोड़ों की ठगी

## बीटेक पास गुड्डू आलम गिरफ्तार, चार फरार, एग्रीमेंट के नाम पर 60% एडवांस, फिर तोड़फोड़ कराकर गायब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** घरों में इंटीरियर वर्क कराने के नाम करोड़ों का गबन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसका नाम गुड्डू आलम निवासी बिसरख नोएडा उम्र करीब 35 साल है। बीटेक किए हुआ है। वहीं चार आरोपी फरार है। इनकी तलाश की जा रही है। इन पांचों ने एक कंपनी आई होम मास्टर प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर-63 के जी-172में खोली थी।

पुलिस ने बताया कि गाजियाबाद निवासी राजेश खंडेलवा के अलावा 20 से ज्यादा पीड़ितों ने शिकायत की थी। कंपनी द्वारा उनक साथ धोखाधड़ी करके घरों में इंटीरियर कार्य करने के झूठे वादेर करीब दो रोड़ लिए। लेकिन इंटीरियर काम नहीं किया गया। रुपये वापस मांगने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई। इसके अलावा अभय नारायण ठाकुर निवासी आयरिश



पर्ल्स स्पोर्ट्स सिटी ग्रेटर नोएडा के फ्लैट का इंटीरियर डिजाइन करने के लिये करीब 10 लाख रुपये लिए और काम नहीं किया। पैसे वापस मांगने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गुड्डू आलम ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वो साल 2021 से आई होम मास्टर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जी-72 सेक्टर-63 नोएडा का डायरेक्टर है। वह घरों व फ्लैटो में इंटीरियर डिजाइन का काम करता है। आर्डर आने पर घर व फ्लैट में इंटीरियर डिजाइन के काम की लागत का घर व फ्लैट मालिक के साथ एग्रीमेंट करता है।

**एग्रीमेंट कर लेता है 60 प्रतिशत पैसा:** एग्रीमेंट कर पूरी कीमत का करीब 50 से 60 प्रतिशत पैसा एडवांस ले लेता है। उसके बाद लेबर लगाकर घर फ्लैट में तोड़ फोड़ करा देता है। उसी दौरान कोई न कोई ग्राहक मिल जाता है उससे भी पैसा लेकर तोड़ फोड़ करा देता है। कोई ग्राहक अन्य किसी इंटीरियर डिजाइन के पास न पहुंच जाये इसके लिए कंपनी सभी ग्राहकों को विश्वास में लेकर एग्रीमेंट पैसा लेता है।

**सोशल मीडिया से करता प्रचार:** लोगों को विश्वास में लेने के लिए, एक दो काम जो पूरा किये है उनको सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करके अधिक से अधिक ग्रहकों को आकर्षित करता है। फोन द्वारा संपर्क कर व्यक्तियों को विश्वास में लेता है और बताया गया कि वह ग्राहकों से लिये गये पैसो की अपनी मौजमस्ती और अपने आराम में खर्च करता है।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने अजनारा होम्स पर लगाई 54 लाख की पेनल्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-16बी स्थित अजनारा होम्स (एपीवाई रियल्टी) पर एसटीपी न चलाने, सीवरेज को शोधित किए बिना डिस्चार्ज करने व उद्यान से जुड़े कार्यों के लिए भूजल दोहन करने पर 50 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई है। साथ ही सोसाइटी से निकलने वाले कचरे का उचित प्रबंधन न करने पर भी 4.32 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई है। बिल्डर पर एफआईआर दर्ज करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से पुलिस को पत्र भी लिखा गया है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर सीवर विभाग की टीम ने 202 बिल्डर सोसाइटियों को नोटिस जारी किया गया, जिसमें ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटियों से एसटीपी की समुचित क्षमता और सुचारु संचालन पर जवाब मांगा गया है। साथ ही शोधित सीवेज पानी का इस्तेमाल पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए उपयोग कर रहे हैं या नहीं, इस पर भी जवाब मांगा गया। जवाब न मिलने पर सीवर विभाग की टीम मौके पर जाकर मुआयना करती है और पेनल्टी भी लगाती है। अजनारा होम्स पर कार्रवाई भी इसी अभियान के तहत की गई है। सीवरेज विभाग की तरफ से बिल्डर को पत्र भेजकर एसटीपी की स्थापित क्षमता और संच. लन की स्थिति, सोसाइटी में रहने वाली कुल आबादी, शोधित सीवरेज के रियूज आदि की जानकारी मांगी गई थी, लेकिन बिल्डर की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई, जिसके चलते निवासियों की शिकायत पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीवर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव के नेतृत्व में टीम ने हाल ही में सोसाइटी का विजिट किया। इस दौरान एसटीपी पूर्णतया बंद पाया गया। निवासियों ने बताया कि विगत दो वर्षों से एसटीपी बंद है। सोसाइटी में लगभग 2300 फ्लैट हैं, जिससे रोजाना औसतन लगभग 1.15 एमएलडी सीवेज निकलने का आकलन है। इस अशोधित सीवेज को नाली में गिराया जा रहा था। नाली की तरफ की लाइन चोक होने पर सीवेज को बेसमेंट में भी गिराया जाने लगा, जिसकी वजह से निवासियों के लिए गंभीर संकट की स्थिति बन गई थी। यह एनजीटी के आदेशों और सीपीसीबी व यूपीपीसीबी के नियमों के भी खिलाफ है। इसके अतिरिक्त पेड़-पौधों की सिंचाई के कार्यों के लिए भूजल दोहन भी नियमों के खिलाफ है, जिसके चलते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीवर विभाग की तरफ से अजनारा होम्स (एपीवाई रियल्टी) पर 50 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई गई है। जुर्माने की रकम 7 कार्यदिवस में प्राधिकरण के खाते में जमा कराने को कहा गया है। साथ ही एसटीपी को चालू कर शोधित सीवेज को सिंचाई, फ्लशिंग आदि कार्यों में करने के निर्देश दिए गए है।

# कोहरे के कारण कार नाले में गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कासना में एक बड़ा हादसा टल गया। शनिवार रात घने कोहरे के कारण रास्ता न दिखने से एक कार नाले में जा गिरी। गनीमत रही कि नाले में पानी कम था, जिससे कार में सवार दोनों लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। यह घटना युवराज मेहता जैसी दुर्घटना होने से बच गई।

जानकारी के अनुसार, इटावा निवासी सुनील कुमार अपने चालक रिजवान के साथ शनिवार देर रात करीब 3 बजे लूक्सर से परी चौक की ओर जा रहे थे। उनकी कार ओला टैक्सी कंपनी से जुड़ी है। इकोटेक 6 स्थित ओप्पो कंपनी की तरफ से भाटी गोल चक्कर की ओर जाते समय घना कोहरा था। कम विजिबिलिटी के कारण चालक 90 डिग्री का मोड़ नहीं देख पाया और कार सीधे नाले में जा गिरी।

कार नाले में गिरने के बाद सीधी खड़ी हो गई। नाले में पानी का स्तर कम होने, बहाव धीमा होने और गहराई कम होने के कारण कार सवार दोनों व्यक्ति तुरंत सुरक्षित बाहर निकल आए। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल कार को नाले से बाहर निकलवाया।

रविवार को जब प्रशासन को इस घटना की जानकारी मिली, तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने वहां लकड़ी की बल्लियां लगाकर और छोटी रिफ्लेक्टर टेप लगाकर उस स्थान को सुरक्षित किया। हालांकि, प्रशासन द्वारा पहले भी उस नाले को मिट्टी डालकर ढका गया था।

उल्लेखनीय है कि नोएडा सेक्टर 150 में युवराज की मौत के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कई 'ब्लैक स्पॉट' चिन्हित किए थे। इन स्थानों पर सुरक्षा के मद्देनजर जगह-जगह रिफ्लेक्टर लगाए गए थे ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# 100 बाइक चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

## 12 बाइक बरामद, इन्ही बाइक से करते थे स्नेचिंग, ऑन डिमांड की जाती थी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने 100 से ज्यादा बाइक चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 12 बाइक बरामद की गई। चोरी की बाइक से ये मोबाइल और चेन स्नेचिंग का काम करते थे। इनके नाम 30 साल का राहुल उर्फ राबर्ट इस पर 24 मुकदमा और 21 साल का नावेद है इस पर करीब आठ मुकदमा दर्ज है। ये दोनों बाइक चोरी कर अपने अन्य साथियों को देते वहां से आगे बेच देते है।

इन दोनों को एफ-133 के सामने सेक्टर-8 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी ने बताया दोनों बदमाश पहले रेकी करते है इसके बाद चोरी की घटना करते है। मास्टर चाबी से बाइक खोलते है। इसके बाद



सुनसान इलाकों में बाइक खड़ी करते है। ये चोरी की बाइक आगे अपने साथी को देते है वहां से ऑनडिमांड बाइक बेच दी जाती है। इन चोरी की बाइक को बदल-बदल कर ये दोनों चेन स्नेचिंग का काम भी करते है इनके पास से बरामद 2 हजार रुपए चेन बेचकर ही लाए गए थे। पैसों का प्रयोग मौज मस्ती के लिए करते है। ये लोग दिल्ली , नोएडा , गाजियाबाद और एनसीआर के अन्य शहरों में बाइक चोरी करते है।

## एक नजर

### नशे में धुत युवकों ने मां-बेटे को पीटा

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जारचा क्षेत्र के घनुवास गांव में रविवार को नशे में धुत युवकों ने मां-बेटे के साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक धनुवास गांव निवासी पुनीत ने बताया कि वह रविवार को गांव में हलवाई की दुकान पर कुछ सामान खरीद रहा था। इसी बीच सोनू और विवेक नशे की हालत में दुकान पर पहुंचे और बिना वजह पुनीत से गाली-गलौज करने लगे। पुनीत ने बताया कि वह चुपचाप वहां से अपने घर आ गया। आरोप है कि इसके बाद दोनों अपने दो अन्य साथियों के साथ उसके घर आ पहुंचे और पुनीत और उसकी मां के साथ मारपीट की।

आरोपी धमकी देकर वहां से भाग गए। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी सोनू, विवेक, मोहित और प्रशांत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### इंजीनियर की मौत: बिल्डर अभय कुमार को झटका, जमानत याचिका खारिज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता से जुड़े मामले में एमजेड विजटाउन बिल्डर के निदेशक अभय कुमार की जमानत याचिका पर सोमवार को सीजेएम कोर्ट में सुनवाई हुई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अभय कुमार की जमानत खारिज कर दी। इस मामले में अगली सुनवाई 13 फरवरी को तय की गई है।

नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने एमजेड विजटाउन बिल्डर के निदेशक अभय कुमार को सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने अदालत से आरोपी की रिमांड बढ़ाने की मांग की थी, जिस पर सोमवार को सुनवाई हुई। इसी दौरान, अभय कुमार की ओर से जमानत याचिका भी दायर की गई थी, जिसकी अर्जी पर भी अदालत में सुनवाई हुई।सीजेएम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष दोनों की दलीलों को ध्यान से सुना। दोनों पक्षों को सुनने के बाद, अदालत ने आरोपी अभय कुमार की जमानत याचिका को खारिज करने का फैसला सुनाया। इस फैसले से पुलिस की कार्रवाई को बल मिला है और मामले की जांच आगे बढ़ेगी।

**मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी को:** अदालत ने जमानत याचिका खारिज करने के साथ ही मामले की अगली सुनवाई की तारीख भी तय कर दी है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 13 फरवरी को होगी, जिसमें आगे की कानूनी प्रक्रिया पर विचार किया जाएगा। पुलिस जांच जारी रखे हुए है और इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं पर भी गौर किया जा रहा है।

### पहले दिन आरटीई के आवेदन टले

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में बच्चों को दाखिला दिलाने की चाह रखने वाले अभिभावक पहले दिन आवेदन नहीं कर सके। पोर्टल का सर्वर न चल पाने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। आवेदन की प्रक्रिया पहले से ही एक माह देरी से चल रही है। अभिभावकों का कहना है कि निजी विद्यालयों में सामान्य सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है जबकि आरटीई के तहत प्रवेश को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। समय पर पोर्टल अपडेट नहीं चलने से गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों के भविष्य के साथ साथ हजारों अभिभावकों की उम्मीदें भी अधर में हैं।

सभी अभिभावक आरटीई के सहारे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने का सपना देख रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार का कहना है कि आरटीई के तहत निजी स्कूलों की 25 प्रतिशत सीटों पर दाखिले की प्रकिया सोमवार से शुरू हुई है। कई अभिभावकों के माध्यम से जानकारी मिली कि सर्वर नहीं चलने के कारण बच्चे आवेदन नहीं भर पा रहे हैं। अभिभावकों की शिकायत आने के बाद विभाग को बता दिया गया है। उम्मीद है कि मंगलवार से ऑनलाइन आवेदन करने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

### नियम तोड़ने पर चार निजी बसें जब्त

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने सोमवार को जांच अभियान चलाकर चार निजी बसें जब्त की। फिटनेस, परमिट और अन्य कमियों के कारण यह कार्रवाई की गई। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि इनमें तीन स्लीपर और एक सीटर बस शामिल है। बसों को मोरना स्थित नोएडा डिपो में खड़ा कराया गया है।

# वाहन की टक्कर से घायल फैक्टरीकर्मी ने दम तोड़ा

**नोएडा।** सेक्टर-62 में 11 दिसंबर को अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल फैक्टरीकर्मी की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसकी पत्नी ने रविवार को अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिला रायबरेली के जमुनीपुर चरूहार मजरे गांव की रहने वाली नीलम ने पुलिस को बताया कि उसके पति आशीष नोएडा सेक्टर-63 स्थित फैक्टरी में काम करते थे। वह 11 दिसंबर की रात करीब आठ बजे सेक्टर-62 यूटर्न से होते हुए जा रहे थे। अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हो गए थे। आशीष का पहले जिला अस्पताल और फिर दिल्ली के सफजदरजंग अस्पताल में उपचार कराया गया। बीते दिनों वहां से गांव ले जाते समय रास्ते में आशीष की तबीयत खराब हो गई। परिजनों ने सैफई के अस्पताल में उनको भर्ती कराया। वहां पर आशीष की मौत हो गई। शव का अंतिम संस्कार करने के बाद पत्नी ने मुकदमा दर्ज कराया है।

# कंट्रोल रूम से प्रयोगात्मक परीक्षाओं की हो रही निगरानी, प्रश्नपत्र भी पहुंचे

**नोएडा।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। पहले दिन 18 केंद्रों पर रसायन, भौतिक, जीव के साथ कई विषयों की परीक्षाएं कराई गईं। प्रयोगात्मक परीक्षाओं की निगरानी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से कराई जा रही है।

दो से नौ फरवरी तक इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। सीसीटीवी कैमरों और वायस रिकॉर्डर की निगरानी में प्रयोगात्मक परीक्षा हो रही है। वहीं, अब अंक देने की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है। परीक्षक को परीक्षा केंद्र पर ही ऑनलाइन अंक देने होंगे। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल प्रायोगिक तौर पर ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से मंगाए गए थे। ऑनलाइन व्यवस्था के सफल होने के बाद अब पूरी तरह डिजिटल माध्यम को ही अपनाया गया है। अब नई प्रणाली के तहत परीक्षकों को मोबाइल एप के जरिये दो बार अंक अपलोड किए जा रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज से इस प्रक्रिया में जियो फेंसिंग तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, जब परीक्षक केंद्र पर मोबाइल एप से लॉग इन करेंगे तो सिस्टम उनके वर्तमान भौगोलिक स्थान (जियो पैरामीटर) का मिलान पहले से दर्ज डाटा से करेगा। निर्धारित दूरी के भीतर होने पर ही प्रैक्टिकल परीक्षा की प्रक्रिया आगे बढ सकेगी।

**कैमरे की रिकॉर्डिंग रखी जाएगी सुरक्षित:** प्रयोगात्मक परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए इसे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराई जा रही है। साथ ही परीक्षाओं के आयोजन की रिकॉर्डिंग को छह माह तक सुरक्षित रखा जाएगा। जिससे आवश्यकता के अनुरूप मांगे जाने पर उपलब्ध कराया जा सके। 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट का सचल दल भी भ्रमणशील रहकर परीक्षा का जायजा ले रहा है।

# ब्राह्मण केवल जाति नहीं, बल्कि त्याग और विश्व कल्याण का प्रतीक: रवि शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ब्राह्मण रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सेक्टर 22 नोएडा आरडब्ल्यूए के संरक्षक रवि शर्मा ने आज एक विशेष प्रेस वक्तव्य जारी किया। उन्होंने ब्राह्मण समाज के गौरवशाली इतिहास को रेखांकित करते हुए कहा कि ब्राह्मण भारतवर्ष का मस्तक और सनातन का आधार हैं।

वैश्विक कल्याण का दर्शन: श्री शर्मा ने जोर देकर कहा कि ब्राह्मणों का मूल मंत्र सदैव सर्वे भवन्तु सुखिन: रहा है। भौतिक संसाधनों की तुलना में उन्होंने सदैव मानवता के कल्याण और आध्यात्मिक समृद्धि को प्राथमिकता दी है। घ्सनातन और समावेशी विचारधारा: सनातन धर्म की महानता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि



हमारे मंत्रों की गूँज केवल मनुष्यों के लिए ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षी और सूक्ष्म जीवों की शांति के लिए भी है। यह वसुधैव कुटुंबकम की सच्ची भावना है। राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका त्याग और न्याय: महर्षि दधीचि का अस्थि दान और भगवान परशुराम का न्याय।

# आरजी रेजिडेंसी सोसाइटी के टावर में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-120 आरजी रेजिडेंसी सोसाइटी के टावर-जी एक फ्लैट में आग लगी है। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी है। मौके पर दमकल की दो से तीन गाड़ियों को भेजा गया है। आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। बताया गया कि आग टावर के टॉप फ्लोर से सटे फ्लैट में लगी है।

इमारत से लोगों को बाहर ने को बोला गया है। बिजली सप्लाई काट दी गई है। ताकि आराम से लोग बाहर आ सके। आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस बल भी मौके पर मौजूद है। अब तक आग की वजह स्पष्ट नहीं है। आग में कोई फंसा है या नहीं इसकी जानक. ारी दमकल विभाग के द्वारा की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में दहेज हत्या का मामला

## 50 लाख की शादी के बाद फ्लैट मांगने पर गर्भवती की दहेज हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दहेज हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि 50 लाख रुपये खर्च कर शादी करने के बावजूद ससुराल वाले उनकी बेटी से फ्लैट और मकान बनाने के लिए पैसे मांग रहे थे। मांग पूरी न होने पर उन्होंने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। मृतका गर्भवती भी थी।

नोएडा के गिजोड़ निवासी दीपचंद ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी शिवानी की शादी 6 मार्च 2025 को दादरी थाना क्षेत्र के एनटीपीसी निवासी लोकेश से की थी। शादी में उन्होंने नेक्सन कार, टीवीएस स्कूटी, 5 लाख रुपये नकद, 25 तोले सोना, डेढ़ किलो चांदी और अन्य आभूषण दिए थे। कुल मिलाकर शादी में करीब 50 लाख रुपये खर्च हुए थे। दीपचंद के अनुसार, शादी के तुरंत बाद से ही ससुराल वाले शिवानी से फ्लैट की मांग करने लगे थे। 31 जनवरी 2026 को शिवानी ने अपनी मां को फोन कर बताया कि उसके पति लोकेश, ससुर गोपाल, सास सावित्री, जेठ उमेश और जेठानी पिंकी उससे दहेज में फ्लैट और मकान बनाने के लिए रुपये मांगकर परेशान कर रहे हैं। उसकी मां ने उसे आश्वासन दिया कि उसके पिता अगले दिन आएंगे।

हालांकि, 1 फरवरी को दोपहर करीब 1:30 बजे दीपचंद को फोन आया कि उनकी बेटी की तबीयत खराब है और उन्हें तुरंत एनटीपीसी अस्पताल पहुंचने के लिए कहा गया। जब वे परिवार के साथ अस्पताल पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि शिवानी की गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। उसके शरीर पर चोट के निशान थे और उल्टे हाथ के अंगूठे पर नीली स्याही के निशान भी थे।

पिता दीपचंद ने पति लोकेश, ससुर गोपाल, सास सावित्री, जेठ उमेश और जेठानी पिंकी के खिलाफ गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सभी छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

जारचा थाना प्रभारी ने बताया कि अस्पताल से मेमो प्राप्त हुआ था कि फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है ,मृतका का जेठ ही उसे लेकर अस्पताल गया था फिलहाल इस मामले में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# जेवर एयरपोर्ट के पास चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर एयरपोर्ट के पास सोमवार को यमुना प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ अभियान चलाकर करीब 300 करोड़ रुपये की जमीन को कब्जामुक्त कराया। इस दौरान लगभग 1 लाख वर्ग मीटर भूमि से अवैध कब्जे हटाए गए।

यह कार्रवाई यमुना प्राधिकरण के सीईओ राकेश सिंह के निर्देश पर की गई। प्राधिकरण का दस्ता साबोता और दयानातपुर गांवों में पहुंचा और आधा दर्जन बुलडोजरों के साथ अवैध निर्माणों को ध्वस्त करना शुरू किया। कॉलोनाइजरों द्वारा जेवर एयरपोर्ट के पास अवैध रूप से कॉलोनियां काटी जा रही थीं।

इन अवैध कॉलोनियों में 'एरो ग्रीन बिल्डर' जैसे डेवलपर्स लोगों को एयरपोर्ट के पास घर दिलाने का सपना दिखा रहे थे। गौरतलब है कि जेवर एयरपोर्ट के आसपास अवैध निर्माण पर पूरी तरह से रोक है, लेकिन इसके बावजूद कॉलोनाइजर अवैध कॉलोनियां काटने और निर्माण करने की कोशिश कर रहे थे। ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान कॉलोनाइजरों को स्पष्ट चेतावनी दी गई। प्राधिकरण ने कहा कि यदि भविष्य में अवैध कॉलोनी काटने का प्रयास किया गया, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण द्वारा की गई इस बुलडोजर कार्रवाई के बाद अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया है।

# आर्किटेक्ट से 12 करोड़ की साइबर ठगी में आरोपी को नहीं मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सत्र अदालत ने ट्रेडिंग के नाम पर आर्किटेक्ट से करीब 12 करोड़ रुपये की ठगी के चर्चित मामले में आरोपी तेजपाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने अपराध की गंभीरता, आरोपी की सक्रिय संलिप्तता और केस डायरी में उपलब्ध साक्ष्यों को देखते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया। ठगी का यह मामला जिले की सबसे बड़ी साइबर ठगी में शामिल है। दर्ज मामले के मुताबिक लगभग 17 दिनों में अलग-अलग बैंक खातों में कुल 11 करोड़ 99 लाख 50 हजार रुपये ट्रांसफर कराए गए थे। जब उन्होंने रकम निकालने की कोशिश की तो कुछ रकम उनके खाते में वापस भी की गई लेकिन बाद में उनसे कंपनी के आईपीओ में 17 करोड़ रुपये निवेश करने की मांग की गई। इसी पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ और एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई। पीड़ित ने थाना साइबर क्राइम सेक्टर-36 में एफआईआर दर्ज कराई थी। साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में खातों के विवरण के साथ राशि को फ्रीज कराकर आरोपी को गिरफ्तार किया था। आरोपी से जुड़े खाते पर एनसीआरपी पोर्टल पर 23 अन्य साइबर अपराधों की शिकायतें भी दर्ज हैं।

# शंकराचार्य राजराजेश्वर जी महाराज के सान्निध्य में दिव्य सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर स्थित रबूपुरा के एक फार्म हाउस में सोमवार को दिव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी राजराज. ेश्वर जी महाराज (शारदा पीठाधीश्वर) के सान्निध्य में संपन्न हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संतगण और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति के मूल तत्वों, भारतीय परंपराओं और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना था। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्श, त्याग, सत्य, करुणा और राष्ट्रधर्म की भावना प्रत्येक नागरिक को कर्तव्यपथ पर चलने की सीख देती है। विधायक ने जोर दिया कि श्रीराम का जीवन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं, बल्कि यह सामाजिक आचरण और राष्ट्र निर्माण का मार्गदर्शक भी है।

जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वर जी महाराज ने अपने उद्बोधन में सनातन संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ने सदैव विश्व को शांति, सहअस्तित्व और मानवता का संदेश दिया है। उन्होंने युवाओं से संस्कारों को आत्मसात करने और समाज के प्रति जिम्मेदार भूमिका निभाने का आह्वान भी किया।

सम्मेलन के दौरान भजन, प्रवचन और आध्यात्मिक संवादों का आयोजन किया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह को सकारात्मक ऊर्जा और दिशा मिली। आयोजकों ने इस आयोजन को समाज को जोड़ने वाला एक प्रेरक कदम बताया।

# बर्ड फेस्टिवल-2026 का आयोजन

**राज्यमंत्री केपी मलिक ने संरक्षण और जागरूकता का दिया संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राज्य मंत्री, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश केपी मलिक की अध्यक्षता में विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर जैव विविधता संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण एवं इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूरजपुर वेटलैंड, ग्रेटर नोएडा में बर्ड फेस्टिवल 2026 का आयोजन किया गया।

केपी मलिक ने कहा कि हर साल 02 फरवरी को विश्व वेटलैंड दिवस मनाने का उद्देश्य आमजन को आर्द्रभूमियों के संरक्षण एवं संवर्धन के



प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे क्षेत्र में ऐसी समृद्ध प्राकृतिक धरोहर मौजूद है, जहां हजारों किलोमीटर दूर से आने वाले प्रवासी पक्षी अनुकूल वातावरण का लाभ उठाने आते हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भौतिक और तकनीकी विकास की दौड़ में प्रकृति को काफी क्षति पहुंची है और अनेक पक्षी प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्होंने सभी से प्रकृति और पक्षियों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

राज्य मंत्री ने सूरजपुर वेटलैंड का दौरा किया, इसके बाद प्रभागीय वन अधिकारी रजनीकांत मित्तल ने बर्ड वॉचिंग टूर, गाइडेड नेचर वॉक एवं नेचर ट्रेल्स, प्रवासी एवं स्वदेशी पक्षियों, वनस्पतियों, कीटों एवं अन्य जीव-जंतुओं के जीवन और पारिस्थितिक महत्व की जानकारी दी।

राज्य मंत्री ने बर्ड फेस्टिवल 2026 के आयोजन अवसर पर लगाई गई फोटो गैलरी का रिबन काटकर शुभारंभ किया । पर्यावरण, जैव विविधता एवं पक्षी संरक्षण से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रकृति, पर्यावरण और पक्षी संरक्षण का सुंदर संदेश निहित था।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# जलसमाधि लेने का प्रयास कर रहे युवक को पुलिस ने रोका

## हंगामे के बाद धरने पर बैठे ग्रामीणों के साथ पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने की घंटों तक वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** मुकीमपुरा गांव में जलनिकासी की समस्या को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार सुबह जलसमाधि लेने का प्रयास कर रहे युवक को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद रोक दिया। इस दौरान हंगामे के बाद धरने पर बैठे ग्रामीणों के साथ पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने घंटों वार्ता की।

मुकीमपुरा गांव में दशकों पुरानी जलनिकासी की समस्या से ग्रामीण परेशान है, जिसको लेकर जिले से लेकर शासन प्रशासन के अधिका. रियों को ग्रामीणों द्वारा बार बार शिकायत की जा रही है। इसी समस्या को लेकर गांव के युवक मोहित कश्यप ने कई दिन पूर्व जल समाधि लेने की चेतावनी दी थी, जिसको देखते हुए सुबह ही तहस. ीदार बड़ौत श्वेताभ सिंह, मैप तहस. ीलदार अतुल कुमार रघुवंशी विनोद कुमार धारीवाल राजस्व कर्मियों के





साथ पहुंच गए थे। स्थानीय पुलिस के अधिकारी भी गांव में पहुंच गए थे। चेतावनी देने वाले युवक मोहित ने अस्वीकृत तालाब में जल समाधि लेने का प्रयास किया तो अधिका. रियों के हाथों फूल गए। पुलिसकर्मियों ने दौड़ धूप कर किसी तरह उसे जल समाधि करने से रोका। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया तथा भगत सिंह के चित्र लेकर धरना देकर बैठ गए। अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच कई घंटे नोंकझोंक के साथ वार्ता हुई। काफी समझने के बाद अधिकारी जलनिकासी की व्यवस्था कराने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों को मनाने में सफल हुए, जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।

# मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए एसआईआर प्रक्रिया जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** नगर में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में सुभानपुर गांव में एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व नगर पालिका खेकड़ा के अधिशासी अधिकारी हरिलाल पटेल ने किया।

इस प्रक्रिया के तहत जिन मतदाताओं को नोटिस प्राप्त हुए हैं, उन्हें नोटिस में उल्लिखित पहचान पत्रों में से एक या दो वैध आईडी संलग्न कर अपना सत्यापन कराना अनिवार्य है। कैंप में बड़ी संख्या में मतदाताओं ने पहुंचकर SIR प्रक्रिया के अंतर्गत अपने आवेदनों का सत्यापन कराया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने मतदाताओं को प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी और आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद आवेदन स्वीकार किए। अधिशासी अधिकारी हरिलाल पटेल ने बताया कि नोटिस में लगभग 12 प्रकार के पहचान पत्रों का उल्लेख किया गया है। मतदाता इनमें से किसी भी एक या दो आईडी को आवेदन के साथ संलग्न कर सत्यापन करा सकते हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे निर्धारित समय सीमा का ध्यान रखते हुए शीघ्र अपने आवेदन जमा करें। इससे मतदाता सूची में उनका नाम सुरक्षित रहेगा और भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सकेगा।

# सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग पर आदमपुर पुलिया के समीप एक बुलेट मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब कपूरगढ़ निवासी एक युवक बुढ़ाना से बड़ौत की ओर जा रहा था। बताया गया कि चलती मोटरसाइकिल की चेन में अचानक युवक की चादर फंस गई, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई। संतुलन बिगड़ने पर युवक सड़क पर गिर पड़ा और मोटरसाइकिल कुछ दूरी तक घिसटती चली गई।



घटना के तुरंत बाद मौके से गुजर रहे राहग. ीरों ने तत्परता दिखाते हुए मोटरसाइकिल को रोका और घायल युवक की मदद की। समय रहते सहायता मिलने से युवक की जान बच गई। गनीमत रही कि उसे गंभीर चोटें नहीं आईं और केवल मामूली चोटें ही लगीं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही युवक के परिजन भी वहां आ गए, जो उसे अपने साथ घर ले गए। दोघट थानाध्यक्ष सूर्यदीप सिंह ने बताया कि युवक सुरक्षित है और उसके परिजन उसे घर ले गए हैं।

# समीर ने नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मिलाना गांव के पहलवान समीर ने दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित 69वीं अंडर-14 स्कूल नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। चौ फेरू सिंह कुश्ती एकेडमी दाहा के इस पहलवान ने 35 किग्रा फ्री स्टाइल कुश्ती वर्ग में यह उपलब्धि हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया।

स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहलवान समीर का उनके गृह गांव मिलाना लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। दाहा से मिलाना गांव तक ढोल-नगाड़ों के साथ एक जुलूस निकाला गया, जहां ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। चौ फेरू सिंह कुश्ती एकेडमी के संचालक सुनील राणा ने समीर की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समीर ने स्वर्ण पदक जीतकर गांव और जनपद दोनों का नाम रोशन किया है।



## एक नजर

### किन्नरों के दो गुटों के बीच मारपीट के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** थाना क्षेत्र में किन्नरों के दो गुटों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में चादनी किन्नर ने थाने में तहरीर देकर कुछ लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

प्रार्थिनी चादनी किन्नर ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ दोपहर करीब 11 बजे छपरौली में नेग लेने आई थीं। दोपहर लगभग 2-3 बजे के बीच, जब वे घर लौटने के लिए एक ठेके के पास खड़ी थीं, तभी गाड़ियों में सवार होकर आए कुछ किन्नरों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गईं। चादनी किन्नर का कहना है कि आरोपी पूर्व में भी कई बार उन पर हमला कर चुके हैं और जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। किसी तरह जान बचाकर वे छपरौली थाने पहुंचीं और मामले की शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि तहरीर के आधार पर सरफराज, रुस्तम, फुरकान और इरशाद नामक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आवारा कुत्तों ने एक नीलगाय पर हमला कर किया गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर आवारा कुत्तों के हमले में एक नीलगाय गंभीर रूप से घायल हो गई। सड़क किनारे पड़ी घायल नीलगाय की जान स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बचाई।

यह घटना हाईवे पर उस समय हुई जब कुछ आवारा कुत्ते जंगल क्षेत्र से नीलगाय का पीछा करते हुए सड़क पर आ गए। कुत्तों ने नीलगाय पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी। घटना देखकर स्थानीय निवासी लोकेश, संकित, अक्षीत, शिवा, हर्ष, नितिन और शाकिर तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने लाठी-डंडों की मदद से आवारा कुत्तों को भगाया, जिससे नीलगाय को और अधिक चोट लगने से बचाया जा सका। इसके बाद, डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। घायल नीलगाय के उपचार की व्यवस्था की जा रही है और वन विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए एंबुलेंस मौके पर भेजी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि समय रहते कुत्तों को नहीं भगाया जाता तो नीलगाय की जान जा सकती थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से इस समस्या पर ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### नगर निकाय की टीमें 24 घंटे सक्रिय रहकर स्वच्छता की करेंगी निगरानी

**टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुरा महादेव मंदिर पर आयोजित होने वाला फाल्गुन मास महा. शिवरात्रि का ऐतिहासिक कांवड़ मेला ज़ीरो वेस्ट महोत्सव के रूप में नई पहचान गढ़ने जा रहा है। आस्था, सेवा और पर्यावरण संरक्षण के त्रिवेणी संगम के रूप में इस मेले को विकसित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने समग्र और दूरदर्शी कार्ययोजना तैयार की है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में मेला क्षेत्र और समस्त कांवड़ मार्गों को पूर्णत: प्लास्टिक मुक्त रखने का संकल्प लिया गया है। एकल-उपयोग प्लास्टिक पर सख्त प्रतिबंध रहेगा तथा श्रद्धालुओं को प्राकृतिक, कपड़े और कागज़ आधारित विकल्पों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। मेला परिसर एवं कांवड़ मार्गों पर गीले और सूखे कचरे के पृथक संग्रह हेतु रंग-कोडित डस्टबिन लगाए जाएंगे और नगर निकाय की टीमें 24 घंटे सक्रिय रहकर स्वच्छता की निगरानी करेंगी। विशेष बात यह है कि कांवड़ मेले से निकलने वाले समस्त कचरे को वैज्ञानिक पद्धति से प्रोसेस कर उपयोगी संसाधनों में परिवर्तित किया जाएगा। फूल-पत्तियों, पूजन सामग्री एवं जैविक अपशिष्ट से खाद एवं कंपोस्ट तैयार की जाएगी, जबकि सूखे कचरे को छंटाई के उपरांत रिसाइक्लिंग यूनिट तक भेजा जाएगा, जिससे कचरा बोझ नहीं बल्कि संसाधन के रूप में परिवर्तित हो सके। श्रद्धालुओं को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि भगवान शिव प्रकृति के अधिपति हैं और उनकी आराधना का यह पर्व तभी पूर्ण होगा जब श्र)ा के साथ प्रकृति की रक्षा भी सुनिश्चित की जाए। यह कांवड़ मेला न केवल धार्मिक आस्था और अनुशासन का प्रतीक बनेगा, बल्कि यह संदेश भी देगा कि स्वच्छता, सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण आस्था के अभिन्न अंग हैं। जनपद बागपत का यह ज़ीरो वेस्ट कांवड़ मेला प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर के लिए एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में स्थापित होगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि मेला अवधि 14 से 16 रवरी 2026 के दौरान मंदिर परिसर में कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यदायी एजेंसी को समस्त निर्माण सामग्री हटाने तथा निर्माण क्षे त्र को ग्रीन नेट से कवर करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान श्रद्धालुओं का प्रवेश पूर्वी द्वार से तथा निकास पश्चिमी द्वार से सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि भीड़ प्रबंधन सुचारू रूप से किया जा सके।

**सूचना**

मेरा Army No-2893440L Ex. RFN, ROKI AHAMAD मेरे पुत्र का आर्मी रिकॉर्ड में ROHIL और जन्म तिथि 12.08.2009 दर्ज है जबकि आधार कार्ड, जन्मप्रमाण पत्र Education Cert. आदि में ROHIL AHAMAD और जन्मतिथि 25.03.2008 है जोकि सही है। इसे आर्मी रिकार्ड में दर्ज कराना न्यायोचित है।

# जिलाधिकारी ने महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले की तैयारियों का लिया जायजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** फाल्गुन मास की महा. शिवरात्रि के अवसर पर श्री परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर पर लगने वाला प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक मेला इस वर्ष 14 फरवरी 2025 से 16 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय मेले को सकुशल, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। वहीं झंडारोहण 15 फरवरी 2026 को शाम 5:02 बजे होगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कांवड़ यात्रा, मेला व्यवस्थाओं, सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, प्रकाश और यातायात से जुड़ी तैयारियों का गहनता से जायजा लिया और संबंधित अधिक. ारियों को स्पष्ट व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पुरा महादेव मंदिर न केवल जनपद बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी प्राचीनता, धार्मिक मान्यता और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि पर यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िया हरिद्वार सहित विभिन्न तीर्थस्थलों से पैदल पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचते हैं और शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। ऐसे में यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

# चोरी की घटना का नहीं हुआ आज तक खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौस गांव में गुरुवार देर रात यमुना नदी किनारे स्थित राधा कृष्ण मंदिर का ताला तोड़कर अंदर रखा दान पात्र चोरी हो गया था जिसमें लाखों रुपए बताए गए थे इसको लेकर ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में धरना भी दिया था। दान पत्र कोअज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने मंदिर पुजारी लोकेश शर्मा की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जागौस गांव के राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी लोकेश शर्मा ने बताया कि वह 29 जनवरी की शाम को पूजा पाठ करने के बाद मंदिर परिसर का ताला लगाकर पास बने अपने कमरे में चला गया। 30 जनवरी की सुबह करीब 4 बजे वह पूजा पाठ करने के लिए मंदिर द्वार पर पहुंचा तो ताला टुटा पड़ा मिला। और मंदिर के अंदर रखा दान पात्र गायब मिला, जिसमें ग्रामीणों द्वारा शुभ अवसरों पर कई हजार रुपए का दान रखा हुआ था। उसके बाद सूचना मिलने पर आसपास के काफ़ी लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। पुजारी लोकेश शर्मा ने बताया कि इससे पहले भी कई बार मंदिर में चोरी की घटनाएं हो चुकी है, जिनका आज तक कोई खुलासा नहीं हुआ। मंदिर में दान पात्र चोरी होने की घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश है, जिसके चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में बैठकर धरना दिया था और पुलिस से घटना का जल्द खुलासा करने की मांग की थी। इंस्पेक्टर आशीष पुंडीर ने बताया कि मंदिर पुजारी लोकेश शर्मा की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्दी मामले की जांच कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# चोरों ने की मंदिर के दानपात्र से लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बामनौली गांव में बाबा शेषनाग मंदिर में चोरों ने सेंध लगाई। यहां से दानपात्र का ताला तोड़कर लगभग 5 हजार रुपये की नकदी चुरा ली गई। शेषनाग मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद हो गई। फुटेज के अनुसार चोर करीब 45 मिनट तक मंदिर में मौजूद रहे।

शुक्रवार को रात 8 बजकर 56 मिनट पर दो चोरों पुलिस चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित बाबा शेषनाग मंदिर में घुसे। वहां उस समय कोई मौजूद नहीं था। इसका फायदा उठाकर चोरों ने दानपात्र का ताला तोड़ना शुरू किया। इसका एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। चोर मंदिर में करीब 45 मिनट तक रहे। उन्होंने दानपात्र का ताला तोड़ा और उसमें मौजूद 5 हजार रुपए चुरा लिए। अगले दिन शनिवार को बाबा शेषनाग मंदिर में रामगढ निवासी अरुण कुमार पूजा करने मंदिर पहुंचे। मंदिर का दरवाजा खोलते ही उनके होश उड़ गए। मंदिर में दानपात्र का ताला टूटा हुआ था और दानपात्र से पैसे गायब थे। उन्होंने तुरंत इस बात की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने पुलिस को इस चोरी की घटना के बारे में सूचित किया। इस मामले में थानाध्यक्ष दोघट सूर्यदीप सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को हनुमान शिव मंदिर और बाबा काली सिंह मंदिर में भी चोरी की घटना हुई थी। बाबा काली सिंह मंदिर से करीब 1 हजार रुपये और हनुमान शिव मंदिर से लगभग 20 हजार रुपये की नकदी चोरी हुई है। इसको लेकर ग्रामीणों ने थाने में शिकायत दर्ज करा दी है।



# स्वाध्याय करने से बढ़ता है ज्ञान: विमर्श सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज की धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि अध्ययन का अर्थ पठन जबकि स्वाध्याय का अर्थ आचरण है। बुद्धि को विकसित करने के लिये,शुभ अध्यवसाय के लिये, उत्कृष्ट संवेग के लिये, तपश्चरण की वृद्धि के लिये, स्वयं के दोषों को दर करने के लिए शास्त्र का स्वाध्याय करना चाहिये। अगर शास्त्र का अध्ययन करने के उपरान्ताचरण में बात नहीं आती, तो इसका स्वाध्याय बंजर भूमि में बीज डालने के समान निरर्थक है। अध्ययन करने का अर्थ मात्र पढ़ना है और स्वाध्याय करने का अर्थ आपने आचरण में उतारना है। स्वाध्याय करने वाला ज्ञान को नहीं, प्रज्ञा का जन्म देता है। उन्होंने कहाँ अध्ययन करने के उपरान्त उपदेश देने का अधिकारी वही होता है, जो पढ़कर अपने से ज्यादा ज्ञानी से पूछता है फिर चिन्तन करता है और शास्त्रानुसार धर्म का उपदेश देता है। बिना आचरण के व्यक्ति धर्मोपदेश देने का अधिकारी नहीं होता आचार्य श्री ने कहा कि शास्त्रों को कंठस्थ करने से परमात्मा नहीं मिलता, हदयस्थ करने से परमात्मा की प्राप्ति होती है। शास्त्राभ्यास करने वाले व्यसन रहित होते हैं एवं सन्त भगवन्त के पूजारी होते हैं वे अहंक. ार विहीन होते हैं और आचरणवान के प्रति समर्पित होते हैं। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, जितेंद्र, विनोद जैन, वरदान जैन, मदन लाल जैन, विकास, संजीव, नवीन, अनिल, संजय, आदि उपस्थित थे।



# बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई जाएगी बाबा शाहमल की 229वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बिजरोल गांव में 8 फरवरी को 1857 की क्रांतिकारी शहीद बाबा शाहमल जन्मस्थली पर 229 जन्म जयंती समारोह बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा जिसमें रविवार को 1 बजे दोपहर में हवन पूजन होगा यह कार्यक्रम बिजरोल गांव के शाहमल स्मारक इंटर कॉलेज में आयोजित होगा।

यह जानकारी मीडिया को देते हुए शहीद बाबा शाहमल के वंशज पूर्व फौजी रमेश ने समस्त इज्जत परिवार की तरफ से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्रांतिकारी बिजरोल निवासी बाबा शाहमल स्मारक पर यह जयंती हर्ष वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग दूर दराज से आकर भाग लेते हैं इसी दिन इस कार्यक्रम में सभी समाज के लोगों को भी सम्मानित किया जाता है। बाबा शाहमल जन्मस्थली पर देश भर के लोग इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बिजरोल गांव में आते हैं। बाबा शाहमल परिवार किसान परिवार है।

उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए अपने प्राण न्योछावर किए थे। इसी को मध्य नजर रखते हुए उनकी जन्मस्थली पर यह कार्यक्रम हर वर्ष मनाया जाता है। आज पूर्व कमांडो रमेश फौजी अपने प्रतिष्ठान पर मीडिया के सामने यह जानकारी देते हुए मीडिया के सामने चर्चा कर रहे थे।

# रटौल क्षेत्र के पिछड़ेपन की समीक्षा पर विचार गोष्ठी का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** डगरपुर गांव में रटौल क्षैत्र के पिछड़ेपन को लेकर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

डगरपुर गांव में राष्ट्रीय देहात मोर्चा ने रटौल क्षेत्र के पिछड़ेपन की समीक्षा विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने देश की आजादी में देहाती लोगों के विशेष योगदान के बावजूद आजादी के बाद देश गरीब एवं अमीर दो वर्गों में बट गया, जिससे देहाती देशभक्त कौम के अधिकारों का हनन हो रहा है। लेकिन अंग्रेजों की गुलामी करने वाला वर्ग देहाती लोगों के अधिक. ारों पर काबिज हो गया।

विचार गोष्ठी को मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव प्रिंसिपल मन्तराम नागर ने कहा कि देश की आजादी में रटौल क्षेत्र का विशेष योगदान रहा, लेकिन सत्तासीन सरकारों कि गलत नीतियों के कारण यह क्षेत्र विकास में बहुत पीछे रह गया।



यह इस क्षेत्र के देहाती लोगों के लिए बहुत खेद एवं चिंता की बात है कि देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले देहाती लोग शिक्षा चिकित्सा एवं परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है तो वहीं किसानों के फसल एवं पशुपालन का लाभकारी मूल्य को लेने के लिए सभी संसाधनों से परिपूर्ण मंडी की व्यवस्था नहीं है और प्रशासनिक व्यवस्था भी दुर्लभ है। नागर ने कहा कि देश में पंचायती राज कानून लागू होने के बावजूद भी पंचायत को प्रशासनिक अधिकारों से वंचित रखते हुए उनको 5 किलो राशन एवं खड़ंजा आदि पर निर्भर है, लेकिन देहात में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि हवा पानी सभी जहरीले हो गए है, विचार गोष्ठी का संचालन बागपत देहात शिक्षक मोर्चा जिला संयोजक वेदप्रकाश बैसला भेड़ापुर ने तथा अध्यक्षता दारोगा नवल सिंह बैंसला ने की। विचार गोष्ठी को प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम सिंह निरोजपुर, गुर्जर मोर्चा के प्रदेश संचालन समिति सदस्य एड. मुनीराम कसाना गढ़ी कलंजरी, गाजियाबाद जिला सचिव ओमवीर गुर्जर, लोनी नगर संयोजक बबलू कसाना मोरटा, आजाद सैनी, इंद्रपाल घिटोरा, राजेंद्र सिंह अलीग. ंज दिल्ली,मनिंदर पंवार बली, सौरभ बैंसला एवं बीबलराज सिंह ने संबोधित किया तथा प्रबंधक शैलेंद्र कुमार जयप्रकाश पहलवान ऋषिराज बाबू आजाद सिंह सचिन ऋषिपाल कपिल ज्ञानी एवं सोनू प्रधान सहित क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पिठलोकर गांव में जमीनी विवाद ने मचाया तांडव

# लाठी-डंडों से खूनी संघर्ष, तीन घायल

■ दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता


**सरधना।** थाना क्षेत्र के पिठलोकर गांव में सोमवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ टकराव देखते ही देखते खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी-डंडे चले, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। संघर्ष में एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कई अन्य को भी चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया।

पिठलोकर गांव निवासी इरफान पुत्र माजिद का गांव के ही कुछ लोगों से भूमि को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि विपक्षी उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने की फिराक में थे। सोमवार को इरफान अपने खेत में डोल बांधने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौच शुरू कर दी। जब इरफान ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। कुछ ही देर में विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों ओर से लाठी-डंडों से हमला किया गया, जिससे



मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस दौरान इरफान पुत्र माजिद, नूर हसन तथा आलम पुत्र इरफान गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा अन्य लोगों को भी चोटें आने की सूचना है। घायलों को परिजनों और पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद का वीड़ियों सोशल मीड़िया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चलते हुए दिखाई दे रहें है।





## दो पक्षों में जमकर मारपीट, पथराव

शाह टाइम्स संवाददाता

**लावड़।** सोमवार को कस्बे में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट व पथराव हो गया। जिसमें एक युवक को मामूली चोट लगी वहीं एक पक्ष की महिला ने दूसरे पक्ष के लगभग दो दर्जन लोगों पर घर में घुसकर मारपीट व पथराव करने का आरोप लगाया। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। कस्बे के मोहल्ला काजियान निवासी महिला हसरती पत्नी शकील ने आरोप लगाया कि मौहल्ला घास मंडी निवासी लगभग दो दर्जन युवक उसके घर में घुस आए और उसके व बच्चों के साथ जमकर मारपीट ओर पथराव कर दिया, वहीं मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों युवकों के बीच कुछ रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट हुई है जिसके बाद दोनों पक्षों से एक एक युवक का शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि इस घटना से महिला काफी डरी हुई है। उसने पुलिस से अपनी व परिवार के सदस्यों की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# हवा में लटकते हाईटेंशन तार दे रहे मौत को खुला न्योता, विभाग मौन

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** नगर में जर्जर बिजली व्यवस्था अब आमजन के लिए जानलेवा बनती जा रही है। कालंद चुंगी स्थित नई बस्ती के सामने पिछले पांच दिनों से हाईटेंशन बिजली के तार टूटे पड़े हैं, लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद भी बिजली विभाग ने अब तक कोई सुध नहीं ली है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है।

सोमवार को क्षेत्र में पानी भरने के कारण जमीन में करंट दौड़ गया, जिससे वहां से गुजर रहे कई लोग बाल-बाल बच गए। यदि समय रहते लोग सतर्क न होते, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद मोहल्ले में दहशत का माहौल है और लोग अपने बच्चों को घर से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं। मोहल्ले वासी उस्मान मिर्जा, मोनू, काका, इम्तियाज, मोहसीन सहित अन्य लोगों ने बिजली विभाग के एक्सईएन से मिलकर तत्काल समस्या के समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि किसी की जान चली जाती, तो इसकी जिम्मेदार कौन होता। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व रार्धना गांव में हाईटेंशन तार टूटने से खेत में काम कर रहे अमन सैनी पुत्र ज्ञान सिंह की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजलीघर पर जमकर हंगामा व तोड़फोड़ की थी। बावजूद इसके बिजली विभाग ने कोई सबक नहीं लिया और हालात जस के तस बने हुए हैं। नगर के कई इलाकों में जर्जर खंभे, झूलते तार और खुले कनेक्शन आम



दृश्य बन चुके हैं। बारिश के मौसम में यह खतरा और भी बढ़ जाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विभाग किसी बड़े हादसे के बाद ही हरकत में आता है, जबकि समय रहते मरम्मत कर कई जानें बचाई जा सकती हैं।

## जानी ब्लॉक सरकारी कार्यालय में बैटरी इन्वर्टर हुए चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के अभी कुछ दिन पहले ही सुभारती में आए दिन चोरो ने आतंक मचा रखा था। पुलिस ने अभी कुछ दिन पहले ही कुछ लोगों को जेल भेज चुकी है लेकिन उसके बाद भी लगातार चोर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। ऐसा ही मामला जानी ब्लॉक सरकारी कार्यालय में देखने को मिला। रविवार की देर रात को अज्ञात चोरों ने सरकारी कार्यालय से इनवर्टर बैटरी आदि कीमती सामान चोरी कर ले गए और बड़ी आराम से फरार हो गए वहीं दिन निकलते ही जब ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार को भी ग्रामीणों ने सूचना दी तभी ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार ने जानी थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया और जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र से मिले और उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द आरा. ेपी पकड़े जाएं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जल्द ही आरोपी गिरफ्तार होंगे। बताया जा रहा है कि थाना पुलिस चोरों की तलाश में लग गई है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# फलावदा में पकौड़ी की ठेली लगाने पर विवाद गहराया एक पक्ष ने दर्जनभर लोगों को बुलाकर की मारपीट

■ पीड़ित ने वहां से गुजर रहे पूर्व विधायक संगीत सोम का सुनाई समस्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** कस्बे के मेंन बाजार में पुलिस चौकी के समीप पकौड़ी की दो ठेली लगाने वाले दुकानदारो में दो साल से चल रहे आपसी विवाद में दोपहर बाहर से आए आधा दर्जन से अधिक युवकों ने दुकानदार पर लाठी डंडों व चाकू बेल्टो से जानलेवा हमला कर दिया। भरे बाजार में दिनदहाड़े हुई मारपीट की घटना से लोगों में अफरा तफरी मच गई। तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने मारपीट कर भाग रहे दो युवकों को हिरासत में ले लिया। मारपीट की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में कैद हो गई। पुलिस ने घायल दुकानदार को इलाज के लिए फलावदा सीएससी पर मेडिकल कराया गया। दुकानदार के साथ मारपीट की घटना को लेकर आस पड़ोस के व्यापारी पीड़ित दुकानदार को लेकर थाने पहुंचे। कस्बे से गुजर रहे पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम को पीड़ित ने आपबीती सुनाई। पीड़ित परिवार को पूर्व विधायक ने आश्वासन दिया कि कोई भी आरोपी बख्शा नहीं जाएगा। इस संबध में प्रभारी निरीक्षक को संगीत सोम ने कहा कि आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।



घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार पवन पुत्र राजपाल प्रजापति मोहल्ला जूड़ वाला निवासी फलावदा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मेंन बाजार मुख्य मार्ग किनारे पकौड़ी बनाने की ठैली लगाता है। उसी के बराबर में कस्बे के ही मोहल्ला कपसाड़ियान निवासी फलावदा सतबीर पुत्र मांगेराम प्रजापति से पिछले दो वर्षों से बराबर में ठैली लगाने को लेकर विवाद चल रहा था। इस मामले में कस्बे के गणमान्य लोगों ने उस समय तो दोनों पक्षों को समझा बूझाकर समझौता करा दिया था। लेकिन सोमवार को दोपहर करीब 12:30 बजे सुमित पुत्र सतबीर ने बहार के आधा दर्जन से अधिक युवकों को बुलाकर लाठी डंडों व चाकू व बेल्टों से जानलेवा हमला करा दिया। इस संबंध में पीड़ित ने सचिन पुत्र राजेन्द्र जाटव निवासी ग्राम सितादेई थाना हापुड़, शाहबाज पुत्र अफजल निवासी ग्राम ततारपुर थाना हापुड़, अरुण निवासी ततारपुर थाना हापुड़, व आधा दर्जन अज्ञात लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। इस दौरान युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष आशु पालीवाल, छात्र नेता प्रशांत खटीक, आदित्य, विक्रांत, आरव राजपूत आदि व्यापारी नेता पहुंचे। थाना प्रभारी ब्रह्माकुमार त्रिपाठी का कहना है कि दोनों दुकानदारों में ठैली लगाने का विवाद चल रहा है फिलहाल मारपीट की घटना के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## एचडीएफसी बैंक और नैसकॉम फाउंडेशन ने परिवर्तन स्किलिंग सेंटर का किया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** एचडीएफसी बैंक ने नैसकॉम फाउंडेशन के सहयोग से अपने सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन के तहत मेरठ में परिवर्तन स्किलिंग सेंटर का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर प्रमुख ने कहा कि परिवर्तन कार्यक्रम के माध्यम से बैंक का लक्ष्य कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के बीच की खाई को पाटना है, ताकि युवाओं को स्थायी आजीविका के अवसर मिल सकें। वहीं, नैसकॉम फाउंडेशन की सीईओ ज्योति शर्मा ने बताया कि यह पहल तकनीकी प्रशिक्षण के साथ साथ प्लेसमेंट और नौकरी के बाद सहयोग भी प्रदान करेगी। यह स्किलिंग सेंटर तीन वर्षों में लगभग 1,950 युवाओं को प्रशिक्षित करेगा, जिसमें 60 प्रतिशत महिलाएं होंगी। प्रशिक्षण के बाद युवाओं को आईटीईएस और रिटेल सेक्टर में रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस पहल से मेरठ और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं के आर्थिक स्तर में सुधार की उम्मीद है।

## बहरामपुर रजवाहे में मिला अज्ञात महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस



शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** सोमवार की सुबह जानी थाना क्षेत्र के गांव बहरामपुर रजवाहे में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई तभी सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने शव को बाहर निकाला और जांच पड़ताल में जुट गई।

जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र एसएसआई कपिल देव ने बताया की गांव के रॉबिन और रजनीश मॉर्निंग वॉक के लिए रोजाना निकलते हैं जैसे ही वह बहरामपुर टीमकिया रजवाहे के पास पहुंचे तो वहां एक महिला का शव तेरता दिखाई दिया तभी उन लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को किसी तरह बाहर निकाला और उसकी पहचान के लिए गांव वालों से पता किया लेकिन कोई सूचना प्राप्त न हुई महिला की उम्र करीब 32 वर्ष है और उसके बदन पर कोई भी कपड़ा नहीं था शव करीब एक सप्ताह से भी ज्यादा पुराना लग रहा है पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई और पुलिस ने अन्य क्षेत्रों के थानो से पता करने के लिए महिला की जानकारी के लिए सभी को सूचना भेज दी है।

# किसानों की फरद पर जबरन लोन चढ़ाने पर भाकियू ने कोऑपरेटिव कार्यालय पर किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** किसानों की फरद में बिना किसी पूर्व सूचना के जबरन लोन दर्ज किए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक, मेरठ के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कोऑपरेटिव सोसाइटी कार्यालय का घेराव कर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने इस कार्रवाई को किसान हितों के खिलाफ बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की।

जिला अध्यक्ष कालू प्रधान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान कोऑपरेटिव कार्यालय पर एकत्र हुए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी युवा मेराज मलिक ने कहा कि किसानों के साथ लगातार अन्याय किया जा रहा है। बिना जानकारी दिए किसानों की फरद पर लोन चढ़ाना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि किसानों को मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान करने की साजिश है। उन्होंने



स्पष्ट किया कि यदि इस तरह की मनमानी पर रोक नहीं लगी तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन में नीरज राठी, कुश चौधरी, अमित छबडिया, अभिलाष, कपिल पूनिया, राकेश राठी, पवन कौल, जावेद, मंजीत धामा, हर्ष धामा, बबलू जटौली, हिवाल काम्बोज, अमजद, भूरा, प्रवीन त्यागी, दिनेश तिगरी, डॉ. समीर, अशोक राठी, शुभम चाहल, हेमरा नागर सहित किसान मौजूद रहे।

## वृंदावन में स्मार्ट सिटी गेस्ट हाउस निर्माण की गुणवत्ता पर नगर आयुक्त सख्त

**वृंदावन।** वृंदावन जोन में हजारीमल सोमानी इंटर कॉलेज के समीप स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा निर्माणाधीन गेस्ट हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का गहनता से परीक्षण किया गया तथा मानकों के अनुसार कार्य हो रहा है या नहीं इसकी जांच की गई।



नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यदायी संस्था को चेतावनी दी गई कि निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ मानक अनुरूप और निर्धारित समय सीमा में हर हाल में पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान निर्माण सामग्री, संरचना की मजबूती और कार्य की गति पर विशेष ध्यान दिया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत हो रहे कार्यों में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है और जनता के धन का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त चंद्र प्रकाश पाठक सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक तथा जोनल सेनेटरी अधिकारी महेशचंद्र भी मौके पर मौजूद रहे। नगर आयुक्त के इस औचक निरीक्षण से निर्माण एजेंसी में हड़कंप मच गया और कार्यस्थल पर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए।

# सपा का संदेश लेकर लोगों के सुख दुख में शामिल हो रहे हैं नदीम चौहान

■ नदीम ने कहा सिवाल खास है मेरी कर्मभूमि

■ 2027 चुनाव में सिवाल खास विधानसभा से रिकॉर्ड मतों से जितेगी सपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिवालखास।** सिवाल खास विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी व समा. जवादी पार्टी के नेता नदीम चौहान बीते लंबे समय से समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का संद. ेश लेकर क्षेत्र में घूम रहे हैं।

वह क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में शामिल होकर न सिर्फ समाजवादी पार्टी को मजबूत बना रहे हैं बल्कि अपनी भी एक मजबूत सियासत की जड़े जमा रहे हैं। मुस्लिम समाज के साथ-साथ नदीम चौहान की पकड़ दलित समाज में भी बड़ी मजबूत मानी जाती है उन्होंने लंबे समय तक बहुजन समाज पार्टी के लिए काम



किया है और वह संगठन विस्तार को लेकर भी दाव पेंच जानते हैं। वह सिवाल खास विधान सभा में समा. जवादी पार्टी को बेहद मजबूत स्थिति में लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं उनका कहना है कि अखिलेश यादव जमीनी नेता है देश का युवा उन्हें अपना नेता मानता है और उनके कार्यकाल में हर समाज ने तरक्की की है हर धर्म को साथ लेकर चलने का हुनर अखिलेश यादव में है अगर उत्तर प्रदेश सबसे उत्तम प्रदेश बन सकता है तो वह समाजवादी पार्टी की सरकार में ही संभव है। नदीम चौहान का कहना है कि सिवालखास विधान सभा उनके लिए सिर्फ सियासी क्षेत्र नहीं है बल्कि उनकी कर्मभूमि भी है इस जमीन से उनका बहुत पुराना नाता है, इसीलिए वह सुबह से लेकर रात तक क्षेत्र में रहते हैं और लोगों के सुख दुख में शामिल होते हैं। क्षेत्र में उनके पहुंचने के बाद लोगों में भी एक उत्साह देखने को मिलता है क्षेत्र की जनता भी अब उन्हें नेता नहीं बल्कि अपना बेटा मान चुकी है और जिस तरीके से दलित मुस्लिम के साथ-साथ अन्य समाज के लोग भी उन्हें पसंद करते हैं उससे एक बात साफ दिखाई दे रही है और वह है समाजवादी पार्टी का सिवाल खास में भविष्य। नदीम चौहान का कहना है कि समाजवादी पार्टी 2027 में सरकार बनाएगी और सिवाल खास विधानसभा से रिकार्ड मतों से सपा को जिता कर इतिहास रचा जाएगा। उन्होंने कहा कि 2027 में समाजवादी की सरकार बनने जा रही है।

## प्रशासन-भाकियू की संयुक्त बैठक में किसानों ने रखी समस्याएं



शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** सोमवार शाम तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान सरधना तहसील पहुंचे। बैठक में उप जिलाधिकारी उदित सेंगर, क्षेत्रधिकारी आशुतोष, थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता दुर्गेश कुमार, नायब तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। किसानों ने नगर में लगने वाले भीषण जाम से निजात दिलाने, देहात क्षेत्रों में बढ़ रहे आवारा व हिंसक पशुओं की समस्या, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, खतौनी में गलत नाम दर्ज होने से जुड़ी त्रुटियों के निस्तारण सहित कई प्रमुख मांगें उठाईं। प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में भाकियू पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

## सरधना में कांवड़ मार्ग पर नशेड़ियों ने मचाया उत्पात

# पुलिस वाहन समेत कई गाड़ियों पर पथराव, राहगीर हुए घायल-मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** क्षेत्र के चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर रविवार देर रात नशे में धुत युवकों ने जमकर तांडव मचाया। सलावा और अटेरना पुल के बीच सड़क किनारे खड़े युवकों ने गुजर रहे वाहनों को जबरन रोकने का प्रयास किया। जब चालकों ने अनहोनी की आशंका के चलते वाहन नहीं रोके, तो आरोपियों ने अचानक अंधाधुंध ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। इस पथराव में कई वाहनों के शीशे चकनाचूर हो गए, जबकि सरधना निवासी एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया गया कि मुजफ्फरनगर से सरधना लौट रहे राशिद कुरैशी की कार पर पत्थर लगने से शीशा टूट गया, जिससे वह घायल हो गए। उनके पीछे चल रही एक अन्य कार भी हमले की चपेट में आ गई। हैरानी



की बात यह रही कि इसी दौरान मुजफ्फरनगर पुलिस की एक टीम भी गाजियाबाद दबिश के लिए जा रही थी, जिसकी गाड़ी पर भी नशेड़ियों ने पथराव किया। हालात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर कंट्रोल रूम



को सूचना दी। सूचना मिलते ही सरधना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जंगलों व आसपास के इलाकों में घंटों कांबिंग अभियान चलाया, लेकिन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है। कांवड़ मार्ग जैसे संवेदनशील रास्ते पर इस तरह की घटना ने पुलिस व्यवस्था और रात्रि गश्त पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा का पूर्व चेयरमैन सैयद मौहम्मद ईसा ने किया उद्घाटन



शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** कस्बे के मवाना रोड बस अड्डे के सामने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक का उद्घाटन पूर्व चेयरमैन सैयद मौहम्मद ईसा ने फीता काटकर किया।

शाखा प्रबंधक प्रियांश रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंक ने क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए बेहतर सुविधा देने का प्रयास किया जाएगा। सभी प्रकार के ऋण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। सैयद ईसा ने कहा कि कस्बे में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा खुलने से क्षेत्र के लगभग दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को काफी फायदा होगा। इस मौके पर सैयद शमीम अहमद, सुभाष प्रधान गुड़म्ब, सैयद सुहैल अनवर, व्यापारी नेता अजय शर्मा, योगेन्द्र प्रधान, डाक्टर शब्बीर अन्सारी, आदिल रिजवी आदि लोग मौजूद रहे।


# भारत के मैच बहिष्कार पर आईसीसी ने पाक को चेताया



## पाकिस्तान के राजस्व पर भी रोक सहित अन्य कड़े कदम उठा सकती है अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान सरकार द्वारा भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के बहिष्कार 'चुनिंदा भागीदारी' की घोषणा के बाद कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए आपसी सहमति से कोई समाधान तलाशेगा। ऐसा माना जा रहा है कि आईसीसी इस मुद्दे पर जल्द ही बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में आईसीसी भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने पर प्रतिबंध लगा सकता है और आईसीसी की ओर से पाकिस्तान के राजस्व पर भी रोक सहित अन्य कड़े कदम उठा सकता। 15 फरवरी को होने वाला भारत-पाकिस्तान मुकाबला टूर्नामेंट का सबसे अधिक व्यावसायिक रूप से लाभदायक ग्रुप मैच माना जा रहा है। पाकिस्तान सरकार द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई पोस्ट के कुछ ही घंटों बाद आईसीसी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आईसीसी की ओर से जारी एक बयान में कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि इस निर्णय से पीसीबी अपने देश पर होने वाले क्रिकेट के दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर वैश्विक क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने की संभावना है, जिसका पाकिस्तान स्वयं सदस्य और लाभार्थी है। आईसीसी के नियमों के अनुसार किसी मैच का बहिष्कार होने की स्थिति में पाकिस्तान को अपने अंक गंवाने पड़ेगे और उसके नेट रन रेट पर असर पड़ेगा, लेकिन भारत के नेट रन रेट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके अलावा भारत को जीत के दो अंक भी मिलेंगे। बयान में कहा गया कि आईसीसी को अब तक इस मामले पर पीसीबी से कोई औपचारिक संवाद प्राप्त नहीं हुआ है। आईसीसी के बयान में कहा गया कि आईसीसी पाकिस्तान सरकार द्वारा दिए गए उस बयान को संज्ञान में ले रहा है, जिसमें उन्होंने 2026 आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप में अपनी राष्ट्रीय टीम को चुनिंदा मैचों में भाग लेने का निर्देश दिया है। आईसीसी अभी भी इस संबंध में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आधिकारिक संवाद की प्रतीक्षा कर रहा है। हालांकि चयनात्मक भागीदारी की यह स्थिति किसी वैश्विक खेल आयोजन की मूल भावना से मेल नहीं खाती, जहां सभी क्वालिफाई कर रही टीमों से तय कार्यक्रम के अनुसार समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि आईसीसी के टूर्नामेंट खेल भावना, प्रतिस्पर्धा, निरंतरता और निष्पक्षता पर आधारित होते हैं और चयनात्मक भागीदारी प्रतियोगिताओं की भावना और पवित्रता को कमजोर करती है। हालांकि आईसीसी राष्ट्रीय नीति से जुड़े मामलों में सरकारों की भूमिका का सम्मान करता है, लेकिन यह निर्णय वैश्विक खेल या पाकिस्तान के लाखों प्रशंसकों सहित दुनिया भर के प्रशंसकों के हित में नहीं है। आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी अपने देश में क्रिकेट पर पड़ने वाले इसके महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर

## बीसीसीआई ने खेल भावना पर आईसीसी के रुख का किया समर्थन



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में भारत के खिलाफ ग्रुप-चरण मैच का बहिष्कार करने के पाकिस्तान के फैसले के बाद बीसीसीआई खेल भावना पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के रुख से पूरी तरह सहमत है।

कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि भारतीय बोर्ड आईसीसी के साथ चर्चा करने तक इस पर कोई और टिप्पणी नहीं करेगा।

शुक्ला ने कहा कि आईसीसी ने एक बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने खेल भावना के बारे में बात की है और हम आईसीसी से पूरी तरह सहमत हैं। जब तक हम आईसीसी से बात नहीं कर लेते। बीसीसीआई इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा। उनकी यह टिप्पणी पाकिस्तान सरकार की उस घोषणा के कुछ घंटे बाद आई, जिसमें कहा गया था कि उसकी राष्ट्रीय टीम 15 फरवरी को भारत के खिलाफ ग्रुप-चरण मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में पाकिस्तान सरकार ने कहा कि उसने टूर्नामेंट में टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी है, लेकिन भारत के खिलाफ मैच को इसमें शामिल नहीं किया है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### इंग्लैंड ने श्रीलंका को डीएलएस से छह विकेट से हराया

**पल्लेकेले, वार्ता।** टॉम बैंटन (नाबाद 54) रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को वर्षा प्रभावित मुकाबले में (डीएलएस प(ति) से दो गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इसी जीत के साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजए बढ़त बना ली है। इंग्लैंड ने रविवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पवन रत्नायके (40), कामिल मिशारा (36), पुथुम निसंका (34), कुसल मेंडिस (32) और चरित असलंका (नाबाद 28) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 189 का स्कोर बनाया। बारिश के कारण मैच कुछ देर के लिए रुका और फिर कम ओवरों के साथ डीएलएस पद्धति से 168 रनों का नया लक्ष्य निर्धारित किया गया। इंग्लैंड के लिए आर्चर ने दो विकेट लिए। विल, लियम व रशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### श्याम लाल कॉलेज और आईजीआई की जीत से शुरुआत

**नई दिल्ली, वार्ता।** श्याम लाल कॉलेज व इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमो. रियल हॉकी टूर्नामेंट के सोमवार को खेले गए मुकाबलों में जीत के साथ शुरुआत की। यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर बालाराम पाणि, डीन ऑफ कॉलेजेस, दिल्ली यूनिवर्सिटी ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मेजबान श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने श्री पाणि, प्रो-सरिता त्यागी, एचओडी, डीपीईएसएस, डीयू, डा. ज्योति मान, असिस्टेंट डारेक्टर, डीयूएससी, श्री संजीव गौतम सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## बीसीसीआई ने इंडिया 'ए' टीम की घोषणा की, तिलक वर्मा की वापसी



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को आयुष बडोनी की अगुवाई में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से पहले होने वाले दो अभ्यास मैचों के लिए 15 सदस्ईय इंडिया ए टीम की घोषणा की। इंडिया ए टीम दो फरवरी को अपने पहले अभ्यास मैच में अमे. रिका का सामना करेगी, जिसके बाद वह वैश्विक टूर्नामेंट की तैयारी के मैचों के तहत छह फरवरी को नामीबिया से भिड़ेगी। टीम में शामिल किए गए खास खिलाड़ियों में से एक तिलक वर्मा हैं, जो टी-20 विश्व कप के लिए भारत की सीनियर टीम का भी हिस्सा हैं। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज हाल ही में सर्जरी के बाद टीम से बाहर था, लेकिन प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी जारी रखने के कारण उसे इंडिया ए टीम में शामिल किया गया है। इस बीच, सीनियर भारतीय पुरुष टीम भी विश्व कप की तैयारी के तहत एक अभ्यास मैच खेलेगी, जिसमें वह चार फरवरी को दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी।

**इंडिया ए टीम :-** आयुष बडोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियांश आर्य, एन जगदीसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, रियान, मानव, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), गुरजपनीत सिंह, विपराज, रवि बिश्नोई, खलील अहमद और मयंक यादव।

## विश्व कप के शुरुआती दौर से बाहर रह सकते हैं हेजल वुड



### जोश हेजलवुड इंग्लैंड सीरीज की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बाहर हो गए थे और फिर रिहैब के दौरान उन्हें दूसरी समस्या हो गई

**सिडनी, वार्ता।** चोट से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड रिहैब के कारण आगामी टी-20 विश्व कप का शुरुआती दौरे से बाहर रह सकते है। उनकी जगह शॉन एबट को ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप टीम में ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में जोड़ा गया है। पाकिस्तान का दौरा मिस करने के बाद ग्लेन मैक्सवेल, नाथन एलिस और टिम डेविड मंगलवार को कोलंबो में टीम से जुड़ने के लिए तैयार हैं। गुरुवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का अभ्यास मैच है और फिर 11 फरवरी को उन्हें आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलना है। हेजलवुड इंग्लैंड सीरीज की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बाहर हो गए थे और फिर रिहैब के दौरान उन्हें दूसरी समस्या हो गई। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं और मेडिकल स्टाफ ने निर्णय लिया है कि वे फिलहाल सिडनी में ही रहेंगे। चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने इस बारे में कोई समय-सीमा नहीं बताई है कि वे श्रीलंका कब पहुंचेंगे। डोडेमाइड ने कहा कि हमें लगा कि जॉश के लिए श्रीलंका जाने से पहले घर पर जाने-पहचाने माहौल में अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखना अधिक व्यावहारिक और फायदेमंद होगा। नाथन के भी खेल में वापसी की प्रक्रिया पूरी करने के साथ, हमने शॉन को अपने साथ तेज गेंदबाजी कवर के तौर पर लाने का फैसला किया है ताकि अगर कम समय के नोटिस पर कुछ भी होता है तो वह उपलब्ध रहें। शॉन एक मंझे हुए और बहुमुखी खिलाड़ी हैं जिन्होंने कई विश्व कप अभियानों का अनुभव लिया है। पाकिस्तान दौरे के बाद उनका ग्रुप के साथ बने रहना समझदारी भरा फैसला था। पीठ की चोट से उबर रहे पैट कमिंस को ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप से पहले ही खो चुका है। उन्होंने चोट से उबरने के लिए अभी और समय चाहिए था जिसके कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच में से चार टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे। बेन ड्वारश्विस को अंतिम 15 सदस्ईय स्क्वॉड में शामिल किया गया था।

## आईसीसी ने पुरुष टी-20 विश्वकप के अभ्यास मैचों का कार्यक्रम किया जारी

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के अभ्यास मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। आईसीसी की ओर से आज जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार सात फरवरी से शुरु होने वाले टूर्नामेंट से पहले विभिन्न टीमों के बीच दो से छह फरवरी तक कुल 16 अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत और श्रीलंका के चार शहरों में यह अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत में, बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के दो ग्राउंड मैचों की मेजबा. नी करेंगे, जबकि भारत में शेष अभ्यास मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम और चेन्नई के एम-ए चिदंब. रम स्टेडियम में होंगे। वहीं श्रीलंका में कोलंबो में एसएससी क्रिकेट ग्राउंड, आर-प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड की मेजबानी करेंगे।

## बीबीसी आईएसडब्ल्यूओटीवाई पुरस्कार के लिए दिव्या हुई शॉर्टलिस्ट



● **हर साल भारत की शीर्ष पांच महिला खिलाड़ियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है**

**मुम्बई, वार्ता।** बीबीसी ने शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना, निशानेबाज सुरूचि सिंह तथा एथलेटिक्स ज्योति याराजी को वर्ष 2025 में उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया है। बीबीसी आईएसडब्ल्यूओटीवाई का यह छठा संस्करण है।

इसमें उन महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने बाधाओं को तोड़ा है, लाखों लोगों को प्रेरित किया है और अंतर्राष्ट्रीय खेल मंचों पर भारत की मौजूदगी को मजबूत बनाया है। इन खिलाड़ियों को खेल संपादकों, लेखकों और विशेषज्ञों की प्रतिष्ठित जूरी ने साल 2025 में उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के बाद शॉर्टलिस्ट किया है। हर साल भारत की शीर्ष पांच महिला खिलाड़ियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। कलेक्टिव न्यूजरूम की एडिटर इन चीफ और सह संस्थापक रूपा झा कहती हैं कि अक्सर महिलाओं को शादी, उम्र, शरीर से जुड़े मानकों या विकलांगता जैसी वजहों से खेल से दूर रहने के लिए हतोत्साहित किया जाता रहा है। इस साल की एडिटोरियल थीम, एक बेहद सरल लेकिन जरूरी बात को मजबूती से सामने रखती है कि सभी खेल सकते हैं क्योंकि खेल सबका है- उसका असली असर केवल नतीजों से नहीं, बल्कि सभी को शामिल किए जाने और मिलने वाले मौकों से मापा जाना चाहिए।

## शशि थरूर ने उपमहाद्वीप में क्रिकेट के राजनीतिकरण की निंदा की



● **शशि थरूर ने नई दिल्ली में पत्रकारों से कहा कि सच कहूं तो यह काफी अपमानजनक है कि दोनों तरफ से खेल का इस तरह राजनीतिकरण किया गया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने उपमहाद्वीप में क्रिकेट के बढ़ते राजनीतिकरण की आलोचना करते हुए भारत, पाकिस्तान और बंगलादेश से जुड़े हालिया घटनाक्रमों को 'शर्मनाक' बताया और चेतावनी दी कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है।

पाकिस्तान के भारत के खिलाफ 2026 आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप ग्रुप-चरण मैच का बहिष्कार करने के फैसले और बंगलादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान से जुड़े विवाद पर श्री थरूर ने प्रतिक्रिया दी है कि खेल को राजनीतिक तनाव का शिकार बनने के बजाय जोड़ने वाली शक्ति के रूप में काम करना चाहिए। श्री थरूर ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि सच कहूं तो यह काफी अपमानजनक है कि दोनों तरफ से खेल का इस तरह राजनीतिकरण किया गया है। मुझे नहीं लगता कि मुस्तफिजुर को कोलकाता में खेलने के लिए उनके अनुबंध से वंचित किया जाना चाहिए था। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण था। श्री थरूर ने इस घटनाक्रम पर बंगलादेश की प्रतिक्रिया को जरूरत से ज्यादा बताया और कहा कि पाकिस्तान का यह कदम बंगलादेश के साथ एकजुटता दिखाने का प्रयास है। श्री थरूर ने कहा कि बंगलादेश की प्रतिक्रिया जरूरत से ज्यादा थी, लेकिन यह उसी का प्रतिबिब है। पाकिस्तान बंगलादेश के साथ एकजुटता दिखाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला अब नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। क्षेत्र में क्रिकेट के सांस्कृतिक महत्व पर जोर देते हुए श्री थरूर ने हितधारकों से राजनी. ति को खेल से दूर रखने और उचित माध्यमों से बातचीत बहाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमें यह समझने की जरूरत है कि खेल, जो सभी लोगों के लिए बहुत मायने रखता है, वह कम से कम खेल के मैदान पर तो हमें साथ लाने का जरिया होना चाहिए, खासकर क्रिकेट जैसा खेल। वर्तमान स्थिति को 'चेतावनी की घंटी' बताते हुए श्री थरूर ने सुझाव दिया कि आईसीसी संबंधित पक्षों के बीच तत्काल बातचीत के लिए एक मंच के रूप में कार्य कर सकती है। श्री थरूर ने कहा कि मैं ईमानदारी से मानता हूं कि यह अब उन सभी के लिए एक चेतावनी की घंटी है, जिन्हें आपातकालीन आधार पर एक-दूसरे से संपर्क करना चाहिए। आईसीसी इसके लिए एक मंच बन सकता है, जो बस यह कहे कि चलिए इस बकवास को यहीं खत्म करते हैं। उनकी टिप्पणियां पाक सरकार की घोषणा के कुछ घंटे बाद आई है कि उसकी राष्ट्रीय टीम भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले ग्रुप-चरण मैच के लिए मैदान में नहीं उतरेगी। 'एक्स' पर एक पोस्ट में पाक सरकार ने कहा कि उसने टूर्नामेंट में टीम की भागीदारी की मंजूरी दे दी है।

## रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए मुंबई टीम में ठाकुर यशस्वी जायसवाल की वापसी

● **शार्दूल ठाकुर और यशस्वी दोनों अलग-अलग कारणों से पिछले कुछ मैच नहीं खेल पाए थे**

**मुम्बई, वार्ता।** शार्दुल ठाकुर और यशस्वी जायसवाल को कर्नाटक के खिलाफ छह फरवरी से शुरु होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए 16 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है।

ठाकुर और जायसवाल दोनों अलग-अलग कारणों से पिछले कुछ मैच नहीं खेल पाए थे। ठाकुर चोट की वजह से बाहर थे, जबकि जायसवाल के न खेलने का कारण मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को भी नहीं पता था।

एमसीए इस बात से अधिक खुश नहीं था कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतिब(ता से फ्री होने के बावजूद जायसवाल ने पिछले कुछ मैच नहीं खेले। मुंबई 42 बार की रणजी चैंपियन है।



**मुंबई टीम इस प्रकार है :-** शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, अखिल हरवाडकर, सि(ेश लाड, सरफराज खान, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्एश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।

## हरियाणा थंडर्स ने जीता पीडब्ल्यूएल का खिताब

● **नोएडा इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में हरियाणा थंडर्स ने 5-4 की रोमांचक जीत दर्ज कर पीडब्ल्यूएल का खिताब पक्का कर दिया**




**नोएडा, वार्ता।** हरियाणा थंडर्स ने रोमांचक फाइनल में मुकाबले में दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराकर प्रो रेसलिग लीग 2026 का खिताब अपने नाम किया। नोएडा इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ आखिरी मुकाबले तक चले रोमांचक फाइनल के बाद प्रो रेसलिंग लीग 2026 का चैंपियन चुना गया। आठ मुकाबलों के बाद स्कोर 4-4 से बराबर था और अब सब कुछ महिलाओं के 62 किग्रा के फाइनल मुकाबले पर निर्भर था, जहां पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता इरीना कोलियाडेंको ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स के लिए 5-4 की रोमांचक जीत और पीडब्ल्यूएल 2026 का खिताब पक्का कर दिया। हरियाणा थंडर्स को डब्ल्यूपीएल 2026 ट्रॉफी के साथ 1-5 करोड़ की पुरस्कार राशि, जबकि उप विजेता दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 75 लाख रूपए मिले। इंडिविजुअल अवॉर्ड्स में, दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव को 57 किग्रा पुरुष वर्ग में 7 में से 7 बाउट जीतने के लिए 2-5 लाख का प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवॉर्ड मिला, जिससे उन्होंने पीडब्ल्यूएल 2026 में कुल 59 अंक बनाए, जबकि पंजाब रॉयल्स के चंद्रमोहन टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा पॉइंट स्कोर करने वाले खिलाड़ी रहे। नेहा सांगवान (हरियाणा थंडर्स) ने आखिरी बाउट तक फाइनल को जिदा रखने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच जीता, जबकि रौनक (दिल्ली दंगल वॉरियर्स) ने पुरुष 125 किग्रा वर्ग में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए फाइटर ऑफ द मैच जीता। इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अक्षय ढेरे (हरियाणा थंडर्स) ने 57 किग्राम पुरुष वर्ग में शानदार प्रदर्शन के लिए जीता। चैंपियनशिप नाइट की शुरुआत दिल्ली के 74किग्रा पुरुषों के मुकाबले में बिना हारे तुरान बायरामोव के जरिए हुई, जिन्होंने शुरुआती बढ़त बनाई और मुकाबले को कंट्रोल करते हुए 8-1 से जीत हासिल की। हरियाणा ने 76किग्रा महिलाओं की वर्ग में तुरंत जवाब दिया, जहां अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल धोचक ने यूरोपियन चैंपियन अनास्तासिया अल्पीएवा को 3-1 से हराकर मुकाबला बराबर कर दिया। 65किग्रा पुरुषों के मुकाबले में फिर से मोमेंटम बदला जब दिल्ली के कप्तान सुजीत कलकल ने आखिर में शानदार वापसी करते हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप के रजत पदक विज. ेता तुमुर ओचिर तुल्गा को 8-6 से हरा दिया। हरियाणा ने अपनी करिश्माई और कई बार की वर्ल्ड चैंपियन यूई सुसाकी के जरिए जवाब दिया, जिन्होंने सारिका पर शानदार टेक्निकल सुपीरियरिटी से जीत हासिल करके स्कोर 2-2 कर दिया। दिल्ली ने 86 किग्रा पुरुषों के मुकाबले में बढ़त फिर से हासिल कर ली, जब एशियन चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट वफाईपुर हादी बख्तियार ने आशिरोव अशरफ को 11-0 से हराया, इससे पहले हरियाणा ने अक्षय के जरिए जोरदार वापसी की, जिन्होंने 57 किग्रा पुरुषों के मुकाबले में दिल्ली के अमित को तकनीकी आधार पर हरा दिया। इसके बाद हैवीवेट मुकाबला अहम साबित हुआ, जिसमें रौनक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनिरुद्धको 12-2 से हराया, जिससे दिल्ली 4-3 से आगे हो गई। हरियाणा ने हार नहीं मानी, और नेहा ने 57 किग्रा महिलाओं के मुकाबले में अंजलि को पिन करके फाइनल को जिंदा रखा।

## आर्सेनल महिला टीम ने जीता पहली बार फीफा चैंपियंस कप



**लंदन, वार्ता।** आर्सेनल महिला टीम ने ब्राजील की एससी कोरिथियंस पर अतिरिक्त समय में 3-2 से रोमांचक जीत के साथ पहला फीफा महिला चैंपियंस कप जीता। एमिरेट्स स्टेडियम में रविवार को खेले गए मुकाबले में सबस्टिट्यूट कैटलिन फोर्ड ने 104वें मिनट में निर्णायक गोल किया। आर्सेनल ने 15वें मिनट में ओलिविया स्मिथ के जरिए स्कोरिग शुरू की, लेकिन कोरिंथियंस ने तेजी से जवाब दिया और गैबी जानोटी ने बराबरी कर ली। लोटे वुबेन-मोय ने ब्रेक के बाद हेडर से आर्सेनल की बढ़त वापस ला दी, लेकिन विक अल्बुकर्क ने ब्राजीलियाई चैंपियंस के लिए पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच को अतिरिक्त समय के लिए मजबूर कर दिया। मैच के बाद फोर्ड ने कहा कि इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराना अच्छा है। आर्सेनल की कैप्टन किम लिटिल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और उन्होंने कहा कि क्लब के घरेलू मैदान पर ट्रॉफी उठाने से यह उपलब्धि 'एक्स्ट्रा स्पेशल' हो गई। इससे पहले, यूनाइटेड स्टेट्स की गोथम एफसी ने उसी जगह पर मोरक्को की एज फार को 4-0 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 3 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सुरक्षा पर सवाल

लोकसभा में सोमवार को उस समय भारी हंगामा देखने में आया, जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे का हवाला देते हुए यह कह डाला कि चार चीनी टैंक लद्दाख की सीमा में आ गए हैं। यह उस समय की बात है जब 2024 में चीनी सेना के साथ भारतीय सेना की डोकलाम में झड़प हो गई थी। राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृहमंत्री अमित शाह ने उनको टोका। लोकसभा स्पीकर ने भी नियमों का हवाला देते हुए उनको ऐसा न कहने के लिए कहा, लेकिन राहुल गांधी करीब 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। शोर-शराबा होते देख कई बार लोकसभा को स्थगित किया गया। अगर गिनती की बात करें, राहुल गांधी को राजनाथ सिंह ने 11 बार, देश के गृहमंत्री अमित शाह ने 4 बार, किरेन रिजिजू ने दो बार और अनुराग ठाकुर ने उनको 6 बार रोका, लेकिन राहुल गांधी यही कहते रहे कि डोकलाम में चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए हैं। अपने दावे के रूप में उनका कहना था कि वह यह बात एक मैगजीन के आर्टिकल के हवाले से कह रहे हैं, जिसमें पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की किताब को कोट किया गया है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खड़े होकर कहा कि अगर ये बातें प्रकाशित हुई हैं, तो इसका जिक्र करें नहीं तो छोड़ दें। इस पर राहुल अपनी चिर-परिचित आक्रामक शैली में आ गए और बोले कि आप सब ध्यान से सुनें इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। राहुल के अनुसार चार टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे और वे कुछ सौ मीटर ही दूर थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसी बात पर अड़े रहे कि राहुल बताएं कि क्या यह किताब प्रकाशित हुई है या नहीं। इससे लोकसभा में हंगामा शुरू हो गया। राहुल का दावा है कि नरवणे की किताब में रक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री का जिक्र है मैं यही बता रहा हूं। राहुल का यह भी कहना था कि जो मैं कहना चाह रहा हूं, यह सब पूर्व जनरल नरवणे ने कहा है, लेकिन उनकी किताब को प्रकाशित नहीं करने दिया गया। इस पर अमित शाह ने कहा कि राहुल ने खुद ही कह दिया कि पुस्तक प्रकाशित नहीं हुई है अब बात ही खत्म हो जाती है। लोकसभा स्पीकर ओम बिडला ने राहुल का माइक ही बंद करा दिया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी कहा कि यह चीन का सवाल देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है, राहुल को पढ़ने देना चाहिए। असल में पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे ने फॉर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी नामक किताब लिखी है जो अभी पब्लिश नहीं हुई है, इससे हार्ड कवर अप्रैल 2024 से ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर उपलब्ध है। इस किताब में भारतीय सेना की 2020 की झड़पों के साथ-साथ अग्निवीर योजना को रिव्यूव किया गया है। जाहिर है उनकी किताब तभी छप सकती है जब रक्षा मंत्रालय इसकी मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय इसकी मंजूरी नहीं दे रहा, तो सवाल तो उठेंगे ही।

## अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की कोशिश



भाजपाई घपलेबाज खुद फार्म-7 छापकर व नकली हस्ताक्षर कराकर पीडीए समाज के मतदाताओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे हैं, यह बात लगभग सभी को पता है, लेकिन निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है, बार-बार अपील के बावजूद एसआईआर प्रक्रिया में फार्म-7 से जुड़ी कथित धांधली रूक नहीं रही हैं, फार्म-7 का गैरकानूनी इस्तेमाल बड़ा अपराध है और चुनाव आयोग को चाहिए कि वह सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर इसके दुरुपयोग पर होने वाली सजाओं की जानकारी दे, ताकि दोषियों और उनके सहयोगियों को स्पष्ट चेतावनी मिल सके, पार्टी के पीडीए-प्रहरी और जागरूक मतदाता इस कथित फर्जीवाड़े का पर्दाफोड़ कर रहे हैं, लेकिन आयोग को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# सस्ती तकनीक व नागरिक तक पहुंच, एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी

**सुशील पाल**

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज की सबसे ताकतवर और तेजी से बदलने वाली तकनीक में से एक बनती जा रही है। इसमें यह क्षमता है कि यह देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे, उत्पादन बढ़ाए और विकास की रफ्तार तेज करे। सरकारी सेवाओं को ज्यादा प्रभावी और पारदर्शी बनाने में भी एआई अहम भूमिका निभा सकती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमारी की शुरुआती पहचान, खेती में सही समय पर सही फैसले लेने, आपदा से पहले चेतावनी देने, मौसम और जलवायु का बेहतर अनुमान लगाने और सरकारी योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में एआई पहले से ही मदद कर रही है। आने वाले समय में शिक्षा, परिवहन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ने की संभावना है।

लेकिन जैसे पहले की तकनीकी क्रांतियों में हुआ, वैसे ही एआई के साथ भी असमानता की तस्वीर सामने आती है। जिनके पास कंप्यूटर की ताकत यानी कंप्यूट, अच्छा डेटा और मजबूत डिजिटल ढांचा है, वही बड़े स्तर पर एआई का लाभ उठा पा रहे हैं। जिनके पास ए सुविधाएं नहीं हैं, वे पीछे रह जाते हैं। यह फर्क आज केवल कंपनियों के बीच ही नहीं, बल्कि देशों और इलाकों के बीच भी साफ दिखाई देता है। भारत ने इस चुनौती को एक अवसर के रूप में लिया है। इंडिया एआई मिशन के जरिए भारत यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि एआई की ताकत कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित न रहे। कंप्यूट, डेटा और एआई मॉडल को डिजिटल सार्वजनिक सुविधा के रूप में देखा जा रहा है, ताकि स्टार्टअप, शोधकर्ता, छात्र और छोटे संस्थान भी एआई पर काम कर सकें। भारत की सोच साफ है- ऐसा डिजिटल ढांचा बनाया जाए जो खुला हो, आसानी से बढ़ सके और समाज के हर वर्ग के काम आए। इससे एआई का लाभ आम लोगों तक पहुंचे, देश में ही नवाचार को बढ़ावा मिले और तकनीक के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन सके। इस सोच के पीछे एक ठोस योजना है। दावोस में हुए विश्व आर्थिक मंच में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत एआई को पांच स्तरों पर विकसित कर रहा है- बिजली और ऊर्जा, कंप्यूट और इंफास्ट्रक्चर, चिप और हार्डवेयर, एआई मॉडल और एप्लिकेशन। इन सभी पर एक साथ काम होने से ही एआई का सही और व्यापक उपयोग संभव हो पाएगा। भारत का तरीका इसलिए अलग है क्योंकि यहां एआई तक पहुंच आसान बनाई गई है। भारत ने एक साझा कंप्यूट प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां 38,000 जीपीयू



एक ही पोर्टल पर मिलते हैं। इनका खर्च करीब 65 रूपए प्रति घंटा है, जबकि दूसरे देशों में इसके लिए 2.5 से 3 डॉलर प्रति घंटा तक देने पड़ते हैं। इंडिया एआई मिशन के तहत सरकार एआई मॉडल बनाने के लिए पूरी लागत (100 प्रतिशत) तक मदद दे रही है और एआई के इस्तेमाल पर भी 40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इससे पैसे की कमी एआई पर काम करने में रुकावट नहीं बनती। इसी वजह से सरवम एआई, सोकेट एआई और ज्ञानि एआई जैसे भारतीय स्टार्टअप अब बिना बड़ी पूंजी लगाए अपने खुद के एआई और भाषा मॉडल बना पा रहे हैं, जो पहले सिर्फ बड़ी विदेशी कंपनियां ही कर पाती थीं। भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16-20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा। इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एआई को लेकर केवल जोखिमों की चर्चा नहीं होगी, बल्कि यह देखा जाएगा कि एआई जमीन पर क्या बदलाव ला रही है। इसमें एआई को सबके लिए उपलब्ध कराने, विकास में इसके उपयोग, पर्यावरण की रक्षा, भरोसेमंद सिस्टम, भारतीय भाषाओं में एआई, ग्लोबल साउथ की भागीदारी और एआई से जुड़ी असमानताओं को कम करने जैसे मुद्दों पर विचार किया जाएगा। भारत का यह तरीका उन देशों के लिए भी एक उदाहरण है, जो अभी विकास के रास्ते पर हैं। यह दिखाता है कि खुलेपन और नवाचार के साथ-साथ अपनी तकनीकी स्वतंत्रता कैसे बनाए रखी जा सकती है। भारत अपने एआई मॉडल ओपन-सोर्स के रूप में विकसित कर रहा है, ताकि दूसरे देश भी अपनी जरूरतों के अनुसार इन्हें अपना सकें। मकसद है मिलकर आगे बढ़ना, बिना किसी नई निर्भरता के। आज जब एआई देश की ताकत और अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बन चुकी है, सवाल यह नहीं रह गया है कि एआई अपनाया जाए या नहीं, बल्कि यह है कि इसे समझदारी, जिम्मेदारी और टिकाऊ तरीके से कैसे अपनाया जाए।

> भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16-20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा। इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो।

**( लेखक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं )**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दवाई ऐसी जो डेंगू से दे सकती है राहत

> **फिलहाल इसका दूसरा चरण एक प्लेसिबो-तुलना चरण है जिसमें लैटिन अमेरिका और एशिया के लगभग 2000 वालंटियर्स शामिल हो रहे हैं। उम्मीद है कि इसके परिणाम 2025 तक मिल जाएंगे। इस अध्ययन में उपयोग किए गए डेंगू वायरस संस्करण का चयन भी काफी दिलचस्प है। यह वही स्ट्रेन है जिसने 1970 के दशक में इंडोनेशिया में हल्के शारीरिक लक्षण उत्पन्न किए थे। 2000 के दशक की शुरुआत में, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ ने इस संस्करण को कमजोर करके और इसमें विशिष्ट संशोधन करके इसे उम्मीदवार टीके के रूप में उपयोग किया था। लेकिन जब इसे गैर-मानव प्रायमेट्स को दिया गया, तो वायरस कमजोर साबित नहीं हुआ।**

जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने अपने हालिया प्रयास में एक एंटीवायरल दवा का परीक्षण किया है जिससे डेंगू वायरस को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। वर्तमान टीकों की सीमाओं के मद्देनजर यह प्रयास काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह एक विशेष किस्म का परीक्षण था जिसे मानव चुनौती परीक्षण कहते हैं। इसमें चंद स्वस्थ व्यक्तियों को पहले जानबूझकर वायरस से संक्रमित किया जाता है और फिर इलाज किया जाता है।



जेएनजे-1802 नामक इस दवा ने शुरुआती परीक्षणों में डेंगू संक्रमण को रोकने में काफी अच्छे परिणाम दिए हैं। 31 प्रतिभागियों पर इस दवा की उच्च खुराक वायरस के खिलाफ एक मजबूत ढाल साबित हुई। इसमें से कुछ प्रतिभागी तो संक्रमण से पूरी तरह सुरक्षित रहे जबकि अन्य में वायरस की प्रतिलिपियां बनाने की दर काफी कम देखी गई। यह परिणाम अमेरिकन सोसायटी ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड हाइजीन की वार्षिक बैठक में प्रस्तुत किए गए हैं। गौरतलब है कि जेएनजे-1802 वायरस के दो प्रोटीनों के बीच एक जरूरी अंतर्क्रिया को रोकने का काम करती है। डेंगू वायरस की प्रतिलिपियां बनने के लिए यह अंतर्क्रिया अनिवार्य होती है। वर्तमान डेंगू टीकों की तुलना में यह नया तरीका काफी प्रभावी है। पुराने टीकों के साथ समस्या थी कि महीनों तक इनकी कई खुराक लेना पड़ता था और तो और, मनुष्यों को संक्रमित करने वाले चार अलग-अलग डेंगू सीरोटाइप के खिलाफ यह टीके समान रूप से प्रभावी भी नहीं थे, लेकिन जेएनजे-1802 प्रकोप के दौरान जल्द से जल्द सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। वैज्ञानिकों के अनुसार भविष्य में यह डेंगू नियंत्रण का एक अमूल्य साधन बन सकता है। फिलहाल इसका दूसरा चरण एक प्लेसिबो-तुलना चरण है जिसमें लैटिन अमेरिका और एशिया के लगभग 2000 वालंटियर्स शामिल हो रहे हैं। उम्मीद है कि इसके परिणाम 2025 तक मिल जाएंगे। इस अध्ययन में उपयोग किए गए डेंगू वायरस संस्करण का चयन भी काफी दिलचस्प है। यह वही स्ट्रेन है जिसने 1970 के दशक में इंडोनेशिया में हल्के शारीरिक लक्षण उत्पन्न किए थे। 2000 के दशक की शुरुआत में, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ ने इस संस्करण को कमजोर करके और इसमें विशिष्ट संशोधन करके इसे उम्मीदवार टीके के रूप में उपयोग किया था। लेकिन जब इसे गैर-मानव प्रायमेट्स को दिया गया, तो वायरस कमजोर साबित नहीं हुआ। इस कारणवश इस संस्करण को टीके के विकास में नहीं लिया गया। फिर भी, जॉन्स हॉपकिन्स युनिवर्सिटी की वैज्ञानिक एना डर्बिन और उनकी टीम ने इस संस्करण को एक चुनौती के रूप में देखा। इस संस्करण से पीड़ित लोगों में उन्होंने लगातार वायरस प्रतिलिपिकरण पाया जो प्राकृतिक वायरस के जितनी प्रतिलिपियां बनाता था। इसके संपर्क में आने वाले 90 से 100 प्रतिशत व्यक्तियों में एक विशिष्ट प्रकार की फुंसियां बनती हैं। इससे श्वेत रक्त कोशिका और प्लेटलेट की संख्या कम तो होती है लेकिन खतरनाक स्तर तक नहीं। यहां एक आश्चर्य की बात यह है कि शोधकर्ताओं ने संक्रमित मच्छरों का उपयोग करने की बजाय वायरस को सीधे इंजेक्शन से देने का विकल्प क्यों चुना। इस मामले में डर्बिन ने स्पष्ट किया कि चयनित संस्करण मच्छरों के शरीर में कुशलतापूर्व प्रतिलिपियां नहीं बनाता था। यह बाह्य रोगियों पर अध्ययनों के लिए एक आदर्श था। इसके चलते मच्छरों द्वारा वायरस फैलाए जाने की चिंता नहीं रही। दूसरी बात यह है मच्छर द्वारा प्रसारित हो तो वायरस की सटीक मात्रा निर्धारित करना मुश्किल है। इंजेक्शन ने यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रतिभागी संक्रमित हो गए हैं। आने वाले समय में जेएनजे-1802 के विविध उपयोगों को समझने का प्रयास किया जा रहा है। यह यात्रियों, सैन्य कर्मियों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों के लिए रोकथाम के एक उपाय के रूप में काम कर सकता है। इसके अलावा, शोधकर्ता सक्रिय डेंगू संक्रमण के इलाज के लिए इस दवा की चिकित्सकीय क्षमता की खोज कर रहे हैं। हालांकि अभी भी इस विषय में काफी काम बाकी है फिर भी इस अध्ययन के नतीजे एक ऐसे भविष्य की आशा प्रदान करते हैं जहां डेंगू का अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा सकेगा।

**...स्रोत फीचर्स**

# मदर ऑफ ऑल डील्स को कैसे प्रभावी बनाए सरकार



**विनीत नारायण**

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता, जिसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' के रूप में जाना जा रहा है, 27 जनवरी 2026 को संपन्न हुआ है। यह समझौता लगभग दो दशकों की लंबी वार्ताओं का परिणाम है और इसमें 2 अरब से अधिक की आबादी तथा 27 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त अर्थव्यवस्था शामिल है, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा है, जबकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे वैश्विक व्यापार का एक-तिहाई हिस्सा कवर करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। यह समझौता भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का अवसर प्रदान करता है, विशेषकर ऐसे समय में जब अमेरिकी टैरिफ के कारण निर्यात प्रभावित हो रहा है। हालांकि, इसे प्रभावी बनाने के लिए सरकार को रणनीतिक कदम उठाने होंगे, जिसमें अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार की चेतावनियों को ध्यान में रखना आवश्यक है।

इस समझौतेके तहत यूरोपीय संघ भारत में निर्यात होने वाले 96.6 प्रतिशत सामानों पर टैरिफ को समाप्त या कम करेगा, जिससे यूरोपीय कंपनियों को सालाना लगभग 4 बिलियन यूरो (लगभग 4.7 बिलियन डॉलर) की बचत होगी। भारत ने यूरोपीय संघ को 102 सेवा उप-क्षेत्रों में पहुंच प्रदान की है, जबकि यूरोपीय संघ ने भारत को 144 उप-क्षेत्रों में अवसर दिए हैं, जिसमें वित्तीय, समुद्री और दूरसंचार सेवाएं शामिल हैं।



ऑटोमोटिव क्षेत्र में यूरोपीय कारों पर वर्तमान 110 प्रतिशत टैरिफ को धीरे-धीरे 10 प्रतिशत तक कम किया जाएगा। भारत के लिए यह समझौता टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, आईटी सेवाओं और इंजीनियरिंग निर्यात को बढ़ावा देगा। अनुमान है कि यह समझौता 2032 तक यूरोपीय संघ के भारत में निर्यात को दोगुना कर देगा। साथ ही, यह अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने में मदद करेगा, जहां भारत के श्रम-गहन निर्यात प्रभावित हो रहे हैं।

माना जा रहा है कि यह समझौता 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया'योजनाओं के साथ तालमेल बैठाता है। यह न केवल निर्यात को बढ़ाएगा बल्कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, निवेश और रोजगार सृजन को भी प्रोत्साहित करेगा। उदाहरण के लिए, यूरोपीय संघ के साथ समझौता भारतीय एमएसएमई को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में शामिल होने का अवसर देगा। हालांकि, इसके लाभों को अधिकतम करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। यहां जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अरुण कुमार की चेतावनियां प्रासंगिक हैं। प्रोफेसर कुमार, जो काले धन और आर्थिक नीतियों के विशेषज्ञ हैं, ने भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को 'अमेरिका जैसा एक और जाल' बताया है।उन्होंने असमान शर्तों, घरेलू उद्योगों विशेषकर कृषि और डेयरी पर जोखिम, व्यापार घाटे में वृद्धि, नीति स्थान की हानि और दीर्घकालिक आर्थिक निर्भरता की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि पिछले एफटीए में भागीदारों को अधिक लाभ हुआ है, और निवेश नियमों, नियामक संरेखण तथा बाजार बाढ़ से आत्मनिर्भरता कमजोर हो सकती है। उन्होंने अमेरिकी व्यापार समझौतों से सबक लेने की सलाह दी है, जहां कृषि बाजार खोलने की मांग भारत के लिए कठिन है। इन चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए, सरकार को रचनात्मक कदम उठाने चाहिए। सबसे पहले, संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। समझौते में डेयरी और कुछ कृषि उत्पादों को बाहर रखा गया है, लेकिन कुमार की चेतावनी के अनुसार, बाजार बाढ़ से बचने के लिए सख्त निगरानी तंत्र विकसित करें। सरकार कृषि क्षेत्र में सब्सिडी और समर्थन को मजबूत करे, जैसे कि फसल बीमा और बाजार लिंकेज को बढ़ावा देकर। साथ ही, एग्रीस्टैक जैसी डिजिटल पहलों को तेज करें ताकि किसान वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्पादन कर सकें।

दूसरा, एमएसएमई और छोटे उद्योगों की तैयारी पर फोकस करें। प्रोफेसर कुमार की निर्भरता की चेतावनी को संबोधित करने के लिए, उत्पादन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम को विस्तार दें, विशेषकर टेक्सटाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स में। एमएसएमई को क्रेडिट पहुंच, कौशल विकास और निर्यात प्रशिक्षण प्रदान करें। यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त निवेश कोष स्थापित करें जो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर केंद्रित हो, ताकि 'मेक इन इंडिया' मजबूत हो सके। तीसरा, पर्यावरण और सस्टेनेबिलिटी मानकों का अनुपालन। यूरोपीय संघ का कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम), जो 1 जनवरी 2026 से पूर्ण रूप से लागू है, भारतीय स्टील और एल्यूमिनियम पर कार्बन टैक्स लगा सकता है, जिससे निर्यातकों को 22 प्रतिशत तक कीमत कम करनी पड़ सकती है। सरकार को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ाकर, जैसे कि 500 जीडब्ल्यू सौर लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़कर, इस चुनौती का सामना करना चाहिए। सीबीएएम-अनुपालन प्रमाणन प्रणाली विकसित करें और यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त हरित प्रौद्योगिकी परियोजनाएं शुरू करें। चौथा, व्यापार घाटे को संतुलित करने के लिए विविधीकरण। प्रोफेसर कुमार की व्यापार घाटे की चेतावनी को देखते हुए, सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए बाजारों की तलाश करे, जैसे कि अफ्रीका और लैटिन अमेरिका। साथ ही, समझौते के तहत निवेश नियमों को मजबूत करें ताकि नीति स्थान सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय निवेश बोर्ड को सक्रिय करें जो विदेशी निवेश की समीक्षा करे और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे। पांचवां, मानव संसाधन और प्रवासन पर फोकस। समझौता प्रवासन और मोबिलिटी फेमवर्क से जुड़ा है, जो 'टैलेंट एंड सिक्योरिटी' पर केंद्रित है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रमों को यूरोपीय मानकों के अनुरूप बनाना चाहिए, जैसे कि आईटी और इंजीनियरिंग में। इससे युवा रोजगार बढ़ेगा और ब्रेन ड्रेन को रोका जा सकेगा। इन सुझावों से, सरकार यदि चाहे तो प्रोफेसर कुमार की चेतावनियों को अवसर में बदल सकती है। समझौता वैश्विक अनिश्चितताओं, जैसे कि अमेरिकी टैरिफ और चीन से व्यापार विचलन के बीच, भारत को रणनीतिक लाभ देगा। अनुमान है कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को 41-65 प्रतिशत बढ़ाएगा और जीडीपी में 0.12-0.13 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। यह चीन से व्यापार विचलन (5-9 प्रतिशत) को बढ़ावा देगा, जो यूरोपीय संघ की डी-रिस्किंग और भारत की विविधीकरण रणनीति से मेल खाता है। 'मदर ऑफ ऑल डील्स' भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जाने का माध्यम बन सकता है। कबीरदास के दोहे, 'निंदक नियरे राखिए, ऑगन कुटी छवाय, बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय।।' को ध्यान में रखते हुए सरकार को प्रोफेसर कुमार की चेतावनियों को गंभीरता से लेना चाहिए और संतुलित और समावेशी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत ने बांग्लादेश की मदद घटाकर आधी की

## अब 60 करोड़ देंगे, मालदीव-म्यांमार का भी फंड कटा, भूटान को बढ़ाकर 2288 करोड़ किया

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में बांग्लादेश को दी जाने वाली मदद में बड़ी कटौती की है। इस साल बांग्लादेश के लिए सिर्फ 60 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जबकि पिछले साल 120 करोड़ रुपये दिए गए थे।



■ यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव चल रहा है
■ 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश ने पाक से संबंध मजबूत करने शुरू किए हैं

यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव चल रहा है। इसकी वजह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हिंसा और वहां की विदेश नीति में बदलाव है। 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश ने पाकिस्तान से संबंध मजबूत करने शुरू किए हैं। बांग्लादेश के अलावा मालदीव को 550 करोड़ रुपये मिलेंगे, लेकिन यह पिछले साल से कम है। म्यांमार के लिए 300 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जो पहले से कम हैं। इस बजट में भारत ने भूटान के लिए 2288.55 करोड़ रुपये रखे हैं, जो पिछले साल से करीब 138 करोड़ रुपये ज्यादा हैं। भारत ने बजट में अफ्रीकी देशों के लिए 225 करोड़ रुपये, लैटिन अमेरिकी देशों के लिए 120 करोड़ रुपये और यूरेशियन देशों के लिए 38 करोड़ रुपये रखे हैं। हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि इन रीजन के किस देश को कितना पैसा दिया जाएगा। भारत सरकार ने 2026-27 के लिए विदेश मंत्रालय का कुल बजट करीब 22118 करोड़ रुपये रखा है। इसमें दफ्तर चलाने का खर्च और दूसरे जरूरी कामों का पैसा दोनों शामिल हैं। यह रकम पिछले साल के मुकाबले थोड़ी ज्यादा है। विदेश मंत्रालय के तहत सचिवालय, विदेशों में बने दूतावास और मिशन, पासपोर्ट और इमीग्रेशन से जुड़े कामों पर भी पैसा खर्च होता है। इन सब पर सरकार करीब 9,500 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके अलावा भारत दूसरे देशों को आर्थिक मदद भी देता है। इसके लिए 2026-27 के बजट में 5685.56 करोड़ रुपये रखे गए हैं। यह रकम पिछले साल से लगभग 100 करोड़ रुपये कम है। पिछले साल यानी 2025-26 में इस मद के लिए 5785.40 करोड़ रुपये रखे गए थे।

## लॉर्ड मैंडेलसन ने एपस्टीन से संबंधों को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी से इस्तीफा दिया

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अमेरिका में पूर्व राजदूत लॉर्ड पीटर मैंडेलसन ने दिवंगत यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ अपने पिछले संबंधों के बारे में नए खुलासे के बाद सत्तारुढ़ लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार मैंडेलसन कहा कि उन्होंने लेबर सरकार को और शर्मिंदगी से बचाने के लिए पार्टी छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने एपस्टीन के साथ अपने संबंधों की जानकारी देने वाले ईमेल सामने आने के बाद पिछले साल अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के पद से इस्तीफा दे दिया था। मैंडेलसन ने पार्टी के महासचिव को लिखे एक पत्र में लिखा कि इस सप्ताहांत जेफरी एपस्टीन को लेकर हो रहे हंगामे से मेरा नाम और जोड़ा गया है और मुझे इस पर अफसोस है। पत्र के कुछ हिस्से मीडिया में भी छपे।



शिमला। कुल्लू जिले में बर्फ से ढकी सोलांग घाटी में स्कीइंग और पैराग्लाइडिंग सहित शीतकालीन और साहसिक खेलों का आनंद लेते पर्यटक।

## ट्रम्प ने दुनिया के सबसे बड़े ट्रायम्फल आर्च के निर्माण का समर्थन किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राजधानी वॉशिंगटन, डीसी में दुनिया के सबसे बड़े ट्रायम्फल आर्च (स्मारक द्वार) के निर्माण के प्रस्ताव का समर्थन किया है। ट्रम्प ने रविवार को एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि आर्च 'सबसे बड़ा' हो और उन्होंने अमेरिका को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बताया। उन्होंने कहा, '200 वर्षों के लिए वह एक आर्च बनाना चाहते थे,' और राजधानी के स्वरूप को बदलने के अपने दृष्टिकोण के बारे में बताया। उन्होंने प्रस्ताव को वैश्विक नजरिए से देखते हुए कहा कि दुनिया भर के लगभग 57 शहरों में पहले से ही ट्रायम्फल आर्च हैं।

# भारत-ईयू डील से पाक में एक करोड़ नौकरियां खतरे में

## पाकिस्तानी नेता बोलेः हमारा जीरो-टैरिफ हनीमून खत्म, अरबों डॉलर के नुकसान का खतरा

**इस्लामाबाद।** भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से पाकिस्तान में 1 करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। उसे अरबों डालर के नुकसान का भी डर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने इस समझौते को लेकर गुरुवार को कहा कि वह ईयू के अधिकारियों के संपर्क में है। वो ये समझने की कोशिश कर रहा है कि भारत-ईयू एफटीए का उसके निर्यात पर क्या असर पड़ेगा। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व वाणिज्य मंत्री गोहर एजाज ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईयू के साथ पाकिस्तान का 'जीरो-टैरिफ हनीमून' खत्म हो गया है और करीब एक करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें।



■ सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें

भारत और (ईयू) ने 27 जनवरी को एफटीए पर साइन किए थे। इस समझौते से दो ऐसी अर्थव्यवस्थाएं एक साथ आई हैं, जो दुनिया की लगभग एक-चौथाई आबादी, 25 प्रतिशत ग्लोबल जीडीपी और करीब 2 अरब लोगों का साझा मार्केट बनाती हैं। पाकिस्तान इस डील से परेशान इसलिए है क्योंकि लंबे समय से उसे यूरोपीय मार्केट में भारत पर बढ़त हासिल थी। इसकी वजह ईयू की जीएसपी प्लस योजना थी। इस योजना के तहत पाकिस्तान को अपने करीब 66 प्रतिशत उत्पादों को बिना टैक्स के यूरोप भेजने की सुविधा मिली हुई थी। इसमें कपड़ा और रेडीमेड कपड़े जैसे सामान शामिल थे। वहीं भारत को ऐसे ही सामान पर 9 से 12 प्रतिशत तक टैक्स देना पड़ता था। इसके बावजूद पाकिस्तान का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 6.2 अरब डालर रहा, जबकि भारत का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 5.6 अरब डालर का था।

अब भारत और ईयू के बीच हुआ यह फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, जिसे श्मदर ऑफ आल डील्सश कहा जा रहा है, भारत को यूरोप में बिना टैक्स के बड़ा बाजार देता है। इससे पाकिस्तान की वह बढ़त लगभग खत्म हो जाती है। इसके साथ ही पाकिस्तान की जीएसपी प्लस सुविधा, जो उसे 2014 में मिली थी, दिसम्बर 2027 में खत्म होने वाली है। अगर इसे आगे नहीं बढ़ाया गया, तो पाकिस्तान को यूरोप में मिलने वाली यह खास व्यापार सुविधा पूरी तरह खत्म हो सकती है। ईयू पाकिस्तान का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट है। ऐसे में पाकिस्तान के कारोबारी वर्ग को डर है कि इस समझौते के बाद वह यूरोपीय बाजार में अपनी पकड़ खो सकता है और दूसरे देशों से मुकाबला और कठिन हो जाएगा। ऑल पाकिस्तान टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन के प्रमुख कामरान अरशद ने कहा कि भारत अब यूरोपीय बाजार में काफी ज्यादा प्रतिस्पर्धी हो गया है। कई सेक्टर्स में पाकिस्तान की जीएसपी प्लस बढ़त खत्म हो चुकी है। एफपीसीसीआई के उपाध्यक्ष साकिब फैयाज मगून ने कहा कि जैसे ही भारत को ईयू में बिना टैक्स के पहुंच मिलेगी, पाकिस्तान की बढ़त खत्म हो जाएगी और उसके निर्यात को भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक बार बाजार हाथ से निकल गया, तो उसे वापस पाना बहुत मुश्किल होता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि जीएसपी प्लस योजना पाकिस्तान और ईयू दोनों के लिए फायदेमंद रही है। इसके जरिए यूरोप को सस्ते कपड़े और रेडीमेड सामान की लगातार आपूर्ति मिलती रही है। उन्होंने बताया कि जीएसपी प्लस का मुद्दा पिछले साल हुई रणनीतिक बातचीत में उठा था और इसके बाद ईयू और उसके सदस्य देशों के साथ कई बैठकों में इस पर चर्चा हुई है। पाकिस्तान इस मामले को ब्रसेल्स स्थित ईयू के मुख्यालय और अलग-अलग सदस्य देशों के साथ लगातार उठा रहा है। इस समझौते के लागू होने के बाद भारत के करीब 95 प्रतिशत लेबर बेस्ड प्रोडक्ट्स को ईयू में बिना टैक्स के पहुंच मिलेगी।

## बलूचिस्तान में महिला फिदायीन हमला पाक के 200 से ज्यादा जवान हताहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि उसका एक बड़ा सैन्य अभियान 'ऑपरेशन हीरोफ फेज-सेकेंड' 40 घंटे से ज्यादा समय तक चला। इस दौरान कई जिलों में हमले किए गए और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाया गया। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयंद बलोच के मुताबिक, इस ऑपरेशन में पाकिस्तानी सेना, पुलिस और फ्रंटियर कोर के 200 से ज्यादा जवान मारे गए हैं। जबकि 17 लोगों को पकड़ा गया हैं। उन्होंने आगे बताया कि बीएलए की तरफ से करान, मस्तुंग, तुंप और पसनी जैसे इलाकों में अभियान पूरा किया गया, इसके साथ ही क्वेटा और नोश्की के कुछ हिस्सों में पाकिस्तानी सेना को पीछे धकेला गया है। हालांकि, इन दावों की पुष्टि नहीं हो सकी है। बलूचिस्तान के



मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि बलोचों के हमलों में 17 सुरक्षाकर्मी और 31 आम नागरिक मारे गए हैं। वहीं पाकिस्तानी सेना के अनुसार, शुक्रवार को 41 और शनिवार को 92 उग्रवादी मारे गए हैं। इस अभियान की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि महिला फिदायीन (आत्मघाती हमलावर) भी शामिल थीं। आसिफा मेंगल ने नोश्की में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) मुख्यालय को निशाना बनाकर कार बम से हमला किया।

## ब्रिटेन प्रिंस ने एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीर भेजी

**लंदन।** ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू ने 2008 में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीरें भेजीं थी। यह खुलासा 2010 और 2011 के ईमेल्स से हुआ है, जिसे जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को जारी किया था। प्रिंस एंड्रयू की तरफ से एपस्टीन को 20 दिसम्बर 2012 को एक कार्ड भेजा गया। इसमें कुल 4 तस्वीरें थीं। दो तस्वीरों में प्रिंसेस बीट्रिस को फरवरी 2012 में मोंट ब्लांक पर चढ़ाई करते हुए दिखाया गया है, जबकि प्रिंसेस यूजिनी की साइकिल चलाते तस्वीर भेजी गई थी। इस महीने की शुरुआत में प्रिंसेस यूजिनी ने अपने पिता एंडर्यू से सभी संपर्क तोड़ने का ऐलान किया था। यह तस्वीरें उस समय भेजी गई, जब एंड्रयू दावा कर चुके थे कि उन्होंने एपस्टीन से सभी संबंध खत्म कर दिए हैं।

ब्रिटिश अखबार 'द सन' के मुताबिक उस समय यूजिनी 21 साल की और बीट्रिस 23 साल की थीं। नए दस्तावेजों के मुताबिक, 21 दिसम्बर 2011 को 'एचआरएच द डयूक ऑफ यार्क' ईमेल आईडी से एपस्टीन को एक क्रिसमस कार्ड भेजा गया था। इसमें दोनों बहनों की बर्फ में ली गई तस्वीर थी। कार्ड पर एंड्रयू के साइन थे। एपस्टीन से जुड़े एक और मामले में गंभीर आरोप सामने आए हैं। एक महिला के वकील ने

■ बेटी ने पिता से रिश्ता तोड़ा, सर्वाइवर बोलीः शाही महल में यौन संबंध के लिए मजबूर किया गया

बीबीसी न्यूज को बताया कि एपस्टीन ने उसे प्रिंस एंड्रयू के साथ यौन संबंध बनाने के लिए ब्रिटेन भेजा था। वकील के मुताबिक, यह कथित घटना साल 2010 की है। महिला और एंड्रयू की मुलाकात उनके निजी निवास रायल लाज में हुई थी। महिला ब्रिटिश नागरिक नहीं थी और उस समय उसकी उम्र करीब 20 साल बताई जा रही है। अमेरिका की कानूनी फर्म एडवर्ड हेंडरसन से जुड़े वकील ब्रैड एडवर्ड ने कहा कि एंड्रयू के साथ रात बिताने के बाद महिला को शाही पैलेस घुमाया गया और वहां चाय भी पिलाई गई। बीबीसी ने इस मामले पर एंड्रयू से प्रतिक्रिया मांगी है। आमतौर पर बकिंघम पैलेस आने वाले मेहमानों का रिकॉर्ड रखा जाता है, लेकिन महिला की पहचान सार्वजनिक न होने की वजह से ठठब उसके दौरे की पुष्टि नहीं कर सका। यह पहली बार है जब किसी एपस्टीन सर्वाइवर ने किसी शाही निवास में यौन संबंध होने का आरोप लगाया है। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने प्रिंस एंडूय से अमेरिकी संसद की कमिटी के सामने गवाही देने को कहा है।

## न्यूयॉर्क शहर में ठंड से 14 लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में पिछले हफ्ते खुले में रहने के कारण ठंड की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई है। महापौर जोहरान ममदानी ने रविवार को इस बात की पुष्टि की। स्थानीय मीडिया ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आठ लोगों की मौत बहुत अधिक ठंड लगने से हुई थी। 25 जनवरी को आए भीषण बर्फीले तूफान में रिकॉर्ड तोड़ बर्फबारी से सड़कें और फुटपाथ कीचड़ भरे मलबे में तब्दील हो गए। ममदानी ने कहा कि अब तक 670 लाख पाउंड बर्फ पिघल चुका है और इसे हटाने के लिए 1880 लाख पाउंड नमक का इस्तेमाल किया गया है। बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिए नए उपाय भी अपनाए गए हैं। बेघर लोगों के लिए नए एक कमरे वाले आश्रय गृह खोले जाएंगे।

## तालिबान ने गर्भनिरोधक गोलियों पर रोक लगाई

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने महिलाओं के लिए गर्भनिरोधक गोलियों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। तालिबानी डाक्टरों को धमकी देते हैं कि दवा दी तो क्लीनिक बंद करा देंगे।



■ चेतावनी देकर दवाएं नष्ट कर रहे, महिलाओं को प्रेग्नेंसी और मिसकैरेज में इलाज नहीं मिल पा रहा

देशभर में क्लीनिक भी बंद हो रहे हैं। महिलाओं को गर्भधारण या मिसकैरेज का इलाज नहीं मिल पा रहा। बदगीस प्रांत की एक निजी क्लीनिक में चेतावनी देते हुए सभी दवाएं नष्ट कर दी गईं। जवजजान प्रांत में 30 साल से क्लीनिक चला रही एक डाक्टर कहती हैं, तालिबान के सत्ता आने के बाद गर्भनिरोधक गोली तेजी से खत्म हो रही हैं। यहां 70 में से 30 महिलाओं को इसकी जरूरत होती थी, अब हम कह देते हैं कि हमारे पास कुछ भी नहीं है। कंधार प्रांत सहित कई जगहों पर सीधे पुरुष डाक्टरों से इलाज लेने पर सख्ती है। 2021 में तालिबान, अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ था। इसके बाद से वहां महिलाओं की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए कई कानून लागू किए गए हैं। 2021 में तालिबान, अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ था।

## पोलैंड में कड़ाके की ठंड से 50 से अधिक लोगों की मौत

**वॉरसॉ।** पोलैंड में कड़ाके की ठंड के कारण अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। आंतरिक मामलों और प्रशासन के उपमंत्री विस्लाव श्चेपान्स्की ने सोमवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। श्चेपान्स्की ने कहा कि कड़ाके की ठंड और शीतलहर अपने चरम पर है। ठंड से पीड़ितों के बारे में दुखद खबर है। अब तक 54 लोगों की मौत और 36 हाइपोथर्मिया (शरीर का अत्यधिक ठंडा हो जाना) के मामलों की जानकारी सामने आई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि परित्यक्त इमारतों (जिन इमारतों में कोई नही रहता है) में रहने वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं। उन्होंने कहा कि एक बार फिर हम परित्यक्त इमारतों में रहने वाले सभी लोगों से अपील करते हैं कि वे अधिक तापमान वाले स्थानों पर चले जाएं।

# नार्वे के डिप्लोमेट ने भारतीयों को सांप से बदतर कहा

## यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से कहा थाः इंडियन और सांप मिलें, तो पहले इंडियन को मारो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी करीब 30 लाख से ज्यादा फाइलें सार्वजनिक कर दी हैं। इन फाइलों के सामने आते ही कई बड़े और रसूखदार लोगों के छिपे हुए सच बाहर आ रहे हैं। इन्हीं दस्तावेजों में नार्वे के एक डिप्लोमेट टेर्जे राड-लार्सन का 25 दिसम्बर 2015 का एक ईमेल है। इसमें उन्होंने भारतीयों को सांप से भी बदतर बताया है।



दस्तावेजों से पता चला है कि एपस्टीन ने लार्सन को किसी भारतीय नेता का ईमेल फारवर्ड किया था। इसके जवाब में लार्सन ने कहा था कि जब आप एक भारतीय और एक सांप से मिलें, तो पहले भारतीय को मार डालो। हालांकि ये अभी तक क्लियर नहीं है कि लार्सन ने भारतीयों के खिलाफ ये मेल क्यों लिखा था। एपस्टीन फाइल से ये भी पता चला था कि लार्सन ने 2013 में बिल गेट्स और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की मुलाकात की जानकारी सीधे जेफरी एपस्टीन को भेजी थी। यह मुलाकात न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हुई थी। ईमेल में इस बैठक की पूरी रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया गया है कि बिल गेट्स ने पाकिस्तान में पोलियो खत्म करने के लिए की जा रही कोशिशों की तारीफ की थी और कहा था कि इस दिशा में पाकिस्तान ने अपने काम को दोगुना कर दिया है। वहीं, नवाज शरीफ ने साइंस और टेक्नीक को आगे बढ़ाने को लेकर अपनी सोच शेयर की थी। उन्होंने खास तौर पर युवाओं के लिए आईटी सेक्टर में नौकरियां पैदा करने, टेक्नोलाजी एक्सपोर्ट बढ़ाने, ई-गवर्नेंस और टेक पार्क बनाने की बात कही थी। लार्सन एक नार्वेजियन डिप्लोमेट रहे हैं। वे इंटरनेशनल पीस इंस्टीटयूट के अध्यक्ष थे और यूएन में भी काम कर चुके हैं। साल 2020 में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जब उनका नाम जेफी एपस्टीन से जुड़ा था। हाल ही में जब टेर्जे रोड-लार्सन से जब जेफी एप्स्टीन से जुड़े मामलों पर सवाल पूछे गए थे तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इस पूरे मामले में वे लगातार मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं।

# ट्रम्प को ईरान के साथ समझौते की उम्मीद

## ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई ने युद्ध के खिलाफ दी चेतावनी

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ 'समझौता होने की' उम्मीद जताई है, जबकि ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका कोई भी टकराव शुरू करता है तो वह क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है। ट्रम्प ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर अपने मार-आ-लागो आवास से कहा कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में भले ही अपने युद्ध पोत तैनात किए हैं लेकिन वह इस समस्या का कूटनीतिक हल चाहता है।



■ ट्रम्प ने कहाः हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किए हैं

ट्रम्प ने कहा कि हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किए हैं। उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में हम कोई समझौता कर लेंगे। अगर समझौता नहीं होता है तो हमें पता चल जाएगा कि वह सही थे या नहीं। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया जब खामेनेई ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी कई बयानों में अमेरिका को सैन्य कार्रवाई करने के खिलाफ चेतावनी दी थी। खामेनेई ने पोस्ट किया कि अमेरिका को पता होना चाहिए कि अगर वे युद्ध शुरू करते हैं तो इस बार एक क्षेत्रीय युद्ध होगा। अमेरिकी कभी-कभी युद्ध की बात करते हैं और कहते हैं कि वे युद्ध पोतों और लड़ाकू विमानों के साथ आएंगे। यह कोई नई बात नहीं है। ईरान ऐसी बातों से डरता नहीं। उन्हें ईरानियों को ऐसी चीजों से डराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। खामेनेई ने कहा कि ईरान संघर्ष नहीं चाहता लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो ईंट का जवाब पत्थर से देगा। उन्होंने अमेरिका पर संसाधनों के लालच में ईरान पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा कि हम लड़ाई शुरू करने वालों में नहीं हैं। हम किसी पर जुल्म नहीं करना चाहते। हम किसी देश पर हमला नहीं करना चाहते लेकिन अगर कोई हम पर हमला करता है या नुकसान पहुंचाता है तो उसे ईरान से करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने ईरान में अमेरिका के हस्तक्षेप के इतिहास की आलोचना करते हुए कहा कि ईरान के कई आकर्षण केन्द्र हैं, जिनमें उसका तेल, उसके खनिज और उसकी भौगोलिक स्थिति दूसरे देशों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है।

## रूस ने यूक्रेन से संचालित धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटर को किया बंद

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूसी पुलिस ने लेनिनग्राद क्षेत्र में यूक्रेन से संचालित हो रहे कॉल सेंटर को बंद करते हुए दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। रूस के पश्चिम में यह दूरसंचार केंद्र यूक्रेन के जालसाज संचालित कर रहे थे। रूसी गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि इस संबंध में सेंट पीटर्सबर्ग से दो संदिग्ध गिरफ्तार किए गए हैं। जांचकर्ताओं का मानना है कि दोनों संदिग्ध यूक्रेन में मौजूद कॉल सेंटरों से अगस्त 2025 से संपर्क में थे। वे अंतर्राष्ट्रीय कॉल लगाने के लिए सिम बॉक्स का इस्तेमाल कर रहे थे, जो कॉल करने वाले की पहचान और लोकेशन छिपा लेता है। पुलिस ने कहा कि यह कॉल सेंटर हर दिन 5000 से ज्यादा लोगों को धोखाधड़ी वाली कॉल करता था।

